CMYK

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 27° C
न्यूनतम : 18° C

मुरादाबाद, शुक्रवार 8 मई 2026 मुरादाबाद संस्करण: वर्ष 23 अंक 262 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 6 विक्रमी सम्वत् 2083 20 जिलकदा 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



ऑपरेशन सिंदूर: कांग्रेस ने सरकार की नीतियों की आलोचना की पेज 2



विनेश फोगाट एशियन गेम्स 2026 के सिलेक्सन ट्रायल के लिए अयोग्य : WFI खेल टाइम्स



वीडियो बनाने की बजाय जान बचाना जरूरी सम्पादकीय



ट्रम्प को झटका, होर्मुज में फंसे 1600 जहाज, शिपिंग कंपनियों को हो रहा नुकसान पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### विस चुनावों व उपचुनावों को लेकर लागू आदर्श आचार संहिता हटाई गई

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने विधानसभाओं के चुनावों और उपचुनावों के संबंध में लागू आदर्श आचार संहिता गुरुवार को हटाने की घोषणा की। आयोग ने असम, केरल, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल और केंद्र शासित पुड्डुचेरी विधानसभा के आम चुनाव और गुजरात, कर्नाटक, महाराष्ट्र, नागालैंड और त्रिपुरा में कुल सात विधानसभा क्षेत्रों के उपचुनावों के कार्यक्रम की घोषणा करते हुए 15 मार्च से आदर्श आचार संहिता लागू की थी। आयोग ने गुरुवार को जारी एक अधिसूचना में इन राज्यों के संबंध में लागू आचार संहिता को तत्काल प्रभाव से हटाने की घोषणा की।

### दिल्ली-पटना फ्लाइट टर्बुलेंस में फंसी, लोग चिल्लाए

**नई दिल्ली।** उत्तर, मध्य और दक्षिण भारत में बारिश का दौर जारी है। उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, पश्चिम बंगाल और आंध्र प्रदेश में बुधवार को बारिश हुई। वहीं बिहार, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में ओले भी गिरे। बिहार के पटना में बुधवार रात भारी बारिश हुई। इसी बीच इंडिगो की एक फ्लाइट टर्बुलेंस में फंस गई, जिससे यात्रियों में चीख पुकार मच गई। हालांकि बाद में इसे लखनऊ डायवर्ट कर दिया गया। सभी यात्री सुरक्षित हैं। उत्तर प्रदेश में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ गया है। उत्तराखंड के केदारनाथ धाम समेत ऊंची चोटियों पर लगातार चौथे दिन बर्फबारी हुई।

### रिश्वत लेते CGST अफसर व कंप्यूटर ऑपरेटर गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** सीबीआई ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश के मेरठ में केंद्रीय वस्तु एवं सेवा कर (सीजीएसटी) के एक अधीक्षक और उनके कार्यालय में कार्यरत एक कंप्यूटर ऑपरेटर को रिश्वत के मामले में गिरफ्तार किया। सीबीआई ने बुधवार को सीजीएसटी कार्यालय के कंप्यूटर ऑपरेटर यश शर्मा के खिलाफ मामला दर्ज किया था। आरोप है कि उसने शिकायतकर्ता को जारी किए गए कारण बताओ नोटिस को वापस लेने के बदले में मेरठ के सीजीएसटी अधीक्षक संजय मीणा की ओर से 6,000 रुपये की रिश्वत की मांग की थी।

### म्यांमार सीमा से आए उग्रवादियों ने मणिपुर में घर जलाए

**इंफाल।** मणिपुर के कमजोंग जिले में भारत-म्यांमार सीमा के पास गुरुवार सुबह हथियारबंद उग्रवादियों ने कई गांवों पर हमला किया। कई घरों में आग लगा दी गई। लोग जान बचाकर जंगलों में भाग गए। पुलिस के मुताबिक, हमला सुबह करीब चार बजे हुआ। उग्रवादियों ने कसोम खुल्लेन थाना क्षेत्र के तांगखुल नागा गांव नामली, वांगली और चोरो को निशाना बनाया। ये गांव अंतर्राष्ट्रीय सीमा से एक किलोमीटर से कम दूरी पर हैं। हमले के दौरान भागने की कोशिश में एक बुजुर्ग महिला घायल हो गई। गांव वालों के मुताबिक, नामली में दो, वांगली में तीन से चार और चोरो में कई घर जलकर राख हो गए।

# सऊदी अरब का अमेरिका को एयरस्पेस देने से इन्कार

दुबई, वार्ता

**अमेरिका ने** 4 मई को होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों की आवाजाही शुरू करने के लिए 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' शुरू किया था। हालांकि एक दिन बाद ही ट्रम्प ने इसे रोकने का आदेश दिया। तब ट्रम्प ने कहा था कि पाकिस्तान के कहने पर उन्होंने यह ऑपरेशन रोका है।

हालांकि अब यह दावा किया जा रहा है कि सऊदी अरब की वजह से अमेरिका को यह कदम उठाना पड़ा। सऊदी अरब ने इस मिशन में शामिल अमेरिकी विमानों को अपने एयरस्पेस और एयरबेस के इस्तेमाल की इजाजत देने से इन्कार कर दिया। अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से रिपोर्ट में कहा गया है कि ट्रम्प ने अचानक सोशल मीडिया पर इस ऑपरेशन का ऐलान कर दिया था। इससे खाड़ी के सहयोगी देश चौंक गए। सऊदी लीडरशिप इससे नाराज हो गया। ट्रम्प ने सऊदी क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान से बातचीत भी की, लेकिन सहमति नहीं बन सकी। अमेरिका 2 दिन में सिर्फ 3 जहाज पार करा पाया और आखिरकार ट्रम्प को यह ऑपरेशन रोकना पड़ा।



- क्राउन प्रिंस की नाराजगी के बाद ट्रम्प ने होर्मुज से जहाजों का रेस्क्यू रोका

### ब्रिक्स के लिए भारत आ सकते हैं ईरान के विदेश मंत्री

**तेहरान।** पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बीच ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची इस महीने भारत आ सकते हैं। वे 14-15 मई को नई दिल्ली में होने वाली ब्रिक्स बैठक में हिस्सा ले सकते हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, ईरान चाहता है कि भारत की अध्यक्षता में ब्रिक्स पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को कम करने में रचनात्मक भूमिका निभाए। अगर यह दौरा होता है, तो क्षेत्रीय संघर्ष शुरू होने के बाद यह अराघची की पहली भारत यात्रा होगी। मार्च में विदेश मंत्री एस. जयशंकर से बातचीत के दौरान भी अराघची ने ब्रिक्स की भूमिका का मुद्दा उठाया था। ईरानी सरकार के मुताबिक उन्होंने कहा था कि मौजूदा हालात में ब्रिक्स जैसे मंच क्षेत्रीय और वैश्विक स्थिरता बनाए रखने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। भारत मई में ब्रिक्स समूह की अध्यक्षता कर रहा है और नई दिल्ली में शिखर सम्मेलन आयोजित करने की तैयारी में है। ऐसे में ईरान का भारत के साथ बढ़ता संपर्क भू-राजनीतिक रूप से काफी अहम माना जा रहा है।

### नीति आयोग ने शिक्षा की गुणवत्ता सुधार को व्यापक रूपरेखा पेश की

**नई दिल्ली।** नीति आयोग ने देश की स्कूली शिक्षा व्यवस्था पर एक महत्वपूर्ण रिपोर्ट जारी करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता सुधार के लिए व्यापक नीतिगत रूपरेखा पेश की है। 'भारत में स्कूली शिक्षा प्रणाली: गुणवत्ता संवर्धन के लिए सामयिक विश्लेषण और नीतिगत रूपरेखा' शीर्षक से जारी इस रिपोर्ट को नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी निधि छिब्बर ने आज जारी किया।

# पश्चिम बंगाल गवर्नर ने की विधानसभा भंग

## नोटिफिकेशन जारी, ममता कैबिनेट के किसी भी मंत्री के पास अब कोई पावर नहीं

कोलकाता/चेन्नई, वार्ता

**पश्चिम बंगाल** की राजनीति से जुड़ा एक बड़ा संवैधानिक निर्णय सामने आया है। राज्यपाल आरएन रवि ने राज्य विधानसभा को भंग करने का आदेश जारी कर दिया है।

लोक भवन, पश्चिम बंगाल की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, यह आदेश भारत के संविधान के अनुच्छेद 174(2)(इ) के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुसार जारी किया गया है। जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा को 7 मई 2026 से प्रभावी रूप से भंग कर दिया गया है। यह कदम संवैधानिक प्रावधानों के तहत लिया गया है। लोक भवन की अधिसूचना में कहा गया है कि यह निर्णय संविधान के अनुच्छेद 174(2)(इ) के तहत राज्यपाल को प्राप्त अधिकारों के आधार पर लिया गया है। इसी बीच कोलकाता में शुक्रवार को भाजपा विधायक दल की बैठक होने जा रही है। इस बैठक को बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि इसमें मौजूदा राजनीतिक स्थिति और आगे की रणनीति पर चर्चा की जाएगी। इस बैठक में केंद्रीय पर्यवेक्षक अमित शाह भी मौजूद रहेंगे। वहीं तमिलनाडु में नई सरकार के गठन पर फैसला फिलहाल अटका हुआ है। टीवीके प्रमुख विजय ने कांग्रेस के समर्थन के साथ सरकार बनाने का दावा पेश किया है, लेकिन राज्यपाल राजेंद्र ने साफ कर दिया है कि शपथ से पहले 118 विधायकों का समर्थन साबित करना होगा। दरअसल, 23 अप्रैल को हुए विधानसभा चुनाव में टीवीके ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 108 सीटें जीतकर सबसे बड़ी पार्टी का दर्जा हासिल किया था। हालांकि विजय खुद दो सीटों से चुनाव जीते हैं और नियमों के मुताबिक उन्हें एक सीट छोड़नी होगी। ऐसे में पार्टी की प्रभावी संख्या 107 रह जाएगी।

### आज होगी भाजपा विधायक दल की बैठक



- तमिलनाडु के राज्यपाल ने विजय को दूसरी बार राजभवन से वापस भेजा, 118 विधायक लाओ, तभी होगी शपथ

### कांग्रेस के समर्थन से भी बहुमत पूरा नहीं

सरकार बनाने की कोशिश में टीवीके को उस समय बड़ी राहत मिली जब कांग्रेस ने डीएमके गठबंधन से अलग होकर विजय को समर्थन देने का फैसला किया। कांग्रेस के पांच विधायक टीवीके के साथ आए, लेकिन इसके बाद भी आंकड़ा केवल 112 तक पहुंच पाया। यानी बहुमत के जादुई आंकड़े 118 से अभी भी छह विधायक कम हैं। यही वजह है कि राज्यपाल ने फिलहाल शपथ ग्रहण को लेकर कोई हरी झंडी नहीं दी है।

### बावरिया गैंग के दो इनामी बदमाश ढेर

**मथुरा (ब्यूरो)।** जिले में गुरुवार सुबह पुलिस और कुख्यात बावरिया गिरोह के बदमाशों के बीच हुई भीषण मुठभेड़ में 50-50 हजार रुपये के इनामी दो डकैत मारे गए, जबकि पुलिस के दो जवान भी गोली लगने से घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मारे गए बदमाशों की पहचान धर्मवीर उर्फ लंबू (35) निवासी भरतपुर, राजस्थान तथा राजेंद्र उर्फ पप्पू (55) निवासी अलवर, राजस्थान के रूप में हुई है। दोनों अंतरराज्यीय बावरिया गिरोह के सक्रिय सदस्य थे और लंबे समय से डकैती, लूट तथा हत्या के प्रयास जैसी वारदातों में वांछित चल रहे थे। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्लोक कुमार ने बताया कि यह मुठभेड़ यमुना एक्सप्रेस-वे के समीप तेंटीगांव अंडरपास के पास उस समय हुई, जब पुलिस टीम संदिग्ध बाइक सवारों की घेराबंदी कर रही थी। पुलिस को देखते ही बदमाशों ने यू-टर्न लेकर भागने का प्रयास किया, लेकिन बाइक फिसल गई। इसके बाद दोनों बदमाशों ने पुलिस टीम पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

# यूपी देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बना: मुख्यमंत्री योगी

तसलीम कुरैशी

**देवबन्द।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश अब बीमारू राज्य नहीं बल्कि देश की अर्थव्यवस्था का ग्रोथ इंजन बन चुका है।

सरकार बिना भेदभाव के हर वर्ग तक विकास पहुंचाने का काम कर रही है। योगी आदित्यनाथ हाईवे स्थित सिल्वर पैराडाइज के निकट जनपद सहारनपुर को 2131 करोड़ रुपये की सौगात देते हुए 325 परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करने के साथ ही विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों को चेक व नियुक्ति पत्र वितरित करने के उपरांत विशाल जनसभा को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनपद सहारनपुर अब विकास रोजगार और औद्योगिक प्रगति का नया केंद्र बनने जा रहा है। यहां इंडस्ट्रीयल लॉजिस्टिक हब विकसित किया जाएगा, ताकि युवाओं को रोजगार मिले और दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस वे, एयरपोर्ट, बेहतर क्नेक्टिविटी एवं प्रस्तावित एलिवेटेड हाईवे से जनपद तस्वीर बदल जाए।



- कहा : उप्र सरकार बिना भेदभाव के कर रही काम

मुख्यमंत्री ने विपक्ष पर जमकर हमला बोला। मुख्यमंत्री ने देवबन्द से जारी होने वाले फतवों का जिक्र करते हुए मदरसों पर भी निशाना साधते हुए कहा कि फतवे की कुसंस्कृति से मुक्त होकर सहारनपुर अब विकास की ओर अग्रसर है और भारत की समृद्धि में सहयोग कर रहा है। उन्होंने कहा कि 2017 में उत्तर प्रदेश में भाजपा की डबल इंजन की सरकार बनने के बाद प्रदेश की तस्वीर बदलती चली गई। सहारनपुर की काष्ट कला को विश्वस्तरीय पहचान मिली। हाल ही में दिल्ली से बागपत, शामली, सहारनपुर होते हुए देहरादून तक जाने वाले एक्सप्रेस-वे का प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उद्घाटन किया।

# मैंने ममता को हराया, इसलिए हुई पीए की हत्या: सुवेंदु अधिकारी

**कोलकाता।** भाजपा नेता सुवेंदु अधिकारी ने गुरुवार को कहा कि उनके पर्सनल असिस्टेंट चंद्रनाथ रथ की हत्या इसलिए हुई, क्योंकि उन्होंने ममता को हराया है। सुवेंदु ने कहा कि इस हत्या को जिस तरह से अंजाम दिया गया, उसकी जितनी भी निंदा करें वह कम है। हत्या की वजह भवानीपुर से ममता की हार हो सकती है।

उधर चंद्रनाथ की मां ने कहा कि इस हार का बदला मेरे बेटे की हत्या कर लिया गया। कुछ नेताओं ने पहले धमकी दी थी कि 4 तारीख के बाद कोई बचा नहीं पाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया है कि रथ को चार गोलियां लगीं थीं। पुलिस जांच में पता चला है कि हमलावरों ने रथ की गाड़ी का सात किमी तक पीछा किया था।

### हावड़ा में BJP- TMC कार्यकर्ताओं में झड़प

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के बाद हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। राज्य के कई इलाकों में भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बीच झड़प की खबरें आ रही हैं। गुरुवार को हावड़ा के शिवपुर स्थित चौराबस्ती इलाके में कथित तौर पर भाजपा और तृणमूल कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़प हो गई। घटना में एक व्यक्ति घायल हुआ है। नतीजे आने के बाद से ही राज्य के अलग-अलग हिस्सों में खूनी खेल शुरू हो गया है। चुनाव के परिणाम घोषित होने के बाद शांति बहाल होने के बजाय हिंसा और राजनीतिक टकराव की खबरें थमने का नाम नहीं ले रही हैं।

### चुनावों के दौरान जब्त की 1440 करोड़ की नकदी: चुनाव आयोग

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने गुरुवार को बताया कि हाल के विधानसभा चुनावों और उपचुनावों को धारा 144 और प्रलोभन से मुक्त रखने की उसकी सतर्कता और कार्रवाई में कुल 1444 करोड़ रुपये से अधिक की नकदी, शराब, नशीले द्रव्य, कीमती सामान और उपहार की वस्तुएं जब्त की गई। आयोग के अनुसार इस बार जब्त धन और अन्य संदिग्ध सामान इन राज्यों में 2021 चुनावों के दौरान की गई जब्ती की तुलना में 40.14 प्रतिशत अधिक है। पिछले चुनावों में 1029.93 करोड़ रुपये की जब्ती की गई थी।

# ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के विरुद्ध दृढ़ प्रतिक्रिया: मोदी

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने कहा है कि ऑपरेशन सिंदूर आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया और राष्ट्रीय सुरक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दिखाता है।

पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर गुरुवार को सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि पूरा राष्ट्र हमारे बलों के शौर्य को सलाम करता है। एक वर्ष पहले हमारे सशस्त्र बलों ने ऑपरेशन सिंदूर के दौरान अद्वितीय साहस, सटीकता और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन किया था। उन्होंने उन लोगों को करारा जवाब दिया, जिन्होंने पहलगाम में निर्दोष भारतीयों पर हमला करने का दुस्साहस किया था। पूरा राष्ट्र हमारे बलों के शौर्य को सलाम करता है। ऑपरेशन सिंदूर ने आतंकवाद के खिलाफ भारत की दृढ़ प्रतिक्रिया और राष्ट्रीय सुरक्षा की रक्षा के प्रति अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाया।



### मोदी ने एक्स पर डिस्प्ले तस्वीर बदली

**नई दिल्ली।** पीएम मोदी ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली बरसी पर अपने सोशल मीडिया एक्स की डिस्प्ले तस्वीर बदलकर 'ऑपरेशन सिंदूर' कर ली है और सैनिकों के पराक्रम और देशभक्ति की सराहना की है। पीएम मोदी ने भारतीय सशस्त्र बलों के शौर्य और बहादुरी को नमन करते हुए एक्स पर लिखा कि ऑपरेशन सिंदूर में भारत को मिली असाधारण विजय हमारे वीर सैनिकों के अद्भुत पराक्रम और देशभक्ति की प्रेरक मिसाल है। उनके अदम्य साहस, दृढ़ संकल्प और कर्तव्यनिष्ठा पर हर देशवासी को गर्व है।

# दिल्ली में महिलाओं-बुजुर्गों के खिलाफ सबसे ज्यादा अपराध

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) ने साल 2024 में देश में हुए क्राइम की रिपोर्ट जारी की है। इसके मुताबिक राजधानी दिल्ली में महिलाओं और बुजुर्गों की सुरक्षा को लेकर फिर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं।

रिपोर्ट बताती है कि 2024 में मेट्रो शहरों में दिल्ली महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों के मामले में शीर्ष पर रही है। 2024 में महिलाओं के खिलाफ 13,396 मामले दर्ज किए गए, जो 2023 में 13,366 थे। तमिलनाडु में महिलाओं के खिलाफ अपराध घटे हैं। 2024 में महिलाओं के खिलाफ 4,41,534 मामले दर्ज हुए, जो 2023 से 1.5 फीसदी कम थे। सबसे अधिक 27.2 फीसदी मामले पति के क्रूरता और अपहरण से संबंधित थे। दिल्ली में बुजुर्गों के खिलाफ 1,267 अपराध दर्ज किए गए। दिल्ली में बुजुर्गों के खिलाफ अपराधों की दर प्रति लाख आबादी पर 110 मामले रही, जो केंद्र शासित प्रदेशों में सबसे ज्यादा दरों में से एक रही। मध्य प्रदेश सबसे ऊपर रहा, जहां 2024 में 5,875 मामले दर्ज किए गए, यह संख्या 2023 के 5,738 मामलों से ज्यादा है। दूसरी तरफ, देश में बुजुर्गों के खिलाफ अपराधों में चिंताजनक वृद्धि हुई है। 2024 में कुल 32,602 मामले दर्ज किए गए, जो 2023 के मुकाबले 16.9 फीसदी ज्यादा हैं। महिलाओं के खिलाफ अपराधों में भी 1.5 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। महिलाओं के खिलाफ अपराध का रेट 2023 में 66.2 से घटकर 2024 में 64.6 हो गया।



- साल 2024 में महिलाओं के खिलाफ 13,396 केस दर्ज
- तमिलनाडु में 2023 की तुलना में 1.5 फीसदी कम क्राइम

# हर धार्मिक प्रथा को चुनौती गलत: सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को कहा कि अगर लोग धार्मिक प्रथाओं और धर्म के मामलों को अदालत में चुनौती देने लगेंगे, तो इससे धर्म और समाज पर असर पड़ सकता है।

कोर्ट ने कहा कि इससे सैकड़ों याचिकाएं आएंगी और हर रिवाज पर सवाल उठने लगेंगे। यह टिप्पणी नौ जजों की संविधान पीठ ने की, जो अलग-अलग धर्मों में धार्मिक आजादी के दायरे और महिलाओं के साथ भेदभाव से जुड़े मामलों की सुनवाई कर रही है। इसमें केरल के सबरीमाला मंदिर से जुड़ा मामला और दाऊदी बोहरा समुदाय का केस भी शामिल है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दाऊदी बोहरा समुदाय से जुड़ी 40 साल पुरानी जनहित याचिका की वैधता पर सवाल उठाए थे।



CMYK

## एक नजर

### सड़क हादसे में युवक की मौत



**नहटौर।** आज सुबह लगभग चार बजे नूरपुर मार्ग पर नन्हेड़ा ईंट भट्टे के पास बाइक सवार को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। मृतक की पहचान मोहित (19 वर्ष) पुत्र सत्यवीर सिंह के रूप में हुई है, जो मंडावली थाना क्षेत्र के ग्राम सिगरोदा नवादा का निवासी था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि मोहित की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद आरोपी वाहन चालक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। मोहित अविवाहित था और मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता था। वह अपने दो भाइयों और एक बहन में सबसे छोटा था। जैसे ही हादसे की खबर उसके घर पहुंची, परिवार में को. हराम मच गया। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस ने अज्ञात वाहन की तलाश के लिए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

### शातिर चोर गिरफ्तार



**स्योहारा।** पुलिस ने दुकान में हुई चोरी की घटना का खुलासा करते हुए चोर को गिरफ्तार कर लिया। चोर के उसके कब्जे से माल और नकदी बरामद की है। ग्राम डेहरा बुलंदी निवासी निशांत चौधरी ने अपनी दुकान से घड़ियां, पर्स, बेल्ट, परफ्यूम, कॉस्मेटिक सामान व गल्ले में रखी नकदी चोरी होने की सूचना पुलिस को दी थी। वहीं पास की एक अन्य दुकान से गैस सिलेंडर चोरी की घटना भी सामने आई थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की और संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश तेज कर दी। जांच व सुरागरसी के दौरान पुलिस टीम ने घटना का खुलासा करते हुए हर्षित कुमार उर्फ बादल पुत्र मोहन सिंह निवासी ग्राम खानपुर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किया गया एक पर्स, एक बेल्ट तथा 2400 रुपए नकद बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार घटना में शामिल अन्य व्यक्तियों के संबंध में आवश्यक कार्रवाई जारी है।

### बसपा की बूथ स्तरीय बैठक



**बिजनौर।** ग्राम नंगली में विकास कुमार के यहां बसपा की बूथ स्तरीय बैठक जिला अध्यक्ष कविराज की अध्यक्षता एवं विधानसभा प्रभारी ब्रह्मपाल सिंह के संचालन में आयोजित हुई। नाजिम अहमद अल्वी मुख्य मंडल प्रभारी एवं दिलीप कुमार उर्फ पिंटू मंडल प्रभारी की उपस्थिति में बूथ संख्या 397 व 398 नंगली की बूथ कमेटियों का पुनर्गठन किया गया। नाजिम अहमद अल्वी ने पार्टी की नीतियों के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष देश के सबसे बड़े प्रदेश उत्तर प्रदेश की चार बार रही। उनके शासनकाल में जनता सुखी थी। अमन चैन व कानून का राज था। किसानों को फसल का उचित दाम समय पर मिलता था। शासन व्यवस्था दुरुस्त थी। ब्रह्मपाल सिंह विधानसभा प्रभारी ने कहा कि महापुरुषों के मिशन को पूरा करने के लिए बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनाना जरूरी है। उन्होंने जनता को सतर्क करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार हमें परेशान भी करेगी, किंतु किसी को हताश होने की जरूरत नहीं है। जिला महासचिव संजीव कुमार सैनी व जिला कोषाध्यक्ष अमित चौधरी, विधानसभा अध्यक्ष प्रमोद कुमार, सलीम अंसारी, ओमप्रकाश सिंह, जितेंद्र कुमार प्रधान, विकास कुमार, धीर सिंह पाल, विनीत चौधरी, रामपाल सिंह, नरदेव सिंह, दीपक प्रधान, मौहम्मद अय्यूब, कमर्तुल्ला, महबूब अहमद, मौहम्मद यामीन, नरेश कुमार, नरेंद्र चौधरी, हुकम सिंह, नफीस अहमद, ज्योति सैनी, सुधा रानी, रेखा, सुजाता, प्रीति, दयावती, इरफान अंसारी, मानवेन्द्र, दीपक कुमार, चत्रे सिंह, इरफान अहमद, सुरेंद्र सिंह आदि उपस्थित रहे।

### 'प्रेरणा' 21 मई को करेगी सम्मानित

**नांगल सोती।** सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था प्रेरणा 21 मई राजा भरत सिंह इंटर कालेज, नांगल में ग्यारहवां प्रतिभा अलंकृत समारोह आयोजित कर मेधावियों को सम्मानित करेगी। संस्था के संरक्षक सुरेंद्र सिन्हा, अध्यक्ष सुरेश चंद राजपूत तथा मंत्री मुकेश शर्मा ने बताया कि संस्था द्वारा गत दस वर्षों से क्षेत्रीय माध्यमिक विद्यालयों के हिंदी माध्यम के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में विद्यालय स्तर पर सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करती आ रही है।

# कार के नंबर पर कट रहे बाइक के चालान

## फर्जी नंबर प्लेट से दौड़ रही बाइक, नोटिस से खुला मामला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** कार की नम्बर से बाइक का चालान पंजाब में काटे जाने का गंभीर मामला सामने आया है। लोक अदालत का नोटिस पीड़ित को मिलने के बाद इस फर्जीवाड़े का खुलासा हुआ है।

प्राप्त समाचार के अनुसार स्थानीय मौहल्ला महाजनान निवासी कार स्वामी रिहान अहमद पुत्र मौहम्मद हाशिम उस समय हैरान रह गया, जब उसे लोक अदालत से ट्रैफिक चालान के नोटिस प्राप्त हुए। जांच करने पर पता चला कि उसकी कार के नंबर का इस्तेमाल पंजाब में एक मोटर साइकिल पर किया जा रहा है और उसी वाहन के चालान लगातार काटे जा रहे हैं। पीड़ित के अनुसार उसकी कार का पंजीकरण नंबर







यूपी 20 एएन 5804 है। जबकि पंजाब पुलिस द्वारा इसी नंबर की मोटर साइकिल का चालान किया गया। बताया गया कि मोटर साइकिल चालक तीन सवारी बैठा कर बिना हैलमेट वाहन चला रहा था, जिसके चलते दो अलग-अलग ई-चालान जारी किए गए।

पहला चालान एक हजार रुपए का नंबर पीबी 4281103250407011860 सात अप्रैल 2025 को सुबह काटा गया। जिसकी राशि 1000 रुपये है। वहीं दूसरा चालान नंबर पीबी 4281103250327122150 सताईस मार्च 2025 को सुबह काटा गई। जिसकी राशि भी 1000 रुपये बताई गई है। दोनों चालान तीन सवारी बैठाकर वाहन चलाने के आरोप में किए गए हैं। वाहन स्वामी का कहना है कि उसकी कार कभी पंजाब नहीं गई, इसके बावजूद उसके नाम पर चालान पहुंचने से वह परेशान है। मामले की पड़ताल में सामने आया कि किसी मोटर साइकिल पर फर्जी नंबर प्लेट लगाकर उसे चलाया जा रहा है। पीड़ित ने प्रशासन और परिवहन विभाग से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। साथ ही उन्होंने कहा कि फर्जी नंबर प्लेट लगाने वालों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाने चाहिए, ताकि निर्दोष वाहन स्वामियों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

# जनगणना कार्य सफल बनाने को बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा।** नगर पालिका सभागार में जनगणना कार्य को सफल बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें जनगणना से जुड़ी स्व-गणना व्यवस्था ऑनलाइन सुविधा तथा घर-घर जाकर किए जाने वाले सर्वे की विस्तृत जानकारी दी गई




बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं वार्ड सदस्यों को बताया गया कि नागरिक अब जनगणना की स्व-गणना प्रक्रिया ऑनलाइन माध्यम से स्वयं भी पूरी कर सकते हैं। इसके साथ ही जनगणना अधिकारी एवं गणनाकर्मी नगर क्षेत्र में घर-घर जाकर भी जानकारी एकत्र करेंगे, ताकि कोई भी परिवार जनगणना से वंचित न रहे।

वहीं पालिका अध्यक्ष शेख फैसल वारसी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि जनगणना देश और नगर के विकास की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है। उन्होंने सभी वार्ड सदस्यों से अपील की कि वे अपने-अपने वार्डों में लोगों को जनगणना के प्रति जागरूक करें ऑनलाइन स्व-गणना की सुविधा के बारे में जानकारी दें तथा नागरिकों को इसमें बढ़-चढ़कर सहयोग करने के लिए प्रेरित करें

वहीं ईओ बिजेंद्र सिंह पाल ने कहा कि नगर पालिका जनगणना कार्य को लेकर पूरी तरह तैयार है उन्होंने बताया कि ऑनलाइन सुविधा उपलब्ध कराई गई है साथ ही जनगणना अधिकारी घर-घर जाकर भी जानकारी एकत्र करेंगे। उन्होंने वार्ड मेम्बर्स से कहा कि वे स्थानीय स्तर पर लोगों को जागरूक करते हुए जनगणना टीम का सहयोग करें। जिससे सही एवं पूर्ण आंकड़े प्राप्त हो सकें।

बैठक में एमपी इंटर कॉलेज के एनसीसी के लेफ्टिनेंट कर्नल यूनुस चौधरी, सभासद पति वसीम उर्फ बबली कुरैशी, सभासद मौहम्मद अकरम अल्वी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। अधिकारियों ने बताया कि स्व-गणना पहचान संख्या नागरिकों के मोबाइल फोन एवं ई-मेल पर भी भेजी जा रही है, जिसे सुरक्षित रखना आवश्यक है।

# वीरा कॉलेज में एकेटीयू सम सेमेस्टर परीक्षा प्रारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** कुंवर सत्यवीरा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड मैनेजमेंट में अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय की सम सेमेस्टर की परीक्षाएं शांतिपूर्वक प्रारंभ हुई।

कॉलेज के परीक्षा नियंत्रक मनोज कुशवाहा ने बताया कि वीरा कॉलेज को जनपद का सबसे बड़ा परीक्षा केंद्र बनाया गया है। जिसमे बीआईटी मुजफ्फरनगर, आरवीआईटी बिजनौर, एनआईआईटी नजीबाबाद, विवेक कॉलेज बिजनौर, दिशा इंस्टीट्यूट धामपुर, वीकेआईटी बिजनौर और, कृष्णा इंस्टीट्यूट बिजनौर, कृष्णा कॉलेज ऑफ फार्मेसी बिजनौर आदि 15 कॉलेज के लगभग 3000 विद्यार्थी परीक्षा दे रहे है। परीक्षा दो पालियों में सम्पन्न कराई जा रही हैं। जिसमें बी.टेक, बी.फार्मा, एमबीए, एमसीए, बीबीए, बीसीए आदि कोर्सेस के विद्यार्थी परीक्षा दे रहे हैं। ये परीक्षाएं 6 जून 2026 तक चलेंगी। विश्वविद्यालय की ओर से परीक्षा को सुचारु रूप से संचालित कराने के लिए डा.धनश्याम सिंह (फिरोज गांधी इंजीनियरिंग कॉलेज रायबरेली) को ओबजेर्वर नियुक्त किया गया है। संस्था निद. ेशक प्रो.अमित कुमार बंसल ने परीक्षा में शामिल हुए सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और बताया कि हमारी प्राथमिकता है कि परीक्षार्थियों को किसी प्रकार की समस्या न हो। परीक्षा प्रारंभ कराने में डीन स्टूडेंट वेलफेयर डा. लोकेश अग्रवाल, डा.शुएब अली खान, अंकित राजन अग्रवाल, डा. शुभम राजपूत, डा.अजय उपाध्याय, विभोर राजवंशी, सुभाष चंद आदि का विशेष सहयोग होगा।

# महापंचायत सफल बनाने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** ग्राम बेरीखत्ता में आज भाकियू (अराजनैतिक) की मासिक बैठक किसान नेता सरदार रणजीत सिंह के आवास पर आयोजित की गई। बैठक में किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए संगठन को मजबूत बनाने और आगामी महापंचायत को सफल बनाने का आह्वान किया गया।



बैठक को संबोधित करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष महल सिंह ने कहा कि किसानों को अपनी लड़ाई खुद लड़नी होगी। इसके लिए किसानों को एकजुट होकर संघर्ष के लिए तैयार रहना पड़ेगा। उन्होंने चेता. वनी देते हुए कहा कि यदि किसी भी अधिकारी द्वारा किसानों का उत्पीड़न किया गया तो उसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

बैठक में किसानों ने क्षेत्र में बढ़ रहे आवारा गोवंश और जंगली जानवरों से फसलों को हो रहे नुकसान पर गहरी चिंता व्यक्त की। किसानों ने प्रशासन से मांग करते हुए कहा कि आवारा पशुओं को पकड़कर गौशालाओं में भेजा जाए तथा नीलगाय और अन्य जंगली जानवरों से फसलों एवं जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए।

इसके अलावा बिजली की अघोषित कटौती, जर्जर विद्युत लाइनों की मरम्मत, सिंचाई के लिए पर्याप्त बिजली आपूर्ति तथा यूरिया खाद की कमी दूर कराने की मांग भी प्रमुखता से उठाई गई। किसानों ने क्षेत्र में गुलदारों की बढ़ती गतिविधियों पर चिंता जताते हुए वन विभाग से सुरक्षा के ठोस इंतजाम करने की मांग की। बैठक में 15 मई को बागड़पुर में आयोजित होने वाली महापंचायत को सफल बनाने के लिए अधिक से अधिक किसानों से भागीदारी करने की अपील की गई।

अध्यक्षता सरदार दिलबाग सिंह ने की। संचालन वीरेंद्र सिंह ने किया। बैठक में सरदार दर्शन सिंह फौजी, घनश्याम सिंह, रामप्रसाद सिंह, मेजर सिंह, गुरदेव सिंह, हरपाल सिंह, लवजीत सिंह, वीर सिंह, सतपाल सिंह, जसवंत सिंह, बूटा सिंह, दलजीत सिंह सैनी और तनवीर सिंह सैनी समेत बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## एक नजर

### ताईक्वांडो चैम्पियनशिप प्रतियोगिता




**नजीबाबाद।** नगर के कुसुम बिहार कालोनी स्थित बैंकट हॉल में 15वीं इन्टर स्कूल ताईक्वांडों चैम्पियनशिप प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें वालिया ग्लोबल के खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए अनेक मेडल तथा दूसरी ट्रॉफी हासिल कर नाम रोशन किया। विद्यालय के प्रबन्धक कमलकांत, इन्दू वालिया, रमाकांत वालिया, रुचिका वालिया तथा प्रधानाचार्या अनिता सिवाच ने सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल तथा प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रधानाचार्या अनीता सिवाच ने बताया कि यह सफलता आने वाले समय में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेगी। इस प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल जीतने वाले विद्यार्थियों में परिधि, अनन्त, रौनक, पलव आनंद, सिल्वर में जीया, अरहम आयत, अभिनव, कांस्य में अराध्या, मनस्वी, काव्यांश, दिव्यम आदि रहे। कोच रिंकू वर्मा के मार्गदर्शन एवं निरन्तर अभ्यास का यह परिणाम रहा। प्रधानाचार्या ने उन्हें बधाई दी।

### घाटे का सौदा बन रही खेती : दिगम्बर



**नांगल सोती।** भाकियू अराजनैतिक की बैठक में किसानों के मुद्दे उठाए गए। बैठक में किसानों ने खाद ने मिलने की समस्या को प्रमुखता से रखा। ग्राम अभिपुरा में भाकियू (अराजनैतिक) की बैठक में युवा प्रदेश अध्यक्ष चौधरी दिगंबर सिंह ने कहा कि खेती आज घाटे का सौदा बनती जा रही है, किसानों की फसलों का उत्पादन लगातार घटता जा रहा है, जिसका कारण जमीनों में कार्बन की कमी लगातार घटती जा रही है। उन्होंने कहा कि लगातार पेस्टिसाइड खेतों में लगाने की वजह से जमीन बंजर होती जा रही है। बैठक में किसानों ने खाद में मिलने की समस्या को रखते हुए गांव को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग के निर्माण की मांग की। बैठक में ब्लॉक अध्यक्ष कुलबीर सिंह, ग्राम प्रधान सत्यपाल सिंह, पप्पू सिंह, जाकिर अली, सुनील कुमार, राजव. ीर काकरान, पंकज, आदि मौजूद रहे।

### पच्चीस हजार का ईनामी गिरफ्तार



**नांगल सोती।** थाना प्रभारी अमर सिंह राठौड़ के अनुसार बीती देर रात वह अपनी टीम दरोगा उपेंद्र सिंह, कांस्टेबल राजीव कुमार, ऋषि अत्री और रूपक के साथ गश्त पर थे। जनपद में संदिग्ध व्यक्ति, वाहन, एनबीडब्ल्यू, वारंटी, वांछित, अपराधी की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत एक शातिर अपराधी टीम ने सुंगरपुर बेहड़ा-चंदोक रास्ते पर मंदिर के पास देखा। जिसे पकड़ने के बाद इसकी पहचान 25 हजार के इनामी अभियुक्त अजीत पुत्र कुंदन निवासी ग्राम रमपुरा, थाना पसगंवा, जनपद लखीमपुर खीरी के रूप में हुई। बताया गया कि शातिर अपराधी के विरुद्ध बिजनौर सहित मुजफ्फरनगर और लखीमपुर खीरी आदि कई जनपदों में अपराध दर्ज हैं। जिसके पास से पुलिस को पीली धातु नाक की लॉन्ग, 26 सौ रुपए नकद, 315 बोर का तमंचा और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। अपराधी एक मुकदमे में काफी समय से फरार चल रहा था।

### चोरी का आरोपी गिरफ्तार

**चांदपुर।** राजेश कुमार शर्मा पुत्र मदनपाल शर्मा निवासी ग्राम कुलचाना, थाना चांदपुर ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि उसकी देशी शराब/बीयर की दुकान से बीयर व देशी शराब की पेटी तथा एक सीसीटीवी कैमरा मय डीवीआर चोरी हो गया है। पुलिस ने मुकदमा अपराध संख्या 472/2025 धारा 305ए, 331(4), 317(2) बीएनएस दर्ज किया था। विवेचना के दौरान राजू उर्फ निसार अहमद निवासी ग्राम अथाई थाना हल्दौर, नूर मौहम्मद पुत्र जमील अहमद ग्राम कुंडा मुकारी थाना नौगांवा सादात जनपद अमरोहा, आामिर पुत्र उमरदराज, अमजद उर्फ बिट्टू पुत्र मौहम्मद खान, सलमान उर्फ कल्लू पुत्र अनीस अहमद, निवासीगण मौहल्ला पतियापाड़ा, थाना चांदपुर के नाम प्रकाश में आए। पुलिस ने इस मामले में 14 सितम्बर 2025 को राजू, नूर मौहम्मद आमिर, सलमान उर्फ कल्लू उपरोक्त को वादी की दुकान से चोरी की गई 06 पेटी देशी शराब सहित गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया थ। आज इस मामले में अमजद उर्फ बिट्टू पुत्र मौहम्मद खान को गिरफ्तार कर उसका चालान कर दिया।

# शादी वाले घर में डोली के बाद उठीं अर्थियां, तीन शव बरामद

**हमीरपुर, वार्ता**

■ हमीरपुर के एक परिवार के थे, छह अभी भी लापता

उत्तर प्रदेश के हमीरपुर जिले में रात को हुए दिल दहला देने वाले नाव हादसे से हड़कंप मचा हुआ है। यहां नाव यमुना नदी के बीच में पलट गई, जिसके चलते उसमें सवार 9 लोग डूब गए। इस हादसे में किसी तरह एक पुरुष समेत 2 बच्चे तैरकर किनारे आ गए, लेकिन एक महिला सहित 5 बच्चे लापता हो गए।

घटना की जानकारी मिलते ही एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की मदद से 11 घंटों के रेस्क्यू अभियान के बाद एक महिला और दो बच्चों के शव नदी से बरामद कर लिए गए, वहीं 4 बच्चों की तलाश के लिए अभी भी अभियान जारी है। मामला जिले के कुरारा थाना क्षेत्र के कुतु. बपुर गांव का है, जहां रहने वाले शराजू की बेटी अंजली की मंगलवार को शादी थी। बुधवार को विदाई के बाद शाम करीब 6 बजे रिश्तेदारी में आए 9 लोगों को विष्णु अपनी पत्नी के साथ नाव पर सवार होकर यमुना पार अपने खेत में तरबूज और खरबूज खिलाने के लिए ले गए। वहां खाने के बाद सभी ने कई फल तोड़कर नाव में लाद लिए और वापस घर आने लगे। आधे रास्ते में यमुना नदी में अचानक नाव का संतुलन बिगड़ गया और वह पलट गई, जिसमें नाव चला रहे धीरू ने तैरकर खुद को बचाते हुए विष्णु और पारुल को बचा लिया, लेकिन बाकी 6 लोग पानी में लापता हो गए. इनमें से एक महिला और दो बच्चों के शव गुरुवार सुबह बरामद कर लिए गए हैं। श्रीपाल की बेटी की शादी थी, जिसके चलते आसपास के सारे रिश्तेदार शादी में आए हुए थे। घर में मंगल गीतों के साथ बेटी को विदा किया गया और रिश्तेदारों को तरबूज और खरबूजा खिलाने की बात हुई। राजू की बारी यमुना नदी के पास स्थित थी, जहां तरबूज और खरबूज भारी मात्रा में लगे थे। राजू के चाचा का लड़का विष्णु अपनी पत्नी ब्रजरानी सहित 8 बच्चों को नाव से लेकर यमुना पार खेत में चला गया। वहां से उन्होंने भारी मात्रा में खरबूजे और तरबूज नाव में रख लिए और सभी को लेकर वापस आने लगे। नाव में वजन ज्यादा होने से उसका संत. ुलन बिगड़ गया और सभी नदी में डूब गए।

# कांग्रेस ने जवानों की उपलब्धियों को किया नमन

**नई दिल्ली, वार्ता**



■ ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर सरकार की नीतियों की आलोचना

■ युद्धविराम की पहली घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्री ने दस मई को की थी

कांग्रेस ने ऑपरेशन सिंदूर की पहली वर्षगांठ पर सशस्त्र बलों की उपलब्धियों को नमन कर उस दौरान सरकार की नीतियों की आलोचना की है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने गुरुवार को यहां एक बयान में कहा कि आज ऑपरेशन सिंदूर के लॉन्च की पहली वर्षगांठ है और यह अवसर सशस्त्र बलों के साहस, पराक्रम और पेशेवर क्षमता को सम्मान देने का है, लेकिन इसके साथ ही कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों को भुलाया नहीं जा सकता और उनको याद रखना भी जरूरी है।

उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष 10 मई को युद्धविराम की पहली घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने की थी और इसका श्रेय राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के हस्तक्षेप को दिया गया था। उनका कहना था कि उसके बाद ट्रम्प ने विभिन्न मंचों पर सैन्य अभियान रुकवाने का दावा दोहराया, लेकिन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सार्वजनिक रूप से कभी इस दावे के खंडन नहीं किया। रमेश ने कहा कि उसके बाद 30 मई को सिंगापुर में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने स्वीकार किया था कि शुरुआती चरण में टैक्टिकल गलतियों के कारण भारत को नुकसान उठाना पड़ा, हालांकि बाद में रणनीतिक सुधार कर पाकिस्तान के भीतर सटीक कार्रवाई की गई। उन्होंने कहा कि 10 जून 2025 को जकार्ता में भारतीय दूतावास के डिफेंस अताशे ने भी यह माना था कि राजनीतिक नेतृत्व द्वारा तय सीमाओं के कारण भारत ने अपने कुछ विमान गंवाए थे। कांग्रेस नेता ने कहा कि चार जुलाई 2025 को उप सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल राहुल सिंह ने पाकिस्तान की कार्रवाई में चीन की भूमिका की ओर ध्यान दिलाया था। उनके अनुसार चीन ने पाकिस्तान को उपकरण, गोला-बारूद, सैटेलाइट इमेजरी और रियल टाइम टारगेटिंग सहायता उपलब्ध कराई। कांग्रेस ने आरोप लगाया कि इसके बावजूद मोदी सरकार चीन के प्रति नरम रुख अपनाए हुए है। उन्होंने कहा कि भारत के व्यापक कूटनीतिक अभियान के बावजूद पाकिस्तान अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उस तरह अलग-थलग नहीं पड़ा जैसा 2008 के मुंबई आतंकी हमले के बाद हुआ था।

### अडिग इरादों का ऐलान था ऑपरेशन सिंदूर: भाजपा

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने ऑपरेशन सिंदूर को भारत के अडिग इरादों का ऐलान बताते हुए इसमें शामिल भारतीय सेना के जवानों को नमन किया है। भाजपा ने सोशल मीडिया एक्स पर गुरुवार को लिखा, ष्वो सिर्फ एक ऑपरेशन नहीं था, भारत के अडिग इरादों का ऐलान था। 'ऑपरेशन सिंदूर' की पहली वर्षगांठ पर उन वीरों को नमन, जिन्होंने दुश्मन को जवाब नहीं, संदेश दिया और उस संदेश की गूंज दुनिया ने सुनी। जय हिद!

### यूपी में भाजपा के बंसल को मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की अगली चुनावी लड़ाई को लेकर भारतीय जनता पार्टी के भीतर हलचल तेज हो गई है। पार्टी के अंदर यह चर्चा जोर पकड़ रही है कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सुनील बंसल को प्रदेश में अधिक सक्रिय और प्रत्यक्ष भूमिका दी जा सकती है, ताकि 2027 विधानसभा चुनाव से पहले पार्टी के जातीय समीकरणों को फिर से मजबूत किया जा सके। यह अटकलें पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा की हालिया सफलता के बाद तेज हुई हैं, जहां बूथ स्तर की मजबूत रणनीति और संगठनात्मक समन्वय ने पार्टी को बड़ी जीत दिलाई और 15 वर्षों से सत्ता में रही तृणमूल कांग्रेस सरकार को सत्ता से बाहर कर दिया। उत्तर प्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियां पश्चिम बंगाल से कहीं अधिक जटिल हैं।

# हथियारों के साथ युवक का वीडियो



## वायरल होने के बाद पुलिस जांच में जुटी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** हथियारों को लहराते हुए वीडियो वायरल करने का चलन बढ़ता जा रहा है। पुलिस के द्वारा इस तरह के मामलों में सबक सिखाते हुए ठोस कार्यवाही न करने की वजह से सनातन की रक्षा करने वाले कथित युवकों का हौंसला बढ़ रहा है।

प्राप्त समाचार के अनुसार शहर कोतवाली के जहानाबाद क्षेत्र निवासी एक युवक का हथियारों के साथ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में युवक कथित तौर पर हथियार लहराते हुए दिखाई दे रहा है। वीडियो सामने आने के बाद इलाके में चर्चा का माहौल बना हुआ है। गुरूवार को सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे वीडियो में दिखाई दे रहा युवक जहांनाबाद निवासी बताया जा रहा है।

वीडियो सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर तेजी से प्रसारित हो रहा है। हालांकि यह वीडियो कब का है इसकी आधिकारिक पुष्टि अभी नहीं हो सकी है। वीडियो के शुरू में कुछ हथियार रखे हुए दिखाई दे रहे और एक युवक तमंचा लेकर पूरे रौब के साथ दिखाता दिख रहा है। गंज चौकी प्रभारी दरोगा रोहताश सिंह का कहना है कि वायरल वीडियो उनके संज्ञान में नहीं है। वीडियो देखकर उसकी सत्यता और उसमें दिखाई दे रहे युवक की पहचान कराई जाएगी।

# बिजनौर में सिपाहियों की पिटाई

## असलहा छिनने की सूचना पर दौड़ी पुलिस, चार महिलाओं को छोड़ा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** शहर कोतवाली क्षेत्र के लड़ापुरा में बुधवार देर रात उस समय हड़कंप मच गया, जब दो सिपाहियों के साथ नशे के कारोबारियों के द्वारा मारपीट और असलहा छिनने की सूचना पर पुलिस बल मौके की ओर दौड़ पड़ा। हालांकि पुलिस इस तरह की घटना से इंकार कर रही है।

सूचना मिलते ही शहर कोतवाली से अतिरिक्त पुलिस फोर्स मौके पर पहुंच गई। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने असलहा छिनने और सिपाहियों से मारपीट की बात से इंकार किया है, लेकिन इलाके में हंगामा होने की पुष्टि की जा रही है। बताया गया कि शहर कोतवाली की आबकारी चौकी पर तैनात दो सिपाही बुधवार देर रात लड़ापुरा इलाके में गश्त पर गए थे। इसी दौरान उनका सामना कथित रूप से अवैध नशे का कारोबार करने वाले कुछ लोगों से हो गया। आरोप है कि आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर दोनों सिपाहियों को घेर लिया। जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

घटना की सूचना मिलते ही शहर कोतवाली से पुलिस बल मौके पर पहुंचा। भारी पुलिस फोर्स को आता देख आरोपी मौके से फरार हो गए। इसके बाद पुलिस ने मौके से चार महिलाओं को हिरासत में लेकर रात में ही कोतवाली पहुंचाया।

सूत्रों के अनुसार पूछताछ के बाद महिलाओं से लिखित माफीनामा लिया गया, जिसके बाद उन्हें छोड़ दिया गया। घटना को लेकर इलाके में देर रात तक चर्चा का माहौल बना रहा। शहर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रामप्रताप सिंह ने सिपाहियों से मारपीट और असलहा छिनने की बात से साफ इनकार किया है। उनका कहना है कि मौके पर केवल कहासुनी और हंगामे जैसी स्थिति हुई थी, जिस पर पुलिस ने तत्काल पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित कर लिया।

# किन्नरों के खिलाफ झालू में माहौल गर्म

## उत्पीड़न के खिलाफ मैदान में उतरी कमेटी, पर्चे बांटे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झालू।** किन्नर समाज के द्वारा किए जा रहे उत्पीड़न, अश्लील हरकतों और जबरन अवैध वसूली के विरोध में अब खुलकर आवाज उठनी शुरू हो गई है। झालू एवं ग्रामीण समाज सुधार कमेटी ने पूरे क्षेत्र में जागरूकता अभियान छेड़ते हुए पर्चे बांटने शुरू कर दिए है। कमेटी का कहना है कि लोगों को डराने-धमकाने और जबरन पैसे वसूलने की घटनाओं को अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।





प्राप्त समाचार के अनुसार अपने निवास पर आयोजित पत्रकार वार्ता में ज्ञानेश्वर सिंह ने कहा कि कमेटी लगातार नागरिकों और व्यापारियों से मिलकर उन्हें जागरूक कर रही है। पर्चों के माध्यम से लोगों को बताया जा रहा है कि जबरन वसूली, अश्लील भाषा और अभद्र व्यवहार कानूनन अपराध की श्रेणी में आते हैं। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि ऐसी किसी भी घटना पर तुरंत पुलिस 112 पर कॉल करें और संबंधित थाने में शिकायत दर्ज कराएं। उन्होंने कहा कि यदि पीड़ितों की सुनवाई नहीं होती है, तो कमेटी कानूनी लड़ाई लड़ने के लिए पूरी तरह तैयार है। पर्चे पर कमेटी के मोबाइल नंबर भी जारी किए गए हैं, ताकि पीड़ित सीधे संपर्क कर सकें। ज्ञानेश्वर सिंह ने आरोप लगाया कि दो दिन पूर्व नूरपुर रोड स्थित एक ढाबे पर उन्हें बुलाकर विरोध बंद करने का दबाव बनाया गया। उन्होंने दावा किया कि वहां कुछ लोगों ने उन्हें रास्ते से हट जाने और किन्नर समाज के खिलाफ आवाज न उठाने की धमकी दी। हालांकि हंगामा होने से आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए, जिसके बाद संबंधित लोग वहां से चले गए। कमेटी ने अब मुख्य बाजारों में रिक्शा के जरिए प्रचार अभियान शुरू कर दिया है, जबकि गांव-गांव जाकर भी पर्चे बांटे जाएंगे।

पत्रकार वार्ता में मुकेश कुमार वर्मा, नरेश कुमार भास्कर, रिजवान कुरैशी समेत कई लोग मौजूद थे।

# मौसम चौधरी ने की आर्थिक मदद

## झुलसे बच्चों के परिजनों से मुलाकात

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्य मौसम चौधरी ने झालू मार्ग पर गर्म राख में झुलसे बच्चों व उनके परिजनों से जिला अस्पताल में मुलाकात कर आर्थिक सहायता करते हुए हर संभव मदद का आश्वासन दिया।



प्राप्त समाचार के अनुसार झालू मार्ग पर आश्रम के सामने गर्म राख की चपेट मे आने से गंभीर रूप से झुलसे बच्चों का हाल जानने के लिए वरिष्ठ भाजपा नेता ऐश्वर्या मौसम चौधरी आज जिला अस्पताल पहुंचे। उन्होंने पीड़ित बच्चों एवं उनके परिजनों से मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। इस दौरान चिकित्सकों से बच्चों की स्वास्थ्य स्थिति की विस्तृत जानकारी ली तथा उनके बेहतर उपचार के लिए हरसंभव सहायता का भरोसा दिलाया। अस्पताल में भर्ती 12 वर्षीय शाद व उसकी मां श्रीमती शमीना एवं 13 वर्षीय साहिल पुत्र वसीम निवासीगण मौहल्ला चाहशीरीं गर्म राख से गंभीर रूप से झुलस गए थे। दोनों बच्चों की गंभीर स्थिति को देखते हुए ऐश्वर्या मौसम चौधरी ने उनका बेहतर उपचार सफदरजंग हॉस्पिटल, नई दिल्ली में कराने का आश्वासन दिया। जिससे गंभीर रूप से झुलसे बच्चों को उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा सकें। पीड़ित परिवारों की आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखते हुए दोनों परिवारों को तत्काल पचास हजार रुपए की आर्थिक सहायता भी दी। साथ ही यह भी आश्वस्त किया गया कि उपचार एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में भविष्य में भी हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। ऐश्वर्या मौसम चौधरी ने कहा कि दुख और संकट की इस घड़ी में पीड़ित परिवारों के साथ खड़ा हूं । मानवता और सेवा की भावना ही समाज की सबसे बड़ी ताकत है तथा जरूरतमंदों की सहायता करना हम सभी की नैतिक जिम्मेदारी है।

इस मौके पर पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने कहा कि मेरे लिए 'नर सेवा ही नारायण सेवा' का सिद्धांत सर्वोपरि है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक सहायता पहुंच. ाना ही मेरी प्राथमिकता है। कोई भी जरूरतमंद स्वयं को अकेला न समझे, हर परिस्थिति में मे उनके साथ खड़ा हूं।

# मॉडर्न एरा का केम्प परीक्षा में दबदबा

## एकिशा बनीं द्वितीय स्टेट टॉपर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** मॉडर्न एरा पब्लिक स्कूल में नॉलेज अवेयरनेस मैपिंग प्लेटफॉर्म के अंतर्गत नास्टा-2024 परीक्षा का शानदार परिणाम रहा। नेशनल असेसमेंट फॉर साइंटिफिक टेम्परामेंट एंड एप्टीट्यूड द्वारा आयोजित इस वार्षिक परीक्षा में विद्यालय की कक्षा 4 की छात्रा एकिशा अग्रवाल ने पूरे प्रदेश में स्टेट टॉपर का खिताब हासिल कर विद्यालय व जनपद का मान बढ़ाया है।



विद्यालय परिसर में आयोजित हुई इस परीक्षा में विद्यार्थियों ने अपने वैज्ञानिक दृष्टिकोण और बौद्धिक क्षमता का परिचय देते हुए विभिन्न श्रेणियों में पदक प्राप्त किए। स्वर्ण पदक (प्रथम स्थान): अर्नब मोंडल (कक्षा 3), मौहम्मद अकबर (कक्षा 7) एवं प्रासन अगवान (कक्षा 10)। रजत पदक (द्वितीय स्थान): तासू सागर (कक्षा 3) एवं एकिशा अग्रवाल (कक्षा 4 - स्टेट टॉपर द्वितीय)। कांस्य पदक (तृतीय स्थान): सूर्य प्रताप सिंह (कक्षा 7), दानिया परवीन (कक्षा 10) एवं निकुंज देवास (कक्षा 3)। परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले इन सभी विद्यार्थियों को विद्यालय की प्रार्थना सभा में समस्त विद्यालय के सम्मुख सम्मानित किया गया। निदेशक/प्रधानाचार्या डा. सीमा बिस्वास ने सभी पदक विजेताओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र भेंट किए। इस मौके पर डा. सीमा बिस्वास ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि ऐसी राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाएं विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और तार्किक क्षमता को विकसित करने के लिए मील का पत्थर साबित होती हैं। उन्होंने विशेष रूप से स्टेट टॉपर एकिशा अग्रवाल और अन्य सभी विजेताओं को उनके कठिन परिश्रम के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## एक नजर

### नाले की सफाई न होने से फैली गंदगी



**राजा का ताजपुर।** मौहल्ला रहमान चौक खंदक पर नाले की सफाई न होने से गंदगी फैली हुई है। गंदे पानी की निकासी न होने से मौहल्लेवासियों के लिए यह सरदर्द बना हुआ है। नाले के अंदर बड़ी बड़ी घास खड़ी है। बड़ी-बड़ी घास उग जाने से नाले की पहचान होना मुश्किल सा हो गया है। नाले की सफाई के लिए विकास खंड अधिकारी से लेकर जिले के उच्च अधिकारियों को भी अवगत करा दिया गया है। मगर अधिकारी झुठा आश्वासन देकर टरका देते हैं अधिकारी जनता की समस्याओं को सुनकर अनदेखा कर देते हैं। नाले की सफाई न होने से आवारा पशु अपना पेट भरने के लिए घास खाने के चक्कर में गिर जाते हैं। इन आवारा बेजुबान पशुओं की जान पर बन आती है। आवारा पशुओं के पांच फीट गहरे नाले में गिर जाने से उसकी जान बचाना मुश्किल हो जाता है। मुस्लिम समाज के लोगों ने इंसानियत का परिचय देते हुए दो नौजवानों ने पांच फीट नाले में अपनी जान पर खेलकर दो तीन घंटे की मशक्कत के बाद आवारा पशु को बाहर निकाला। जब जाकर आवारा पशु की जान बच पाई। नाले की सफाई न होने से आस पास के घरों में गंदा पानी भी भर जाता है। जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। नाले की साफ-सफाई को लेकर ग्राम प्रधान फरहाना परवीन से भी शिकायत की गई है। ग्राम प्रधान फरहाना परवीन ने बताया कि बरसात से पहले नाले की सफाई का काम शुरू हो जायेगा। विकासखंड अधिकारी ने बताया है कि मेरे संज्ञान में नाले की सफाई का मामला सामने आया है। जल्दी ही नाले की सफाई कराई जाएगी। थोड़ी सी बरसात में सड़कों पर पानी भर जाता है। जिससे आने जाने वाले राहगीरों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ जाता है। नाले की साफ सफाई न होने से पानी की निकासी नहीं हो पाती है। जिस कारण नाले के आसपास के घरों में भी पानी भर जाता है।

### ग्राम प्रधानों ने किया प्रदर्शन



**नूरपुर।** ब्लॉक परिसर में अखिल भारतीय प्रधान संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष सचिन मलिक के नेतृत्व में सैकड़ों ग्राम प्रधान एकत्रित हुए। ग्राम प्रधानों ने 26 मई को समाप्त हो रहे अपने कार्यकाल को बढ़ाने की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट के लिए रवाना हुए। ब्लॉक अध्यक्ष सचिन मलिक ने बताया कि वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए पंचायत चुनाव अगले एक वर्ष तक होने की संभावना नहीं दिखाई दे रही है। ऐसे में यदि ग्राम प्रधानों का कार्यकाल समाप्त हो जाता है, तो ग्रामों के विकास कार्य प्रभावित हो सकते हैं। उन्होंने कहा कि सभी ग्राम प्रधानों की मांग है कि जब तक नए चुनाव नहीं हो जाते, तब तक वर्तमान ग्राम प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाया जाए। उन्होंने बताया कि पूरे जनपद के प्रधान कलेक्ट्रेट पहुंच कर मुख्यमंत्री के नाम जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपेंगे। प्रधानों का कहना है कि गांवों में चल रहे विकास कार्यों की निरंतरता बनाए रखने के लिए कार्यकाल बढ़ाना जरूरी है। इस दौरान नूरपुर ब्लॉक से सैकड़ों ग्राम प्रधान एकजुट होकर कलेक्ट्रेट के लिए रवाना हुए और अपनी मांगों को लेकर एकजुटता दिखाई।

### गुलदार दिखने से दहशत

**कालागढ़।** हाईडिल कॉलोनी, नई कॉलोनी, केंद्रीय कॉलोनी, ओल्ड कॉलोनी आदि जलविद्युत उत्पादन निगम का राजकीय कॉलोनी के पास गुलदार का लगातार मूवमेंट देखा जा रहा है। इससे स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल है। पहले गुलदार को जलविद्युत उत्पादन निगम के इरेक्टर हॉस्टल और डीजीएम कार्यालय परिसर में बेखौफ घूमते देखा गया था। अब यह कर्मचारी आवासों की कॉलोनी में भी अपनी उपस्थिति दर्ज करा रहा है। गुलदार ने कॉलोनी की सुरक्षा दीवार पर डेरा डाल लिया है। सुबह और शाम के समय इसे दीवार पर आराम करते हुए दिख रहा है। जिससे घर से बाहर निकलना भी खतरे से खाली नहीं है। उन्होंने महिलाओं और बच्चों को घरों में ही रहने की सलाह दी है। कॉलोनी के निवासियों ने सुरक्षा के लिए वन विभाग के अधिकारियों से तत्काल कार्रवाई की मांग की है। वहीं, वन क्षेत्राधिकारी एनके रूवाली के अनुसार यह क्षेत्र वन्यजीवों के विचरण का है। उन्होंने गश्ती दलों को सतर्क कर दिया है।

## एक नजर

### अपना दल एस को करेंगे मजबूत



**नजीबाबाद।** अपना दल एस की मासिक बैठक में संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने पर विशेष जोर दिया गया। पार्टी ने महिलाओं की भूमिका को अपनी सबसे बड़ी ताकत बताया। बैठक में निर्णय लिया गया कि प्रत्येक बूथ पर महिलाओं और युवाओं की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित कर संगठन को नई ऊर्जा प्रदान की जाएगी। जिलाध्यक्ष शैलेन्द्र चौधरी ने कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए कि प्रत्येक बूथ पर 11 युवा कार्यकर्ताओं की एक मजबूत टीम तैयार की जाए। टीम घर-घर तक पार्टी की विचारधारा पहुंचाने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि जहां भी अपना दल एस का कार्यकर्ता मौजूद है, वहां पार्टी का झंडा बुलंद दिखाई देना चाहिए। बैठक में तय किया गया कि संगठन के प्रति समर्पित और पार्टी को मजबूती देने वाले कार्यकर्ताओं को विशेष सम्मान दिया जाएगा। साथ ही केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल की व्यवहारिक और जनहितकारी विचारधारा को जन-जन तक पहुंच. ाने पर भी बल दिया गया। बैठक में सत्यम किशोर सिंह, वकील अहमद, निधि सिंह, कर्मजीत, अमित शर्मा, भावना सिंह, भारत, सुरेश पॉपली, राजीव राठी, अनुराधा, अंश चौधरी, विधानसभा महासचिव रोहन शर्मा सहित कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### खुर्शीद मंसूरी को जिताने का आह्वान



**नजीबाबाद।** विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर आजाद समाज पार्टी ने जनसंपर्क तेज कर दिया है। भावी प्रत्याशी खुर्शीद मंसूरी ने विधानसभा क्षेत्र के ग्राम जाफरपुर व करमसखेड़ी का दौरा कर लोगों से चर्चा की। दोनों गांवों में ग्रामीणों ने एकजुट होकर नगीना लोकसभा सांसद चंद्रशेखर आजाद के नेतृत्व में पार्टी को मजबूत करने और बदलाव की राजनीति के लिए समर्थन देने का ऐलान किया। ग्रामीणों ने नजीबाबाद विधानसभा से खुर्शीद मंसूरी को विधानसभा भेजने का संकल्प लिया। इस दौरान ग्रामीणों ने पिछले 15 वर्षों से खस्ताहाल पड़ी सड़कों को दिखाते हुए क्षेत्र की अन्य समस्याओं से भी अवगत कराया। ग्रामीणों ने कहा कि अब नजीबाबाद में बदलाव का समय आ चुका है। विकास न होने से क्षेत्र बदहाली झेल रहा है। इस मौके पर पूर्व प्रधान फरहत, आसिफ, पप्पू, तालिब, रईस, शमशाद सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

### नूरपुर में किशोरी लापता

**नूरपुर।** क्षेत्र के एक ग्राम निवासी व्यक्ति ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि उसकी बेटी चार मई को शाम करीब पांच बजे से घर से लापता है। उसको परिवार के लोगों ने हर जगह तलाश किया, लेकिन उसका कहीं से कोई भी अता पता नहीं चल पाया। पीड़ित परिवार ने गांव के ही निवासी पंकज कुमार व उसकी बहन सोनी पर गंभीर आरोप लगाए है। पीड़ित परिवार ने पुलिस से अपनी बेटी को जल्दी से बरामद करने की गुहार लगाई है। पुलिस से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। थाना प्रभारी प्रवेज कुमार ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### मदरसे में दीनी इजलास



**राजा का ताजपुर।** ईदगाह रोड स्थित मदरसा जामियातुल फैसल में इदारा अदब-ए-इस्लामी हिन्द उत्तर प्रदेश की ओर से जलसा आयोजित किया गया। प्रोफेसर अहमद सज्जाद मरहूम इस्लामी की याद में जलसा रखा गया। रचनात्मक साहित्य के बड़े प्रतिनिधि शरीअत काउंसिल के सचिव डॉ. मौहम्मद रजीउल इस्लाम नदवी ने अपने ख्यालात रखें। उन्होंने प्रोफेसर अहमद सज्जाद की जिंदगी के पर रोशनी डाली। उन्होंने कहा कि वह शुरू से ही मेहनती स्वभाव के थे और अपना अधिकतर समय शैक्षिक और शोध कार्यों में लगाते थे। उनकी एक विशेषता यह थी कि जमाअत-ए-इस्लामी हिन्द से संगठनात्मक रूप से जुड़े होने के बावजूद वे देश की दूसरी सामाजिक और शैक्षिक संस्थाओं के साथ भी सहयोग करते थे। उन्होंने इस्लामी साहित्य के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण पुस्तकें लिखीं। वे इदारा अदब-ए-इस्लामी हिन्द के अखिल भारतीय अध्यक्ष भी रहे। शिक्षा के क्षेत्र में उन्होंने कई शिक्षण संस्थान स्थापित किए और गरीब छात्रों के लिए छात्रवृत्ति की व्यवस्था की जामिआतुल फैसल के नाजिम और संस्था के अखिल भारतीय उपाध्यक्ष डॉ. सिराजुद्दीन नदवी ने कहा कि हमारे शैक्षिक संस्थानों का दौरा भी कर चुके थे और मासिक पत्रिका अच्छा साथी के संरक्षकों में शामिल थे। उन्होंने अपने कार्यकाल में अपने दायित्वों को पूरी ईमानदारी से निभाया। उनके हजारों छात्र आज देश की विभिन्न विश्वविद्यालयों में उर्दू की सेवा कर रहे हैं। वह अपने छात्रों से बहुत प्रेम करते थे। उनकी कमियों को समझदारी से दूर करते और उनकी प्रतिभा को निखारते थे। उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि उनकी अच्छाइयों को अपनाया जाए। मौहम्मद दाऊद नूर मुल्तानी ने कहा कि वह हर किसी से मुस्कुराकर मिलते थे और जब बातचीत करते प्रभावशाली उर्दू बोलते थे, तो ऐसा लगता था जैसे फूल झड़ रहे हों। कार्यक्रम की शुरुआत कारी बदरुद्दुजा ने कुरआन मजीद की तिलावत से की। संचालन मौहम्मद यासीन ने किया। जलसे में विभिन्न क्षेत्रों से आए साहित्यकारों और शायरों ने भाग लिया।

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र
'शाह टाइम्स'
की शत-प्रतिशत गारंटी
खबरें छुपाता नहीं, छापता है
मोबाइल नम्बर:- 9927777377
samiullah.bijnor@gmail.com

# कालागढ़ में वन्य जीवों की आमद से दहशत

## रिहायशी इलाकों पहुंच रहे बाघ, हाथी व हिरण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** कालागढ़ क्षेत्र में वन्य जीवों की आबादी के करीब लगातार बढ़ती आवाजाही से स्थानीय लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है। बाघ और हाथियों के रिहायशी इलाकों के पास दिखाई देने की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं।

स्थानीय नागरिक शमशुद्दीन अंसारी, आमिर और आरिफ ने बताया कि सूखा सोत क्षेत्र में आए दिन बाघ और हाथियों का दिखाई देना आम बात हो गई है। उनका कहना है कि कई बार लोग पुल पर मौजूद रहते हैं और इसी दौरान अचानक बाघ गुर्राते हुए पुल के नीचे से गुजर जाता है, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच जाती है। आरिफ ने बताया कि दो दिन





पहले दो हाथी उनके घर के गेट के सामने आकर खड़े हो गए थे। समय रहते नागरिकों ने शोर मचाकर उन्हें वहां से खदेड़ा, जिसके बाद हाथी पास के खेतों में पहुंच गए। वहां मौजूद किसान मूला और भीम ने भी काफी मशक्कत के बाद हाथियों को खेतों से बाहर निकाला। नागरिकों का आरोप है कि वन विभाग के अधिकारियों से लगातार शिकायत और आग्रह किए जाने के बावजूद वन्य जीवों की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। शमशुद्दीन अंसारी ने बताया कि क्षेत्र में तार फैंसिंग तो की गई है, लेकिन उसकी देखरेख नहीं होने के कारण वह पूरी तरह बेकार साबित हो रही है। आरिफ के अनुसार बीती रात करीब 11 बजे एक बाघ अचानक सुखा सोत क्षेत्र में आ धमका और काफी देर तक वहीं मौजूद रहा। उस दौरान आसपास हिरण और सांभर के झुंड लगातार आवाजें निकालकर एक-दूसरे को सतर्क करते रहे। नागरिकों का कहना है कि कालागढ़ क्षेत्र में वन्य जीवों का दिखना पहले भी आम था, लेकिन अब उनका आबादी के बेहद करीब पहुंचना लोगों की चिंता और खौफ का कारण बन गया है। नागरिकों का कहना है कि वन्य जीवों को आबादी की तरफ बढ़ने से रोकने के लिए समुचित कदम उठाए जाने

# विचाराधीन मुकदमे के दौरान पत्नी ने युवक की दूसरी शादी रुकवाई

## दोनों पक्षों के बीच हुआ समझौता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अफजलगढ़।** न्यायालय में विचाराधीन मुकदमे के दौरान युवक द्वारा दूसरी शादी किए जाने की सूचना पर पत्नी ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर शादी रुकवा दी। गहमा-गहमी के बाद गणमान्य लोगों की मौजूदगी में समझौता कराया गया।

प्राप्त समाचार के अनुसार थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम मसूरी निवासी महेंद्र सिंह ने करीब चार वर्ष पूर्व अपनी पुत्री मीनाक्षी (27 वर्ष) का विवाह अफजलगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम हीरापुर गोकुल उर्फ गढ़वावाला निवासी मुकेश पुत्र गोविंद के साथ किया था। मीनाक्षी का आरोप है कि विवाह के बाद से उसका पति मुकेश दहेज की मांग को लेकर उसे प्रताड़ित करता था। इसी विवाद को लेकर पति-पत्नी के बीच न्यायालय में मुकदमा विचाराधीन है।

मीनाक्षी ने बताया कि मुकदमे के दौरान ही उसका पति आज पवन देवी पत्नी स्व. राजेंद्र सिंह निवासी ग्राम भज्जावाला मिलक, थाना धामपुर के साथ अग्रवाल धर्मशाला धामपुर में विवाह करने जा रहा था। सूचना मिलते ही मीनाक्षी ने स्थानीय थाने पहुंचकर अपने पति के खिलाफ तहरीर देते हुए शादी रुकवाने तथा कार्रवाई की मांग की। सूचना पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए, जिससे मौके पर काफी देर तक गहमा-गहमी का माहौल बना रहा। बाद में गणमान्य लोगों के हस्तक्षेप से दोनों पक्षों के बीच समझौता कराया गया। समझौते में तय हुआ कि न्यायालय में चल रहे मुकदमे का निस्तारण कराया जाएगा तथा तलाक की प्रक्रिया पूरी होने तक दोनों में से कोई भी पक्ष दूसरी शादी नहीं करेगा।

## एक नजर

### दरगाह पर 28 वां उर्स मनाया



**स्योहारा।** हजरत सैयद शीरी मिया नूर आला नूर का 28वां सालाना उर्स मनाया गया। उर्स में देश के कोने-कोने से जायरीन आते हैं और अपनी मन्नते पूरी होने पर चादर चढ़ाते है। हर साल की तरह इस साल भी हजरत सैयद साहब शीरी मिया नूर आला नूर का 28वां सालाना उर्स मनाया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सैयद महबूब अली गद्दी नूरानिया की खानकाह नूरानिया पर कुल फातिहा होने की बाद मजार पर चादर चढ़ायी गई। मुल्क में खुशी और तरक्की के लिए दुआ की गई। पीएम मोदी और योगी के नेतृत्व में तीन राज्यों की जीत के खुशी में चादर चढ़ायी गई। बताते चले कि उर्स में पूरे देश के कोने-कोने से जायरीन आते हैं और अपनी मन्नते पूरी होने पर चादर चढ़ाते है। इस मौके पर सैयद मतलूब, वसी, डा.दानिश कमाल, सैयद दानिश अविहब इंडिया प्राइवेट लिमिटेड सीईओ, सुबहान, आसिफ, अरशद, मंसूब हुसैन, मशरूफ हुसैन, सैयद मारुफ, रऊफ अली, काशिफ, अयान, तारिक, असद आदि मौजूद रहे।

### विश्व एथलेटिक्स दिवस मनाया



**बिजनौर।** गोविंदा मॉर्निंग क्लब द्वारा 7 मई को प्रात: 6:30 बजे नेहरू स्टेडियम में विश्व एथलेटिक्स दिवस मनाया गया। इस अवसर पर क्लब के सभी सदस्यों ने दौड़ में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कर्मचारी नेता राकेश शर्मा ने कहा, केवल ओलंपिक ही एथलेटिक्स नहीं हैं प्रतिदिन एक किलोमीटर चलना अथवा दौड़ना भी एथलेटिक्स है। तीन मई को हमने हास्य योग द्वारा स्वस्थ रहने का संदेश दिया था, आज हम चलकर- दौड़कर स्वस्थ रहने का संदेश दे रहे हैं। इस मौके पर संजीव अग्रवाल एड., सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य दिनेश चौहान, सेवा. निवृत्त इंजीनियर चरण सिंह, प्रकाश वीर रस्तोगी, राकेश कुमार रस्तोगी, कमल वीर सिंह, शिव सिंह रावत, रतिराम सिंह, अरविंद शर्मा एवं राकेश शर्मा सहित क्लब के सदस्य उपस्थित रहे।

### बाइक सवार ने परिवार को रौंदा

**नगीना।** किरतपुर के शकरपुरी निवासी शाने आलम का परिवार (बहन फात्मा, बहनोई वसीम अख्तर और भांजा समर अख्तर) 26 अप्रैल को बाइक से रामनगर जा रहे थे। दोपहर करीब 12:00 बजे जब वे सिटी डिग्री कॉलेज के पास लिंक रोड पर पहुंचे, तभी सामने से आ रही बाइक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। एफआईओर के अनुसार आरोपी बाइक चालक दिनेश त्यागी उर्फ टिल्लू (निवासी रसूलपुर जामा) न केवल तेज गति से वाहन चला रहा था, बल्कि वह ड्राइविंग के दौरान मोबाइल फोन पर बात भी कर रहा था। इसी लापरवाही के चलते वह अपनी मोटरसाइकिल पर नियंत्रण खो बैठा और सामने से आ रहे परिवार को अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार तीनों लोग सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। स्थानीय राहगीरों ने तुरंत एम्बुलेंस बुलाई और उन्हें बिजनौर के उपकार अस्पताल य्ययमें भर्ती कराया। डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें तुरंत देहरादून रेफर कर दिया। घायल वसीम अख्तर के कंधे की हड्डी, हाथ का गट्टा और पसलियां टूट गई हैं।वहीं फात्मा के सिर, कंधे और पैरों में गंभीर चोटें आई हैं तथा समर (बच्चा) के भी काफी गहरी चोटें लगी हैं। घटना के लगभग 10 दिन बाद, 6 मई 2026 को थाना नगीना में औपचारिक एफआई दर्ज की गई। पुलिस ने आरोपी दिनेश त्यागी के खिलाफ बीएनएस की धारा 281 और 125(इ) के तहत मामला दर्ज कर लिया है। मामले की जांच उपनिरीक्षक अजीत कुमार को सौंपी गई है। पुलिस ने दुर्घटना में शामिल दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर चौकी चित्तौड़गढ़ में खड़ा कर दिया है।

## एक नजर

### नूरपुर में छात्रा बरामद

**राजा का ताजपुर।** छात्रा के अपहरण की सूचना पर पुलिस में हड़कंप मच गया। उच्च अधिकारियों के हाथ पैर फुल गए। पांच घंटे की मशक्कत के बाद पुलिस ने छात्रा को तलाश कर घर पहुंचाया। ग्राम पंडिया निवासी व्यक्ति की पुत्री ताजपुर के एक प्रसिद्ध कालेज में पढ़ने के लिए आई थी। कालेज की छुट्टी होने के बाद हर रोज की तरह सही वक्त पर घर नहीं पहुंच पाई। छात्रा के घर नहीं पहुंचने पर परिजनों को अपनी पुत्री की चिंता हुई, तो उन्होंने कॉलेज व आस पास के क्षेत्रों में तलाश किया। कहीं पर कुछ पता नहीं चल पाया। घटना की खबर पुलिस को दी। पुलिस छात्रा को तलाश किया। छात्रा ने परिवार व पुलिस को बताया है कि ताजपुर बस स्टैंड पर अज्ञात युवक नशा सुंघा कर अपहरण कर के ले गए थे। छात्रा के पांच घंटे बाद अचानक घर वापस आने पर परिजनों ने राहत की सांस ली। क्षेत्र में यह घटना चर्चा का विषय बनी हुई है। लोग तरह-तरह की चर्चा कर रहे हैं। आज कल छात्राओं के मामले कुछ ज्यादा ही बढ़ गए है। छात्राएं व युवतियां अपने प्रेमियों के साथ रोमांस करती है और खुलासा होने पर छेड़छाड़ व अपहरण का आरोप लगा देती है।

### घरेलू उपकरण फुकें

**कालागढ़।** कल देर शाम को अचानक कुछ लोगों की लाइट गुल हो गई। कहीं डबल फेस सप्लाई दौड़ गई, जिससे कॉलोनी निवासियों के घरों के फ्रीज, पंखे, बल्ब, कूलर आदि सामान फूंक गया। जिसकी शिकायत अधिशासी अभियंता गंगवार, धामपुर एसडीओ विधुत वितरण खण्ड अफजलगढ़ से की गई लेकिन देर शाम तक बिजली विभाग के लोगों को कोई फाल्ट हाथ नहीं लग पाया जिसकी असल वजह कोई लाइन मेन ट्रेड ना होने के कारण आये दिन बिजली उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

### दिनदहाड़े बाइक चोरी

**नगीना।** आजाद कॉलोनी (लाइन पार) निवासी रक्षित सैनी ने पुलिस को दी ऑनलाइन शिकायत में बताया कि बीती 21 अप्रैल 2024 को उनके पिता बाइक से किसी काम के लिए नगीना चौराहा आए थे। उन्होंने बाइक रायपुर बस स्टैंड के पास स्थित प्राइवेट बस स्टैंड क्षेत्र में खड़ी की थी। रात करीब 9:30 बजे जब वे वापस लौटे, तो बाइक वहां से नदारद थी। पीड़ित के अनुसार, बाइक के साथ-साथ उसमें रखे महत्वपूर्ण दस्तावेज और कीमती सामान भी चोरी हो गए हैं। चोरी गए सामान में एक मोबाइल फोन, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड और पैन कार्ड शामिल हैं। पीड़ित परिवार ने काफी समय तक आसपास के इलाकों में खोजबीन की और लोगों से पूछताछ की, लेकिन बाइक का कहीं पता नहीं चला। हैरानी की बात यह है कि घटना की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी, लेकिन काफी समय तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई। रक्षित सैनी ने बताया कि एसपी ऑफिस के निर्देशानुसार उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से दोबारा आवेदन किया। इसके बाद 6 मई 2024 की रात करीब 8:27 बजे नगीना पुलिस ने बीएनएस 2023 की धारा 303(2) के तहत मामला पंजीकृत किया। थाना नगीना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर बाइक और चोरी हुए सामान की बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिए हैं। मामले की जांच थाना प्रभारी नगीना को सौंपी गई है।

### किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

**नगीना।** ग्राम कल्याणपुर निवासी टिकेश कुमार पुत्र राजपाल सिंह ने पुलिस को बताया कि उनकी 16 वर्षीय पुत्री अंशिका पांच मई की सुबह करीब साढ़े पांच बजे घर से बिना बताए कहीं चली गई। जब काफी देर तक वह घर वापस नहीं लौटी, तो परिजनों को चिंता हुई। परिजनों ने अपनी स्तर पर अंशिका की तलाश में कोई कसर नहीं छोड़ी। पीड़ित पिता के अनुसार, उन्होंने अपने आसपास के क्षेत्र, सगे-संबंधियों और जान-पहचान वालों के यहाँ हर जगह पूछताछ की, लेकिन अंशिका का कहीं कोई सुराग नहीं लग सका। अंततः थक-हारकर परिजनों ने पुलिस की शरण ली। टिकेश कुमार की लिखित शिकायत के आधार पर नगीना पुलिस ने FIR संख्या 0113 दर्ज कर ली है। यह मामला बीएनएस 2023 की धारा 137(2) के तहत दर्ज किया गया है। मामले की गंभीरता को देखते हुए उप-निरीक्षक प्रवीण कुमार को जांच सौंपी गई है। घटनास्थल थाना क्षेत्र से करीब चार किलोमीटर पश्चिम दिशा में स्थित है। पुलिस ने किशोरी की तलाश के लिए विभिन्न टीमों को सक्रिय कर दिया है और आसपास के इलाकों के सीसीटीवी फुटेज भी खंगाले जा रहे हैं। पुलिस का कहना है कि जल्द ही किशोरी को सकुशल बरामद कर लिया जाएगा।

### आवारा कुत्तों के झुंड का हमला

**नगीना।** ग्राम बेनीपुर निवासी सत्येंद्र सिंह (47 वर्ष) पुत्र बेगराज सिंह आज सुबह करीब सात बजे मजदूरी के लिए घर से निकला था। जैसे ही वह मौजा रघुदासपुर के जंगल में पहुंचा, वहां पहले से घात लगाकर बैठे आधा दर्जन से अधिक आवारा कुत्तों ने उस पर अचानक हमला बोल दिया। लहूलुहान सत्येंद्र ने जान बचाने के लिए शोर मचाया, जिसकी आवाज सुनकर पास के खेतों में काम कर रहे तुलाराम, रणवीर सिंह, डब्बू कुमार, गेंदा सिंह, चेतराम, कलवा सिंह, रतिराम, पूरन सिंह और चुन्नू सिंह आदि किसान लाठी-डंडे लेकर दौड़ पड़े। किसानों की घेराबंदी के बाद कुत्ते वहां से भागे। ग्रामीणों का कहना है कि यदि मौके पर किसान न पहुँचते तो कुत्ते सत्येंद्र को जान से मार डालते। घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई। आनन-फानन में घायल सत्येंद्र को नगीना सीएचसी में भर्ती कराया गया। चिकित्सक के अनुसार सत्येंद्र के पूरे शरीर पर कुत्तों के काटने के लगभग 40 गहरे निशान हैं। अस्पताल में उसे एंटी-रेबीज इंजेक्शन लगाने के साथ ही सभी घावों पर मरहम-पट्टी की गई है। फिलहाल उसकी हालत स्थिर लेकिन गंभीर बनी हुई है।

# विवाद में युवक पर हथौड़े से हमला

## कामगारपुर में बचाने आई मां से भी मारपीट, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** थाना मंडावली के ग्राम कामगारपुर में बारात के दौरान गाना बजाने को लेकर शुरू हुए विवाद में तीन युवकों ने किशोर के घर में घुसकर उस पर हथौड़े से हमला कर दिया। बेटे को बचाने आई मां के साथ भी आरोपियों ने मारपीट की। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।





प्राप्त समाचार के अनुसार करीब एक सप्ताह पूर्व भागूवाला स्थित वालिया होटल में एक वैवाहिक समारोह के दौरान गांव के युवकों में गाना बजाने को लेकर कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि रंजिश में गांव के तीन युवक बाद में 17 वर्षीय लकी पुत्र चंद्रप्रकाश के घर पहुंच गए। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि आरोपियों ने घर में घुसकर लकी पर हथौड़े से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। आरोपियों ने घर में जमकर उत्पात मचाया और बीच-बचाव करने आई लकी की मां के साथ भी मारपीट की। युवकों के घर में घुसकर मारपीट करने का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें युवक हथौड़े को हवा में लहराता व गाली-गलौच करते नजर आ रहे है। पीड़ित परिवार का आरोप है कि घटना के बाद पुलिस को तहरीर दे दी गई थी, लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। कार्रवाई न होने से परिवार में रोष है। पीड़ित परिवार न्याय के लिए अधिकारियों के चक्कर काट रहा है।

मंडावली थाना प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में नहीं है। उन्होंने कहा कि शिकायत की जानकारी कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

# चांदपुर में जनगणना का कार्य शुरू

## ईओ प्रिंस कुमार ने दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चांदपुर।** जणगणना-2027 के अंतर्गत प्रथम चरण के तहत मकान सूचीकरण की स्व गणना किए जाने के सम्बंध में नागरिकों को जानकारी दी गई।



नगर पालिका के ईओ प्रिंस कुमार एवं चेयरपर्सन पति शेरबाज पठान ने संयुक्त रूप से कहा कि कोई भी व्यक्ति सात मई से 21 मई 2026 तक अपने मकान की स्व गणना ऑनलाईन अपने मोबाइल नम्बर से लॉगिंग कर सकते है। पालिका सभागार में आयोजित बैठक में जनगणना के कार्य करने के लिए विस्तार से जानकारी दी गई।

इस मौके पर पालिका कर्मी, सभासदों, पत्रकारों व आमजन ने हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि यह गणना भारत की पहली पूरी तरह से डिटिल जनगणना होगी। जिसकी शुरूआत माह अप्रैल 2026 से हो चुकी है। उन्होंने बताया कि जनगणना में हर नागरिक भी अपने मोबाईल फोन से ऐप डाउनलोड कर सेल्फ एनुमैरेशन के जरिये खुद की जानकारी ऑनलाईन भर सकता है।

इस अवसर पर लेखाकार सलमा नूर हमीदी, आसमा परवीन, मौहम्मद परवेज उर्फ चांद, फैसल हुसैन, नफीस जाकिर, सभासद शारिक हाशमी, मकसूद सैफी, मंदीप चौधरी, मौहम्मद गाजी हाशमी आदि मौजूद थे। इससे पहले जनगणना ट्रेनर द्वारा इस सम्बंध में जानकारी उपलब्ध कराई गई।

# काम में सुस्ती तो कार्रवाई की तैयारी

## चार सीएचओ को नोटिस जारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** सीएचसी में आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मातृ एवं शिशु मृत्यु दर को कम करने के उद्देश्य से उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं और उच्च जोखिम वाले नवजात शिशुओं की लाइन लिस्टिंग, ट्रैकिंग और फॉलो-अप को लेकर कड़े निर्देश दिए गए। कार्य में लापरवाही बरतने और संतोषजनक प्रगति न होने पर चिकित्सा अधीक्षक ने चार सीएचओ को कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

बैठक में जनपद मुख्यालय से आई शगुफ्ता परवीन और ब्लॉक बीओसी साक्षी ने विस्तार से बताया कि कैसे उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं की पहचान कर उनका समय पर उपचार सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि गर्भावस्था के दौरान रक्तस्राव, गंभीर एनीमिया (खून की कमी), चेहरे और हाथ-पैरों में सूजन, दौरा पड़ना, गर्भ में बच्चे की हलचल कम होना, मां का वजन 35 किलो से कम होना या कद छोटा होना जैसे लक्षण सर्वाधिक जोखिम की श्रेणी में आते हैं। इसके अलावा पूर्व में सिजेरियन प्रसव, टीबी, हृदय रोग या अत्यधिक नशा करने वाली महिलाओं पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है।

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डा. विशाल दिवाकर ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि सुरक्षित प्रसव के लिए प्रत्येक गर्भवती महिला की कम से कम चार एएनसी जांच अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि पहली जांच 12 सप्ताह के भीतर, दूसरी 14 से 26 सप्ताह, तीसरी 28 से 34 सप्ताह और चौथी जांच 36 सप्ताह के बाद होनी चाहिए। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि सभी सीएचओ अपने निर्धारित केंद्रों पर उपस्थित रहकर मरीजों की सही जांच और उपचार सुनिश्चित करें।

समीक्षा के दौरान जिन केंद्रों पर रिपोर्टिंग और फॉलो-अप का कार्य मानक के अनुरूप नहीं पाया गया, उन पर गाज गिरी है। डा. दिवाकर ने कार्य में शिथिलता बरतने वाले चार सीएचओ को नोटिस जारी किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कार्यप्रणाली में तत्काल सुधार नहीं हुआ, तो उनके विरुद्ध कठोर विभागीय कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी। इस बैठक में मुख्य रूप से एआरओ अमन बंसल, बीसीपीएम खुर्शीद आलम, बीओसी साक्षी सहित क्षेत्र के समस्त सीएचओ मौजूद रहे।

# विवाहिता को घर से निकाला, मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नगीना।** थाना क्षेत्र में एक विवाहिता के साथ ससुराल पक्ष द्वारा मारपीट और मानसिक उत्पीड़न का गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति समेत ससुराल के 6 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी गई शिकायत में मौ कायस्थ सराय निवासी रिजवाना पुत्री शफीक अहमद ने बताया कि उसका निकाह किरतपुर निवासी शमशेर खान के साथ हुआ था। शादी के कुछ समय बाद ही उसके पति शमशेर खान, सास नईमा, जेठ अफजल व नईम, नन्दोई नजर और नन्द निगहत उसे दहेज के लिए प्रताड़ित करने लगे।

रिजवाना ने बताया कि उसके एक लड़की है, जिस कारण ससुराल वाले उसे लड़का पैदा न होने के लिए लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते थे। पूर्व में भी कई बार मारपीट हुई, जिसे स्थानीय गणमान्य लोगों ने बीच-बचाव कर शांत कराया था। घटना के संबंध में बताया गया कि बीते 13 अप्रैल 2026 को सुबह करीब 9 बजे जब रिजवाना अपनी बहन के साथ अपने ससुराल किरतपुर पहुंची, तो आरोपियों ने उसका सारा स्त्री धन (जेवर व सामान) अपने कब्जे में ले लिया। जब उसने अपना सामान मांगा, तो पति और ससुराल पक्ष के अन्य लोगों ने मिलकर उसके साथ बेरहमी से मारपीट की और गाली-गलौज करते हुए उसे घर से बाहर निकाल दिया।

## नाम परिवर्तन सूचना

मेरा सुकन्या समृद्धि खाता है। जिसमें नाम की स्पेलिंग ASYAM हो गई है। जो कि गलत है। मेरे नाम की सही स्पेलिंग SAYMA है। जो कि पहले से यही चली आ रही है।

Sayma D/o Noor Ahmad R/o Mohalla Malkan Post Kiratpur Distt Bijnor, UP India 246731

## संबंध विच्छेद सूचना

मेरा पुत्र पवन कुमार व उसकी पत्नी पिंकी मेरे कहने-सुनने में नहीं है और आये दिन मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ लड़ाई-झगड़ा करते है। मेरी जमीन बिकवाना चाहते है। इसलिए मैं अपने पुत्र पवन कुमार व उसकी पत्नी पिंकी को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**सुखवीर सिंह पुत्र हरि सिंह निवासी ग्राम मोहनपुर, थाना हल्दौर, तहसील चांदपुर, जिला बिजनौर**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद, चान्दपुर ( बिजनौर )

पत्रांक: 137/नि.नि.सू./न.पा.परि.चान्दपुर/2026 दिनांक: 07 मई, 2026

### निविदा निरस्तीकरण सूचना

समस्त ठेकेदारों/ फर्मों की सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद चान्दपुर द्वारा पेयजल हेतु व्यवस्था योजना से प्राप्त धनराशि के सापेक्ष इस कार्यालय के पत्रांक 94/न.पा. परि. चान्दपुर/नि.सू./2026 दिनांक 24.04.2026 के द्वारा जो निविदाएं आमंत्रित की गयी थी। जो दिनांक 09.05.2026 को सायं 05:00 बजे दिन खोली जानी थी।

उक्त निविदाओं को अपरिहार्य कारणों से निरस्त किया जाता है। अब यह निविदायें पुनः आमंत्रित की जायेगी। तदानुसार सूचित हो।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, चांदपुर**

# गैस पाइपलाइन योजना को लेकर कार्रवाई शुरू

## पेट्रोलियम डिपो से घरेलू और व्यावसायिक गैस आपूर्ति के लिए मंत्रालय ने दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** आदर्श नगर स्थित हिंदुस्तान पेट्रोलियम डिपो की खाली जमीन पर लग रहे गैस प्लांट से नगर पालिका और आसपास के क्षेत्र के लोगों को घरेलू और व्यावसायिक गैस कनेक्शन पाइप लाइन के माध्यम से गैस उपलब्ध कराए जाने और पाइप लाइन बिछाये जाने के संबंध में डिप्टी सेक्रेटरी ने मुख्य प्रबंधक को कार्यवाही के लिए लिखा है।

आदर्श नगर निवासी आरटीआई कार्यकर्ता मनोज शर्मा ने पूर्व में केंद्रीय पेट्रोलियम मंत्री को भेजे एक पत्र में अवगत कराया था कि नजीबाबाद स्थित आदर्श नगर क्षेत्र में हिंदुस्तान पेट्रोलियम डिपो की खाली जमीन पर गैस रिफलिंग प्लांट लगाया जा रहा है। अगर उक्त प्लांट से नगर पालिका सहित आसपास के क्षेत्रों में पाइप लाइन बिछाकर गैस उपलब्ध करा दी जाए, तो क्षेत्र की जनता को काफी राहत मिलेगी। जिसके बाद पेट्रोलियम मंत्रालय ने इस संबंध में पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस के डिप्टी सेक्रेटरी रवि पांडे को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए थे। जिसके परिपेक्ष में प्राकृतिक गैस के डिप्टी सेक्रेटरी ने पत्र को हरियाणा राज्य स्थित सोनीपत में मौजूद प्राकृतिक गैस परियोजना के मुख्य प्रबंधक तेजपाल सिंह चुंडावत को आवश्यक कार्रवाई के लिए लिखा है।

इस संबंध में आमजन का भी कहना है कि गैस की परेशानी को देखते हुए अगर लग रहे गैस प्लांट से गैस रिफलिंग के अलावा भविष्य में पाइप लाइन आसपास के क्षेत्रों में भी बिछ गई, तो क्षेत्र की जनता को काफी राहत मिलेगी।




# ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ पर आरजेपी कॉलेज में भव्य कार्यक्रम का आयोजन

## एनसीसी कैडेटस ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिजनौर।** राजा ज्वाला प्रसाद आर्य इंटर कालेज बिजनौर में एनसीसी 30 यूपी बटालियन द्वारा ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया।

इस अवसर पर प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ ने ध्वजारोहण किया। एनसीसी कैडेट द्वारा विभिन्न मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। इस अवसर पर प्रधानाचार्य गय्यूर आसिफ ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत सरकार द्वारा एक वर्ष महले 7 मई 2025 की रात को चलाया गया था, जो पाकिस्तान के आतंकी ढांचे को नष्ट करने के लिए भारतीय सेना का एक सटीक और दंडात्मक सैन्य अभियान था। यह पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जवाब था। भारतीय सेना ने पूरी निडरता के साथ पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकवादी शि. विरों को निशाना बनाया और उन्हें नष्ट करने का साहसिक कार्य किया था, जिसका हमें हमेशा गर्व रहेगा। उन्होंने आह्वान किया कि हमें देशभक्ति की भावना से ओत-प्रोत रहना है। इस अवसर पर उपप्रधानाचार्य बालेश कुमार कैप्टन, जितेंद्र विश्वकर्मा, जितेंद्र हवलदार, शिव शंकर, लेफ्टिनेंट तेजपाल सिंह, सीटीओ भूपेंद्रपाल सिंह, चंद्रहास सिंह आदि ने भी संबोधित किया।




## एक नजर

### युशा नफीस का एशियन जूनियर और वर्ल्ड जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में चयन



**धामपुर।** प्रतिभाशाली स्क्वैश खिलाड़ी युशा नफीस का चयन अंर्तराष्ट्रीय स्तर की दो महत्वपूर्ण प्रतियोगिताओं के लिए हुआ है। युशा नफीस, जो कि नफीस अहमद के पुत्र हैं, का चयन 33वीं एशियन जूनियर इंडिविजुअल स्क्वैश चैंपियनशिप के लिए हुआ है, जो 20 से 24 मई 2026 तक पानझीहुआ सिटी (चीन) में आयोजित की जाएगी। इसके अलावा उनका चयन वर्ल्ड जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप के लिए भी हुआ है, जो 20 से 30 जुलाई 2026 तक कनाडा में आयोजित होगी। युशा नफीस के पिता नफीस अहमद वर्तमान में धामपुर शुगर मिल्स के डिस्टिलरी प्लांट में कार्यरत

### करंट लगने से गुलदार की मौत



**नांगल सोती।** लालपुर मान के समीप चंदक नहर शाखा के किनारे बिजली के करंट की चपेट में आकर एक मादा गुलदार की मौत हो गई। आज सुबह करीब दस बजे चंदक नहर शाखा के किनारे अर्जुन के पेड़ के नीचे राहगीरों ने गुलदार का शव पड़ा देखा। देखते ही देखते मौके पर ग्रामीणों की भीड़ एकत्र हो गई। ग्रामीणों ने इसकी सूचना सामाजिक वानिकी विभाग के अधिकारियों को दी। डिप्टी रेंजर हरगो. विंद सिंह के नेतृत्व में मौके पर पहुंची वानिकी विभाग की टीम ने शव को कब्जे में ले लिया। टीम शव को लेकर जालपुर स्थित वन विभाग की नर्सरी में पहुंची और चिकित्सकों से पोस्टमार्टम कराया। डिप्टी रेंजर हरगोविंद सिंह ने बताया कि शव मादा गुलदार का है। जिसकी उम्र करीब 6 वर्ष है। गुलदार की मौत अर्जुन के पेड़ के ऊपर से गुजर रही उच्च क्षमता की लाइन की चपेट में आकर हुई है।

### अक्षिता एवं इकरा ने लहराया परचम



**धामपुर।** एसबीडी महिला महाद्यिालय की बीए की छात्रा अक्षिता एवं इकरा हुसैन ने हरिद्वार में प्रतियोगिता में प्रतिभाग कर प्रथम स्थान प्राप्त करना रोशन किया। तृतीय ओपन नेशनल चैम्पियनशिप हरिद्वार उत्तराखंड 2026 भारतीय खेल एवं शिक्षा महासंघ द्वारा आयोजित योगा नेशनल चैम्पियनशिप में एसबीडी महिला महाद्यिालय की बीए की छात्रा अक्षिता एवं इकरा हुसैन ने हरिद्वार में प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। ट्रेडिशनल योगा में 18 आर्टिस्टिक में अक्षिता ने प्रथम एवं अंडर 18 इकरा ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय में दोनों खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन एवं पुरस्कार प्राप्त करने पर महाविद्यालय परिवार ने उनकी प्रंशसा और सराहना करते हुए शुभकामनाएं दी तथा प्राचार्या एवं शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डा. अर्चना एवं असि.प्रो.डा. नगमा परवीन ने छात्राओं को मेडल एवं शील्ड प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया।

### चार खिलाड़ियों का चयन

**कोतवाली देहात।** क्षेत्र के चार खिलाड़ियों का अंर्तराष्ट्रीय योग प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। चारों खिलाड़ी अगस्त में वियतनाम में होने वाली प्रतियोगिता में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। सनराइज सरबजीत योग अकादमी खुर्दी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे खिलाड़ियों ने अयोध्या के महर्षि महेश योगी रामायण विश्वविद्यालय में आयोजित आठवीं राष्ट्रीय योग प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में पदक जीतने के साथ ही ग्राम डल्लू धनोरा निवासी शिवा तथा मनीषा ने आर्टिस्टिक सोलो में और ग्राम फरीदपुर दुल्ला निवासी गुंजन और पलक ने आर्टिस्टिक पियर में शानदार प्रदर्शन करते हुए वियतनाम में होने वाली अंर्तराष्ट्रीय उपयोगिता के लिए क्वालीफाई किया। चारों खिलाड़ी अगस्त में होने वाली अंर्तराष्ट्रीय प्रतियोगिता में वियतनाम में देश का प्रतिनिधित्व करेंगे। सभी खिलाड़ी योग आचार्य सर्वजीत त्यागी के निर्देशन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। पदक जीतने पर चारों खिलाड़ियों को डीएम तथा जिला क्रीड़ा अधिकारी ने सम्मानित किया।

# सपा जिलाध्यक्ष का जोरदार स्वागत

## कार्यकर्ताओं से चुनाव की तैयारी में जुट जाने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हनी फैसल का नजीबाबाद आगमन पर कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया।

जिलाध्यक्ष ने सभी कार्यकर्ताओं से गिले-शिकवे मिटाकर एकजुट होकर 2027 के चुनाव की तैयारियों में जुट जाने का आव्हान किया। सपा कार्यकर्ताओं ने हनी फैसल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने का संकल्प लिया। बुधवार को समाजवादी पार्टी के नवनियुक्त जिला अध्यक्ष हनी फैसल का चांदनी मैरिज हॉल पहुंचने पर सपा नेता तसनीम सिद्दीकी व सपा महिला सभा की राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्या आयशा सिद्दीकी के नेतृत्व में समर्थकों ने भारी संख्या में एकत्र होकर जोरदार स्वागत किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सफदर आमिर एवं संचालन तसनीम सिद्दीकी ने किया। इस अवसर पर इफ्तिखार कुरैशी, इरफान अंसारी, रफीक अंसारी पूर्व विधानसभा अध्यक्ष, खुर्शीद कस्सार, रेहान खान, अहमद खिजर आदि उपस्थित रहे। उधर सपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व चेयरमैन मुअज्जम खान एड. के निवास पर आयोजित कार्यक्रम में सपा के नवनियुक्त जिलाध्यक्ष हनी फैसल का कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। जिलाध्यक्ष हनी फैसल ने उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं के विचार जाने तथा 2027 के चुनाव को लेकर मशविरा कर पार्टी की मजबूती के लिए बात की।

उन्होंने कहा कि चुनाव के बाद उत्तर प्रदेश में एक बार फिर सपा की सरकार बनने जा रही है क्योंकि जनता अब खोखले वादों से तंग आ चुकी है। रोजगार व विकास के नाम पर सिर्फ जुमले बाजी चल रही है।

इस मौके पर बार संघ के अध्यक्ष कसीम अहमद एड., महबूब आलम, शहबाज खान, मुनन खां, इकरार जौहरी, साजिद खान, शुऐब शम्सी, नफीस अहमद, तसनीम सिद्दीकी, शाहिद मलिक, मौ. बाबर सहित काफी संख्या में सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# तरबूज खाकर परिवार की हालत बिगड़ी, युवती की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कोतवाली देहात।** तरबूज खाने से एक परिवार के तीन सदस्य बीमार हो गए। उन्हें बिजनौर निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया, जहां पर उनमें से एक युवती की मौत हो गई। युवती का रिश्ता हुआ था, कुछ दिनों बाद उसकी शादी होनी थी। घटना से परिवार में कोहराम मच गया।

थाना क्षेत्र के ग्राम शेरनगर नरैनी निवासी डॉक्टर जियाउल रहमान उनकी पत्नी और पुत्री मुस्कान की कल शाम अचानक तबीयत बिगड़ गई। तीनों उल्टियां करने लगे। परिजन उन्हें चिकित्सक के यहां ले गए, जहां से चिकित्सकों ने तीनों को बिजनौर रेफर कर दिया। बिजनौर के एक निजी अस्पताल में तीनों का इलाज चल रहा था। मुस्कान की हालत ज्यादा गंभीर थी। कुछ समय बाद उसकी मृत्यु हो गई।

## घटना से परिवार में मचा कोहराम

परिजनों ने बताया कि की तीनों ने कल दोपहर तरबूज का सेवन किया था। कुछ घंटे बाद तीनों की तबीयत बिगड़ गई। मुस्कान (21 वर्ष) के मौत हो गई। मुस्कान का रिश्ता कुछ समय पहले हुआ था। कुछ दिनों बाद उसकी शादी होनी थी। घटना से परिवार का माहौल गमगीन हो गया, जबकि जियाउल रहमान और उनकी पत्नी की हालत में सुधार बताया जा रहा है। चिकित्सकों का कहना है कि तरबूज खाने से बीमार पड़ने की मामले लगातार आ रहे हैं। चिकित्सकों ने तरबूज का सेवन सावधानी पूर्वक करने की बात कही है।

# इम्पीरियल में स्पोर्ट्स अकादमी का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** इम्पीरियल इंटरनेशनल स्कूल में इम्पीरियल स्पोर्ट्स अकादमी का विद्यालय के प्रबंध निदेशक अशोक राजपूत द्वारा भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ स्वागत भाषण के साथ किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय परिवार में उत्साह का माहौल देखा गया। अशोक राजपूत ने अपने संबोधन में खेलों के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक हैं।

खेलों से अनुशासन, टीम भावना व आत्मविश्वास का विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों में सक्रिय भाग लेने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय द्वारा शुरु की गई यह अकादमी एक सराहनीय पहल है। इससे विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा निखारने का अवसर मिलेगा। अकादमी में विभिन्न खेलों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस पहल से विद्यार्थियों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। उद्घाटन के दौरान विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला। अभिभावको ने भी इस प्रयास की सराहना की। विद्यालय प्रबंधन ने इसे एक महत्वपूर्ण कदम बताया। यह अकादमी विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में सहायक होगी। अकादमी का संचालन प्रतिदिन शाम 5 बजे से किया जाएगा यह सभी के लिए खुला रहेगा।

अकादमी में निम्न खेलों का आयोजन किया जाएगा जिसमें एथलेटिक्स, क्रिकेट, कबड्डी, फुटबॉल, खो-खो व योग शामिल रहेगा।



## खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए आवश्यक : अशोक राजपूत

## एक नजर

### किसानों की समस्या पर चर्चा



**धामपुर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनैतिक) की मासिक बैठक ग्राम सरकथल माधो में संगठन मंत्री सुरेश कुमार के कार्यालय पर आयोजित की गई। जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 15 मई को किसान नेता बाबा महेंद्र सिंह टिकैत की पुण्यतिथि एवं संगठन का स्थापना दिवस चांदपुर तहसील क्षेत्र के ग्राम बांगड़पुर में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। बैठक में क्षेत्र की जर्जर विद्युत लाइनों को शीघ्र ठीक कराने की मांग उठाई गई। किसानों ने आरोप लगाया कि फर्द में अंश निर्धारण सही ढंग से नहीं किया जा रहा है, जिससे किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वक्ताओं ने कहा कि यदि किसानों की समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो संगठन आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। बैठक में भानु प्रताप सिंह, धर्मेश कुमार, बृजमोहन शर्मा, शमशेर सिंह, दिनेश कुमार, वीरेंद्र सिंह, बलवंत सिंह, बेगराज सिंह, रणवीर सिंह, रोबिन शर्मा और अजय कुमार समेत अनेक किसान मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष अजय चौहान तथा संचालन अरविंद राजपूत ने किया।

### राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम की समीक्षा



**स्योहारा।** सीएचसी में आज राष्ट्रीय नियमित टीकाकरण आरआई कार्यक्रम के अंतर्गत माइक्रोप्लान रिव्यू एवं समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डा. बीके स्नेही ने की। बैठक में नियमित टीकाकरण सत्रों की प्रगति की समीक्षा करते हुए ड्यू, लेफ्ट-आउट एवं ड्रॉपआउट बच्चों की सूची पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही जीरो डोज बच्चों की पहचान कर शत-प्रतिशत टीकाकरण कवरेज सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। यूनिसेफ के मंडलीय स्वास्थ्य सलाहकार डा. सुजीत सिंह डब्ल्यूएचओ मॉनिटर मौहम्मद मुस्तकीम तथा गावी संस्था से सौरव आर्या ने प्रतिभाग करते हुए कार्यक्रम की मॉनिटरिंग माइक्रोप्लान अपडेट तथा समयबद्ध डाटा प्रविष्टि के निर्देश दिए। बैठक में यू-विन एमसीटीएस एवं आरसीएच पोर्टल की अद्यतन स्थिति की भी समीक्षा की गई। डा. स्नेही ने सभी स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि निर्धारित माइक्रोप्लान के अनुसार कार्य करते हुए यह सुनिश्चित किया जाए कि क्षेत्र का कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। इस मौके पर डा. राकेश कुमार, डा. प्रणव, डा. हासिम, स्वास्थ्य पर्यवेक्षक वीर सिंह, बीपीएम शालिनी विश्नोई, डीईओ राशि, एएनएम एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद रहे।

# नहटौर में जनगणना-2027 को लेकर बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नहटौर।** जनगणना-2027 को लेकर नगर पालिका के सभागार में बैठक आयोजित की गई। ईओ ने कहा कि बैठक का उद्देश्य स्व-गणना अभियान को सफल बनाना था। यह अभियान जनगणना को सुव्यवस्थित और डिजिटल रूप से संपन्न करने के लिए शासन के निर्देशों के तहत चलाया जा रहा है।

बैठक का संचालन अधिशासी अधिकारी ओम गिरी ने किया। उन्होंने बताया कि जनगणना-2027 पिछली गणनाओं से अलग और अधिक आधुनिक होगी। इसमें स्व-गणना की सुविधा दी गई है, जिससे नागरिक स्वयं अपने और अपने परिवार की जानकारी सरकारी पोर्टल पर दर्ज कर सकेंगे।

उन्होंने अभियान की सफलता के लिए जन-जागरूकता को महत्वपूर्ण बताया। उन्होंने कर्मचारियों को वार्ड स्तर पर जाकर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचाने के लिए सटीक और पूर्ण जानकारी उपलब्ध कराना अनिवार्य है।

अधिकारियों और कर्मचारियों को स्व-गणना की तकनीकी प्रक्रिया को समझने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा। इसका उद्देश्य नागरिकों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान सुनिश्चित करना है।

बैठक में उपस्थित सभासदों और समाजसेवियों से अपील की गई कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में ब्रांड एंबेसडर के रूप में कार्य करें। जनप्रतिनिधियों ने आश्वासन दिया कि वे इस संदेश को नगर के हर घर तक पहुंचाएंगे, ताकि कोई भी परिवार इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया से वंचित न रहे।

बैठक में नगर पालिका अधिकारी, लिपिक वर्गीय स्टाफ, विभिन्न वार्डों के सभासद और नगर के गणमान्य समाजसेवी उपस्थित थे। बैठक के अंत में सभी ने इस राष्ट्रीय अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाने का संकल्प लिया।



# बसपा के शासन में हुआ चौमुखी विकास: गिरीशचंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नजीबाबाद।** बहुजन समाज पार्टी के तत्वावधान में गांव फजलपुर हबीब उर्फ ज्वाली लाला में 4 बूथों का पुनर्गठन के लिए एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसकी अध्यक्षता ग्राम प्रधान मुनीश एवं संचालन विजेंद्र सिंह कश्यप ने किया।

बैठक में बहुजन समाज पार्टी के 4 बार के शासन के बारे में विस्तार से बताया गया। पूर्व सांसद गिरीशचंद ने कहा कि बसपा के शासन में चौमुखी विकास हुआ है। बसपा सरकार में सर्वजन के हित में कार्यों किये गये। ताहरपुर इशाक के बूथ संख्या 338, 339 व ग्राम फजलपुर हबीब उर्फ ज्वाली लाला के बूथों का गठन किया गया। मण्डल कोअर्डिनेटर डीपी सिंह रवि ने कहा कि 2027 के चुनाव में बहुजन समाज पार्टी की सरकार बनाकर पांचवीं बार बहन जी को मुख्यमंत्री बनाना है। बैठक में नरेंद्र कुमार रवि, सुरेंद्र सिंह, सुरेश कुमार रवि, डॉ. कलवा सिंह विश्वकर्मा, इंफ्तार, भूषण दास देवरिया, शाहनवाज, हलीम दानिश, डॉ. सलीम, हरिचंद, कृष्ण गोपाल, सुरेंद्र सिंह, अजय कुमार, उत्तम सिंह, संग्राम सिंह, इरशाद, जगत सिंह, टीकम सिंह कश्यप, पुष्पेंद्र सिंह, गिनेंद्र कुमार, नरेंद्र कुमार कुमार, फैजान अहमद, गयूर अहमद, इरशाद अहमद, शेर सिंह, सन्तराम, जयपाल सिह, रामकुमार आदि उपस्थित रहे।



# आधी रात घिरे काले घने बादल व आंधी, बारिश ने नींद उड़ाई

शाह टाइम्स, संवाददाता

**बबराला।** तहसील क्षेत्र गुन्नौर में बुधवार/बृहस्पतिवार की दरमियानी रात करीब 2:30 बजे मौसम ने अचानक रौद्र रूप दिखाया।

**0 बेमौसम बारिश से बड़ी ठिठुरन, कई जगह गिरे पेड़**

देखते ही देखते आसमान में घने काले बादल छा गए और तेज रफ्तार से चली आंधी के साथ बारिश शुरू हो गई। कई गांव में ओले भी पड़े।

बेमौसम की इस बारिश ने भीषण गर्मी के बीच ठिठुरन बढ़ा दी। रात का पारा 21 डिग्री तक गिर गया। तेज हवाओं से कई जगह पेड़ और बिजली के तार टूट गए, जिससे पूरी रात नगर और देहात में बिजली गुल रही। जबकि सुबह तक रुक-रुक कर बारिश और सड़कों पर जलभराव के चलते स्कूल जाने वाले बच्चों को भारी परेशानी हुई। कई स्कूलों में हाजिरी 30 प्रतिशत से भी कम रही। अभिभावक बच्चों को लेकर खुद स्कूल छोड़ने पहुंचे। खेतों में थ्रेसिंग कर रखा भूसा भीग गया। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में ओलावृष्टि और 60-70 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से हवाएं चलने का येलो अलर्ट जारी किया है। किसानों को सुरक्षित स्थान पर रहने की सलाह दी गई है। बिजली विभाग की टीमें फाल्ट ठीक करने में जुटी हैं। लोगों से अपील की गई है कि खराब मौसम में पेड़ों और कच्ची दीवारों से दूर रहें। पश्चिमी विक्षोभ के कारण बदले मौसम ने भले ही गर्मी से राहत दी हो, लेकिन आधी रात आई इस आंधी-बारिश ने जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त कर दिया।



सम्भल। सुबह-सवेरे हुई मामूली बारिश में जल मगन सड़क से गुजरते राहगीर।

# मामूली बारिश ने खोली पालिका की पोल

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** सुबह-सवेरे हुई थोड़ी देर की ही बरसात ने नगर पालिका परिषद की सफाई व्यवस्था की पोल खोलकर रख दी। चंद देर में ही बारिश से सड़कें जलमग्न हो गयी। जिसके चलते राहगीरों, दुकानदारों और स्कूली बच्चों को परेशानी झेलना पड़ा।

**0उप नगरी में सड़क बनी तालाब लोगों को झेलनी पड़ी दुश्वारियां**

गुरूवार की सुबह-सवेरे हुई मामूली बारिश से नगर पालिका परिषद की सफाई व्यवस्था ध्वस्त नजर आयी। उप नगरी सराय तरीन के वार्ड 34 होज़ कटोरा में बारिश से सड़कें तालाब नजर आने लगी। सड़कें जल मग्न मग्न होने से स्कूली बच्चों और राहगीरों के अलावा दुकानदारों को भी दुश्वारियां झेलनी पड़ीं। जबकि स्थानीय लोगों में नगर पालिका प्रशासन के खिलाफ आक्रोश था। लोगों का कहना है कि सड़क पर पानी भरा होने से कई बुजुर्ग व स्कूली बच्चे गिर गए, नालियों की सफाई और जल निकासी की उचित व्यवस्था न होने के कारण हर बार बारिश में यही हाल हो जाता है। कई मोहल्लों में पानी घरों और दुकानों के बाहर तक भर गया। सड़क नीची होने से घरों में नारी का पानी आने लगा, नगर पालिका व सभासद से कई बार शिकायत करने के बाद भी समस्याओं का समाधान नहीं हो सका वार्ड वासियों ने प्रशासन से जल्द जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है।

## जिला कांग्रेस की मासिक बैठक आज

**सम्भल।** जिला कांग्रेस कमेटी, की एक मासिक बैठक कल आज (शुक्रवार) को जिला कार्यालय, चंदौसी रोड, सम्भल पर आयोजित होगी। बैठक का आयोजन दोपहर दो बजे किया जायेगा। जिसमें संगठन की मजबूती तथा अन्य महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। जिलाध्यक्ष आरिफ तुर्की ने सभी जिला कांग्रेस कमेटी, नगर कांग्रेस कमेटी, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी, मंडल कांग्रेस कमेटी, महिला कांग्रेस, अल्पसंख्यक कांग्रेस, किसान कांग्रेस, एवं सभी प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष सभी वरिष्ठ कांग्रेस जन सम्मानित कार्यकर्ता अनिवार्य रूप से मौजूद रहने का आहवान किया।

# सेल्फ एनुमेरेशन की सफल प्रक्रिया को सीडीओ ने की समीक्षा

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत चल रही स्व-गणना(सेल्फ एनुमेरेशन) प्रक्रिया के सफल क्रियान्वयन को मुख्य विकास अधिकारी ने जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, खंड विकास अधिकारी एवं विकास खंड स्तरीय अधिकारियों के समीक्षा की।



विकासखंड बहजोई कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने स्व-गणना में अधिकतम जनभागीदारी सुनिश्चित करने और प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर तक व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन को स्व-गणना के प्रति जागरूक करने के लिए विशेष अभियान, जागरूकता शिविर एवं जनसंपर्क कार्यक्रम संचालित किए जाएं, ताकि अधिक से अधिक लोग स्वयं अपनी जानकारी ऑनलाइन दर्ज कर सकें। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि ग्राम प्रधान, रोजगार सेवकों, ग्राम पंचायत अधिकारियों, समूह सखी शिक्षा मित्र, पंचायत सहायक तथा अन्य फील्ड स्तर के कार्मिकों को सक्रिय रूप से इस अभियान में जोड़ा जाए और उनके माध्यम से घर-घर जाकर लोगों को स्व-गणना के लिए प्रेरित किया जाए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि स्व-गणना प्रक्रिया से आंकड़ों की शुद्वता बढ़ेगी तथा कार्य में पारदर्शिता एवं गति आएगी। उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस कार्य को प्राथमिकता पर लेते हुए निर्धारित समय सीमा के भीतर लक्ष्य की पूर्ति सुनिश्चित करें। बैठक में जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी सम्भल, खंड विकास अधिकारी बहजोई सहित विकासखंड स्तरीय सभी संबंधित अधिकारी, सभी ग्राम प्रधान उपस्थित रहे। जबकि सभी ग्राम प्रधानों का स्वागणना मोबाइल के माध्यम से, विकासखंड स्तर पर खंड विकास अधिकारी द्वारा कराया गया।

## मंडी समिति में लाश मिलने से मचा हड़कम्प

**सम्भल (शाह टाइम्स,ब्यूरो)।** कृषि उत्पादन मंडी समिति में युवक का शव मिलने से हड़कम्प मच गया। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने लाश को अपने कब्जे में ले लिया। काफी देर तक मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। लाश को पीएम के लिए भेज दिया गया।

बहजोई स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति के खड़ंजे पर युवक का शव पड़ा था। लाश मिलने पर वहां हड़कम्प मच गया। कुछ देर में काफी भीड़ लग गई। सूचना पाकर पुलिस भी आ गयी और शव को अपने कब्जे में ले लिया। क्राइक इंस्पैक्टर बलराम सिंह यादव ने बताया कि युवक के शरीर पर कोई चोट आदि नहीं थी। जबकि जहां शव पड़ा था वहां पत्थर थे। जिसके चलते सम्भावना व्यक्त की जा रही है कि मृतक उस पर गिरा होगा। काफी देर तक पहचान कराने पर कोई श्नाखत नहीं हो सकी। शव पीएम को भेज दिया।

# होमगार्ड के साथ अभद्रता के आरोपी पर रिपोर्ट दर्ज

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** होमगार्ड का डंडा छीनकर उनके साथ अभद्रता करने के आरोपी पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

आगरा-मुरादाबाद हाईवे पर ड्यूटी दे रहे होमगार्ड के साथ एक युवक ने न केवल अभद्रता की थी बल्कि डंडा छीनकर जमकर उत्पात भी मचाया था। जिस समय ुवक उतपात मचा रहा था किसी ने उसकी वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दी थभ् वायरल वीडियो देखकर गुन्नौर कस्बा क्षेत्र के आगरा-मुरादाबाद हाईवे पर उत्पात मचाने के स्थल पर पुलिस पहुंच गयी थी, लेकिन उत्पाती युवक पुलिस को देखकर फरार हो गया था। हालांकिथाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि पुलिस की ओर से गुरूवार को वायरल वीडियो के आधार पर उत्पात मचाने के आरोप में जावेद पुत्र नूर मौहम्मद निवासी सम्भल के विरूद्व रिपोर्ट दर्ज की गयी है। उसे जल्द ही गिरफ्तार भी किया जायेगा। बताया जा रहा है कि आरोपी शराब के नशे में धुत्त था। उसने नशे में होमगार्ड का डंडा छीनकर लगभग 10 से 15 मिनट तक जमकर उत्पात मचाया था। जिससे नेहरू चौक पर काफी भीड़ भी जमा हो गयी थी मगर पुलिस को आता देखकर आरोपी मौके से फरार हो गया था। आरोपी ने होमगार्ड के साथ अभद्रता कर डंडे को जमी पर पटकाकर गाली-गलौंच की थी और फरार हो गया था। उधर थाना प्रभारी का कहना है कि युवक की पहचान कर ली गई है। उसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर कानून के शिकंजा कसा जायेगा।

**0डंडा छीनकर जमकर मचाया था हाइवे पर उत्पात**

# अपने रूचि एवं योग्यता के अनुसार विषय चयन करने को किया प्रेरित

**0एमजीएम कॉलेज की समितियों ने चलाया जागरूकता अभियान**

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पंजीकरण अनुपात को बढ़ाने तथा विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति प्रेरित करने के उद्देश्य से चलाये जा रहे जागरूकता कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकों की समितियों ने स्कूलों में शैक्षिक भ्रमण कर उच्च शिक्षा के महत्व और करियर निर्माण की सम्भावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला।



सम्भल- उच्च शिक्षा के क्षेत्र में पंजीकरण अनपात बढ़ाने को जागरूक करते एमजीएम कॉलेज के शिक्षक।

महात्मा गांधी मेमोरियल कॉलेज, के शिक्षकों की एक समिति द्वारा आयोजित विस्तृत जागरूकता एवं परामर्श कार्यक्रम के अंतर्गत समिति ने ब्रजरतन आर्य कन्या इंटर कॉलेज का शैक्षिक भ्रमण किया। शिक्षण दल में डा. अमृतेश अवस्थी (असिस्टेंट प्रोफेसर) विजय लक्ष्मी शर्मा (असिस्टेंट प्राफेसर) तथा डा. अर्चना बंसल (असिस्टेंट प्रोफेसर) प्रमुख रूप से शामिल रहे। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं के साथ संवाद स्थापित करते हुए उच्च शिक्षा के महत्व, वर्तमान समय में विभिन्न शैक्षिक अवसरों तथा करियर निर्माण की संभावनाओं पर विस्तार से प्रकाश डाला। समिति के सदस्यों ने महात्मा गांधी मेमोरियल कॉलेज, में संचालित विभिन्न स्नातक एवं परास्नातक पाठयक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। इसके अतिरिक्त उन्होंने गुरु जंभेश्वर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद में उपलब्ध विविध व्यावसायिक एवं रोजगारपरक पाठयक्रमों के बारे में भी विद्यार्थियों को अवगत कराया। विद्यार्थियों को यह बताया गया कि वर्तमान प्रतिस्पध र्ी युग में उच्च शिक्षा किस प्रकार उनके व्यक्तित्व विकास, कौशल संवर्धन तथा रोजगार प्राप्ति में सहायक सिद्व होती है। कार्यक्रम के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा संचालित अभ्युदय कोचिंग योजना की विशेषताओं, पात्रता, पंजीकरण प्रक्रिया तथा इसके लाभों के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम, अनुशासन एवं सकारात्मक सोच के माध्यम से सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के प्रति जागरूक रहने, अपने रुचि एवं योग्यता के अनुसार विषयों का चयन करने तथा समय का सदुपयोग करने के लिए प्रेरित किया। प्रेरणादायक उदाहरणों एवं वास्तविक अनुभवों के माध्यम से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास एवं उत्साह का संचार किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त स्टाफ के साथ-साथ 75 से अधिक छात्राओं ने सक्रिय सहभागिता की। कार्यक्रम का सफल समन्वयन प्रोफेसर निरंकार सिंह द्वारा किया गया। उधर इसी कॉलेज की दूसरी समिति में डा. मोहम्मद अहमद और डा.धीरेन्द्र कुमार सिंह ने बीडी इंटर कालेज, सराय तरीन और राष्ट्रीय कन्या इंटर कालेज, हयातनगर,में मार्गदर्शन कार्यशाला का आयोजन किया।

# स्वगणना में देने होंगे 33 सवालों के जवाब

**बबराला( अनिरूद्व शर्मा )।** जनगणना इस बार की पूरी तरह डिजिटल होगी। 7 से 21 मई तक लोग ‍ेजचरूधधेम.बमदेने.हवअ.पदध पोर्टल पर खुद अपनी और परिवार की जानकारी भर सकेंगे। इसमें मकान, सुविधाओं और रहन-सहन से जुड़े 33 सवाल पूछे जाएंगे। 22 मई से प्रगणक घर-घर जाकर बचे हुए परिवारों की गणना करेंगे।

जिले में जनगणना-2027 का पहला चरण आज 7 मई से शुरू हो गया है।जनगणना कार्य को पूरा करने के लिए जिले में प्रगणक और सुपरवाइजर तैनात किए गए हैं। सभी को मोबाइल ऐप के जरिए डिजिटल डेटा ीड करने की ट्रेनिंग दी जा चुकी है। स्व-गणना के लिए पोर्टल https://se-census-gov-in/ पर जाएं। रजिस्ट्रेशन मुखिया का नाम 10 अंकों का मोबाइल नंबर डालें। ओटीपी से वेरिफाई करें एक नंबर= एक परिवार एक मोबाइल से सिर्फ एक परिवार की एंट्री होगी। लोकेशन जिला, पिन कोड, गांव/शहर भरकर मैप पर घर मार्क करें। 33 सवाल मकान की स्थिति, कमरे, बिजली-पानी, शौचालय, टीवी, फ्रिज, इंटरनेट, मोबाइल, वाहन आदि की जानकारी दे। सबमिट फार्म जमा करने पर 11 अंकों की रजिस्ट्रेशन आईडी मिलेगी। इसे प्रगणक को दिखाना होगा। इस बार पहली बार डिजिटल कागज की जगह सीधे मोबाइल ऐप में डेटा जाएगा। 7-21 मई स्व-गणना की विंडो। सरकारी कर्मचारी भी इसी बीच अपनी आईडी एक्टिवेट करेंगे 33 बिन्दु परिवार की आर्थिक-सामाजिक स्थिति मापने के लिए सवाल होंगे। उपजिलाधिकारी विकास चंद्र ने बताया कि अगर आप 21 मई तक स्व-गणना नहीं करते हैं, तो 22 मई के बाद प्रगणक आपके घर आएंगे और जानकारी लेंगे। मदद के लिए ब्लॉक और पंचायत स्तर पर हेल्प डेस्क भी लगाई जाएंगी।

**0घर बैठे मोबाइल से करें स्वगणना**

# बेमौसम बारिश से खरबूज़ व तरबूज़ की फसल को भारी नुकसान

शाह टाइम्स संवाददाता

**बबराला।** बेमौसम बारिश और जलभराव के कारण तरबूज और खरबूज की फसल को बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचा है। बाजार में जहां राजस्थान के जोधापुर के मीठे खरबूजे और तरबूज की मांग बनी हुई है, वहीं क्षेत्र के किसानों की फसल बर्बाद हो गई है। तरबूज और खरबूज की जो फसल बारिश और पानी भराव के कारण प्रभावित हुई है। किसानों का कहना है कि फसल तैयार होने के समय अचानक बारिश से उनकी मेहनत पर पानी फिर गया। गुन्नौर निवासी किसान सुरेश कुमार ने बताया कि कई बीघा फसल पूरी तरह खराब हो गई है और जो थोड़ी उपज बची है, उसे बेहद कम दामों पर बेचना पड़ रहा है। वहीं गंगावास निवासी जयचंद ने बताया कि उत्पादन लागत के मुकाबले बाजार में उचित मूल्य नहीं मिल रहा, जिससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। खादर क्षेत्र के गांव में इनकी फसल की जाती है।

**0अचानक बारिश से मेहनत पर फिरा पानी किसानों ने की मुआवज़े की मांग**

## शैक्षिक सत्र में भी निजि प्रकाशकों की बल्ले-बल्ले

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सम्भल।** मानव संसाधन विकास मंत्रालय के अधीन राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की ओर से विभिन्न विषयों की पुस्तकों का प्रकाशन होता है,लेकिन स्कूलों, बाज़ारों से एन सी ई आर टी की पुस्तके गायब हैं। इनके स्थान पर निजि प्रकाशकों की मेंहगी पुस्तकों की भरमार है।

निजि प्रकाशकों, पुस्तक विक्रेताओं और स्कूलों की मिली भगत के चलते कमीशन के खेल में एक ओर जहां निजि प्रकाशकों की बल्ले-बल्ले हो रही है,वहीं दूसरी और अभिभावक पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है। वह मेंहगी किताबें खरीदने पर मजबूर हैं। शिक्षा विभाग, प्रशासनिक अधिकारी कागज़ी गोले दागने तक ही सीमित रह गए हैं। उनके पास पुस्तक विक्रेताओं व निजि स्कूलों में जाकर जांच करने का समय ही नही है।

# यज्ञ के साथ सात दिवसीय गीता ज्ञान का समापन

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** सात दिवसीय गीता ज्ञान का यज्ञ के साथ समापन हो गया। गीता के दिव्य ज्ञान में डूबे श्रृद्वालु नाचते-गाते भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में लीन दिखाई दिए।

हयात नगर में चल रही सात दिवसीय गीता ज्ञान में गीता व्यास स्वामी कृष्णानंद ने कहा कि जिस प्रकार मनुष्य का इस संसार में आना निश्चित है, उसी प्रकार उसका जाना भी निश्चित है। मनुष्य के साथ यदि कुछ जाता है तो वह उसके कर्म और उसके गुण हैं। स्वामी जी ने कहा कि गत सात दिनों में भगवान श्रीकृष्ण की गीता के माध्यम से जो ज्ञान प्राप्त हुआ है, उसे अपने बुद्वि-विवेक से जीवन में अक्षरशः पालन करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में बिना किसी भेदभाव और प्रतिस्पध र्ा के हम सभी को एकता, समानता और बंधुत्व की स्थापना हेतु अपने स्वधर्म का पालन करना चाहिए। यही गीता का वास्तविक धर्म है।



सम्भल- हयात नगर में सात दिवसीय गीता ज्ञान के समापन पर ज्ञान लेते श्रृद्वालु

भगवान श्रीकृष्ण ने भी धर्म की स्थापना का संदेश दिया है। इस ध र्म का पालन, संरक्षण और स्थापना करना भारत के प्रत्येक व्यक्तित का स्वधर्म है। कार्यक्रम में प्रतिक्षा वार्ष्णेय द्वारा गीता ज्ञान पर आध ारित प्रश्नोत्तरी आयोजित की गई। जिन जिज्ञासुओं एवं कृष्ण भक्ततों ने सही उत्तर दिए, उन्हें गीता पुस्तक भेंट कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी श्रृद्वालु भगवान के भजनों में लीन होकर आनंदपूर्वक नृत्य करते दिखाई दिए तथा अत्यंत उत्साह और श्रृद्वा के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। समापन पर स्वामी कृष्णानंद ने भावुक शब्दों में कहा, मैं तो जा रहा हूँ, लेकिन आपके पास आपके कृष्ण, आपके कल्कि को छोड़कर जा रहा हूँ उन्हें जानिए, उनके उपदेशों का पालन कीजिए।

# तरह-तरह से हो रही जल की बर्बादी

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** जल है तो कल है। जल ही जीवन है इसे सार्थ बनाने के लिए स्वयं सेवी संस्थाओं से लेकर सरकारी एजेसियॉ जल बचाओ जीवन बचाओ के नारे देकर तरह-तरह की प्रतियोगिताओं का आयोजन कराकर जागरूक कर रही हें,लेकिन जगह-जगह लगे समरसिबल ओर पानी की टंकियों से पानी व्यर्थ बहता जगह-जगह दिखायी दे रहा है। कहा ही नहीं जाता बल्कि कटु सत्य है कि जल बिना जीवन नहीं है। इसीलिए जल अमूल्य है। इसकी कद्र उन लोगों से पूछिए जिनके क्षेत्र में पानी की किल्लत बनी हुई है। जिन्हे नहाना तो छोड़िए पीने को भी शुद्व पानी मिलता ही नही है। लेकिन शहर हो या देहात जहां सुबह जल की बर्बादी किसी न किसी तरह से रूक नहीं रही है। इतना ही नहीं जल की बर्बादी को समरसिबल सौने पै सुहागा वाली कहावत को चरित्रार्थ कर रहे है। घर हो या अन्य स्थान समरसिबल को काफी-काफी समय तक यूं ही चलाकर छोड़ दिया जाता है। इतना ही नहीं जगह-जगह लगे वाटर कूलरों की टोंटियॉ तो कुछ दिन दिखायी देती है,जबकि उसके बाद उनमें से पानी यूं ही बहता रहता है। जलस्तर नीचे पहुंच चुका है, पानी का टीडीएस बड़ चुका है। साफ पानी पीने को नहीं मिल पा रहा है। कहा जाता ही कि साढ़े तीन सौ फिट नीचे का पानी पीने योग्य है। जो पानी हम पी रहे हैं उसमे अशुद्वियां है। इसीलिए लोग अपने घरों में आरओ लगवा रहे हैं ताकि पानी साफ मिल सके। कुछ स्थानों पर तो टंकियों में टोंटी तो छोड़िए पुराने नलों एम टंकी फिट कर दी गई हैं जिसमे पानी बंद करने का स्रोत ही नहीं है। टंकी आने से जाने तक पानी की बर्बादी लगातार होती रहती है। यह मात्र एक समस्या नहीं है अपितु आने वाली पीढ़ियों के लिए बड़ा खतरा है। जब पानी का स्तर अधिक नीचे पहुंच जाएगा तब पीने के पानी की बड़ी समस्या उत्पन्न हो जायेगी। ऐसा न हो की आने वाली नस्लों को पीने के पानी को लंबी लंबी लाइनों में लगना पड़े और पानी के लिए झगड़े न हों।

**0जल विभाग है बेखबर, आमजन भी नहीं जागरूक**

# तहसीलदार ने सदर विधायक से कराया सैल्फ एनुमेरेशन

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** स्वगणना अभियान के पहले दिन अधिकारियों ने जनप्रतिनिधियों के निवास पर पहुंचकर स्वगणना (सेल्फ एनुमेरेशन) कराकर जनभागीदारी का आहवान कराया।

गुरुवार से भारत जनगणना का ऐतिहासिक स्वगणना अभियान का शुभारंभ हो गया। अभियान के पहले दिन तहसीलदार धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने सदर विधायक इकबाल महमूद के मियां सराय अंदरूनी किला पर पहुंचकर स्वगणना (सेल्फ एनुमेरेशन) कराया। इस दौरान स्वगणना के तहत पूछे गए सवालों के जवाब मोबाइल से दिए गए। इसके अलावा तहसीलदार व राजस्व प्रशासन ने नागरिकों से डिजिटल पहल में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। जबकि बताया कि अभियान का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को विकास योजनाओं और शासन की नीतियों से सीधे जोड़ना है। तहसीलदार ने कहा कि स्वगणना केवल सरकारी प्रक्रिया नहीं बल्कि नागरिकों की पहचान और अधिकारों को सुरक्षित करने का एक प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि जब आंकड़े सटीक होंगे तभी शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पारदर्शिता के साथ पहुंच सकेगा।



सम्भल- स्वगणना के पहले दिन सदर विधायक से सेल्फ एनुमेरेशन कराते तहसीलदार।

# वार्ड ब्वाय और सफाई कर्मी करते हैं उपचार

शाह टाइम्स,ब्यूरो

**सम्भल।** भले ही ज़िला संयुक्त चिकित्सालय सुविधाओं से परिपूर्ण किया जा रहा हो,लेकिन अस्पताल में हादसे में आने वाले घायल वार्ड ब्वाय और सफाई कर्मी के ही हवाले रहते हैं।

ज़िला संयुक्त चिकित्सालय में धीरे-धीरे सुधार लाया जा रहा है,लेकिन हादसे में घायलों का उपचार चतुर्थ श्रेणी चिकित्सीय कार्यों से अंजान लोगों के हाथो में ही रहता है। चिकित्सक आपातकलीन चिकित्सीय कक्ष मे आकर घायल की चोटों की संख्या की जानकारी लेकर मेडिकोलीगल बनाकर थमा देते हैं जबकि गंभीर रूप से घायलों का उपचार और मरहम पटटी आदि का कार्य वार्ड ब्वाय ओर सफाइ कर्मचारी के हाथों रहता है। रोगी चाहं मामूली घायल हो या चिंता जनक हालत में उसको इंजेक्शन से लेकर मरहम पटटी तक का कार्य वार्ड ब्वाय और सफाई कर्मचारी को ही करना पड़ता है। झोला छापों पर कार्यवाही करता चिकित्सा विभाग खुद अपने ज़िला अस्पताल में झोला छापों वाले कारनामों को अंजाम दिये जा रहे हैं। अधिकारियों की इस पर चुप्पी बनी हुई है।

**0झोला-छापों की तरह होता है ज़िला अस्पताल में कार्य**

### सम्बंध-विच्छेद

मेरा पुत्र मौहम्मद अरमान गलत संगत में पड़ गया है। तथा मेरा कहना नहीं मानता है और घर में भी उसका व्यवहार सही नहीं है तथा आमादा फौजदारी होता है। इसलिए मैने अपने पुत्र को अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया और अपने सम्बंध विच्छेद कर लिए हैं। अब मेरा पुत्र अपने किसी भी कृत्य और लेन-देन का स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरी कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

**मुर्शरफ हुसैन पुत्र हुसैन बख्श**
नि. ग्राम फूलसिंहा तह. व जिला सम्भल।

### सम्बंध-विच्छेद

मैने अपने पुत्र इस्तेखार उर्फ मासूम से उसके समाज विरोधी चाल-चलन, आये दिन लड़ाई-झगड़ों व समाज विरोधी कार्यों से तंग आकर परिवार सहित अपनी चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर सभी तरह के सम्बंध विच्छेद कर लिए हैं। अब इस्तेखार उर्फ मासूम अपने कृत्यों का स्वयं जिम्मेदार होगा। मेरा व मेरे परिवार से कोई सम्बंध नहीं होगा।

**शमा बेगम पत्नी जुल्फेकार**
नि. 30 खग्गू सराय तह. व जिला सम्भल।

## मई माह में मौसम का मिजाज समझ से परे

**सम्भल( शाह टाइम्स,ब्यूरो )।** मौसम का मिजाज़ समझ से परे होता जा रहा है। पल-पल मौसम के बदलते तेवर भी तरह-तरह की बीमारियां घर करने लगी हैं। देर रात्रि हुई बारिश ने ठंड बढ़ा दी,जबकि दिन निकलने के साथ गर्मी ने लोगों को पसीने से तर-बतर कर दिया।

मई का महीना शुरू हो गया है। मई माह में गर्मी का प्रचंड रूप गर्मी में अपना पूरा असर दिखा देता था,लेकिन इस बार मौसम का मिजाज़ कुछ अलग ही हो गया है। दिन भर गर्मी और रात को ठंडक हो रही है,जबकि इस माह लोग छतों पर सोने चले जाते थे,मगर इस बार छत पर सोना तो दूर लोग घरों के कमरों को बंद करके सो रहे हैं। इस दौरान कुछ देर पंखे चलाकर,जबकि रोत्र के मध्य पहर में ठंडक का अहसास होते ही चादर आदि तान ली जा रही है। मौसम का मिजाज़ यहीं नही समझ आ रहा,बल्कि इस कदर बिगड़ गया है कि कब बरसात हो जाये और कब बादल छायें कुछ पता नहीं रहता।

# नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोपी ने पुलिस टीम पर किया जानलेवा हमला, गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** जनपद के थाना नागफनी क्षेत्र में नाबालिग बच्ची से छेड़छाड़ के आरोपी को गिरफ्तार करने गई पुलिस टीम पर आरोपी ने धारदार चाकू से हमला कर दिया। हमले में एक उपनिरीक्षक घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया। पुलिस ने आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से अवैध चाकू बरामद किया है।पुलिस के अनुसार, 6 मई को थाना नागफनी क्षेत्र में एक नाबालिग बच्ची के साथ छेड़छाड़, विरोध करने पर धमकी देने तथा शिकायत करने पर पीड़ित पक्ष के साथ मारपीट और गाली-गलौज किए जाने का मामला सामने आया था। इस संबंध में थाना नागफनी पर पॉक्सो एक्ट के तहत अहसान, रविया, सानय और नेहा के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था। घटना के बाद से मुख्य आरोपी अहसान फरार चल रहा था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नागफनी पुलिस लगातार आरोपी की तलाश कर रही थी। गुरुवार को पुलिस टीम संदिग्ध व्यक्ति और वाहन चेकिंग कर रही थी, तभी सूचना मिली कि वांछित आरोपी अहसान चाकू लेकर पीड़िता के घर के आसपास घूम रहा है और किसी बड़ी घटना को अंजाम दे सकता है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को देखते ही आरोपी रामगंगा नदी की ओर भागने लगा। पुलिस ने घेराबंदी कर उसे आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, लेकिन आरोपी ने पुलिस टीम पर हमला कर दिया। इस दौरान उसने उपनिरीक्षक तेजेन्द्र कुमार पर चाकू से वार कर उन्हें घायल कर दिया। हालांकि पुलिसकर्मियों ने साहस दिखाते हुए आरोपी को दबोच लिया।गिरफ्तार आरोपी की पहचान अहसान पुत्र अली हुसैन निवासी कहारो का मंदिर, लज्जड़ वाली मस्जिद के पीछे थाना नागफनी जनपद मुरादाबाद के रूप में हुई है। आरोपी के खिलाफ थाना नागफनी में धारा 132, 109(1) बीएनएस तथा 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत एक और मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले में आगे की विधिक कार्रवाई कर रही है।



# अंतोदय राशन कार्डों का होगा सत्यापन अपात्रों के काटे जाएंगे नाम

**कांठ (शाह टाइम्स)।** शासन के आदेश पर अब अंतोदय राशन कार्ड के सत्यापन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। जिसमें विकासखंड के कर्मचारी और नगर पंचायत के कर्मचारियों को लगाया गया है इस संबंध में आज एसडीएम ने एक बैठक बुलाई जिसमें कांठ उमरी कला एवं विकासखंड के कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया बताया गया कि 2014 से अंत्योदय राशन कार्ड धारकों को निशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है लेकिन इसमें कुछ लोगों का आर्थिक स्थिति में सुधार हुआ है तो काफी लोगों की मृत्यु हो चुकी है कुछ लोग यहां से कहीं बाहर चले गए हैं कुछ के यूनिट में फर्क आया है लेकिन उक्त सभी लोग निशुल्क खाद्यान्न का लाभ प्राप्त कर रहे हैं और पात्र लाभार्थियों को इसका लाभ नहीं मिल पा रहा। इसके लिए सभी कर्मचारियों को इस संबंध में 15 दिन के भीतर सत्यापन करने के लिए निर्देशित किया गया है सत्यापन करने वाली टीमों को गहनता से जांच करने के निर्देश दिए गए हैं और बताया गया है कि अपात्र या अंत्योदय परिवार में मानक के विपरीत यदि कोई बात पाई जाती है तो उसकी सूची तैयार करेंगे और ऐसे लोगों के नाम काटे जाने के बाद फिर प्रार्थना पत्र देने वाले पात्र लोगों के नाम को जोड़ा जाएगा। एसडीएम ने सभी कर्मचारियों को निर्धारित समय के भीतर अपना-अपना कार्य पूरा करने के लिए निर्देशित किया है।



## एक नजर

### जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया का अधिवक्ताओं ने किया स्वागत



**मुरादाबाद।** आज जिलाधिकारी राजेंद्र पैंसिया का बुद्धि विहार निवासी एडवोकेट ललित प्रजापति द्वारा अपने साथी अधिवक्ताओं के साथ मिलकर स्वागत किया गया। इस दौरान एडवोकेट विनय कुमार, एडवोकेट अभिषेक आर्य सहित अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### बंगाल चुनाव राजनीतिक इतिहास का घनघोर काला दिन: जयवीर यादव



**मुरादाबाद।** जिला समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक सिविल लाइन स्थित कार्यालय कोठी नंबर चार पर हुई बैठक मे वक्ताओं ने कहा अब क्या सत्ताधारी राजनीति को पाताल से भी नीचे ले जाएंगे। देश के राजनीतिक इतिहास का ये एक घनघोर 'काला दिन' है। आज पूरा देश आक्रोशित है और लोकतंत्र व्यथित। जिलाध्यक्ष जयवीर सिँह यादव ने बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा चुनावी व्यवस्था के नाम पर केंद्रीय बलों का जो दुरुपयोग मतगणना में आज बंगाल में हुआ है, ठीक वैसा ही घपला 2022 के यूपी विधानसभा चुनाव में अधिकांश जगह किया गया था, जिसकी साक्षात गवाह कन्नौज की विधानसभाएं थीं। फिर इसी निंदनीय मॉडल को फर्रुखाबाद के 2024 लोकसभा चुनाव में दोहराया गया था। सब जानते हैं क्या हुआ है और सच क्या है और जनमत की खुली लूट कैसे हुई है। हम पीडीए के लोग की माँग है कि जो 'महिला आरक्षण' समस्त विपक्ष ने मिलकर संसद में सहर्ष पास किया है उसे 2027 के उप्र विधानसभा चुनाव में लागू करने की घोषणा भाजपा सरकार तत्काल करे या कह दे कि पुरुषवादी भाजपाई और उनके सामंती संगी-साथी महिलाओं को आरक्षण के खिलाफ हैं। बैठक मे जिलाध्यक्ष जयवीर सिँह यादव, जिला महासचिव फुरकान अली,पूर्व विधायक हाजी रिजवान पूर्व जिलाध्यक्ष अतहर हुसैन अंसारी, पूर्व महानगर अध्यक्ष शाने अली शानू, वसीम कुरैशी,संजीव चौधरी, आसकार पाशा, धर्मेंद्र यादव,मौ. उस्मान,नवीन यादव, आदित्य चौधरी,लाखन सिँह सैनी,विक्रम सिँह यादव,शीरी गुल,राकेश दानव,तालिब अंसारी जहाँउल्ला खान,हारून पाशा, भानू प्रताप, सतेंद्र सिँह, बदुद खान, प्रवीन सैनी, वजीद मलिक, अफरोज खान, क्यामुद्दीन सैफी, सगीर अहमद, चौ. रणवीर हितेश यादव, विनय यादव, रहीस अहमद आदि प्रमुख थे।

### भारत विकास परिषद के पदाधिकारियों ने जिला अधिकारी को पटका पहनाकर किया स्वागत

**कांठ (शाह टाइम्स)** भारत विकास परिषद रोहिलखंड पश्चिमी प्रांत के अध्यक्ष अजय कट्टा के नेतृत्व में जिलाधिकारी राजेंद्र कुमार पैंसिया से शिष्टाचार भेंट की पटका पहनाकर और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया स प्रति. निधि मंडल ने जिला अधिकारी से परिषद के कार्यक्रम में आने का निमंत्रण दिया जिसको उन्होंने स्वीकार कियास इस अवसर पर निर्मल मेहता, प्रांतीय महासचिव नीरज मित्तल, आदि मौजूद थेस प्रांतीय अध्यक्ष ने बताया उनसे भारत विकास परिषद के कार्यक्रम में आने के लिए निवेदन किया गया , उन्होंने पूरा आश्वासन दिया और कहा कि समय मिलने पर कार्यक्रम में आएंगे।



# छात्रों को लगाए गए टीबी के टीके

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** हैविट मुस्लिम इंटर कॉलेज मे कॉलेज की राष्ट्रीय स्वयंसेवक इकाई एवं कार्यक्रम अधिकारी मुशाहिद हुसैन के सहयोग से टीकाकरण कराया गया। छात्रों को टीबी के टीके लगाये गये जो प्राथमिक स्वास्थ केंद्र की ऐ. एन एम. श्रीमती माया वर्मा, श्रीमती संजीता, श्रीमती शर्मीला द्वारा लगाये गए. ये टीकाकरण डॉ. नावेद एवं डॉ मोनू सिंह की देखरेख मे संपन्न हुआ। इस अवसर पर नस के कार्यक्रम अधिकारी मुशायरा सेन ने छह रोग के प्रति लोगों को छात्रों को जागरूक किया उसके बचाव के तरीके भी बताए गए । उन्होंने कहा कि टी बी बीमारी का उपचार भी संभव है यदि समय पर उपचार शुरू कर दिया जाए को टीबी रोग जड़ से खत्म हो जाता है। इस अवसर पर कॉलेज स्टॉफ के श्री मसरूर हसन, रियाजुल इस्लाम, श्री इकबाल अहमद व श्री जाहिद हुसैन आदि मौजूद रहे।



# जनगणना का स्व गणना से प्रारंभ एमपी एमएलए और सरकारी कर्मचारियों से हुई शुरुआत

**कांठ (शाह टाइम्स)।** जनगणना में अपनी डिटेल खुद दर्ज कर सकते हैं। स्व गणना (सेल्फ एन्युमिरेशन) गुरुवार से शुरू हो गई है जो 21 मई तक चलेगी। स्वगणना जितनी ज्यादा होगी जनगणना में उतनी आसानी होगी। प्रशासन की ओर से तैनात प्रगणक 22 मई से घर-घर आएंगे उन्हें स्वगणना की आईडी देनी है जिसे पर पोर्टल के माध्यम से सत्यापित कर लेंगे। सात मई को पहले दिन एमपी एमएलए और राजस्व विभाग के अफसरों से स्वगणना की शुरुआत की गई हैसइससे जनगणना का काम आसान हो जाएगा। आपको समय कम देना पड़ेगा और प्रगणक जब आपके घर की कुंडी 22 मई से खटखटाएंगे तो उन्हें भी ज्यादा मथापच्ची नहीं करनी पड़ेगी। जनगणना 2027 के लिए सेल्फ एन्युमिरेशन पोर्टल (एसई) नागरिकों को पोर्टल के माध्यम से यह सुविधा मिलेगी। अपने लैपटॉप, कंप्यूटर से घर बैठे खुद घर की सारी जानकारी ऑनलाइन भर सकते हैं। किसी समस्या पर जनगणना की तकनीकी टीम आपकी मदद करेगी। स्वगणना की सुविधा 16 भाषाओं में उपलब्ध है। जिला जनगणना अधिकारी ममता मालवीय ने कहा कि स्व-जनगणना (सेल्फ एन्युमिरेशन) करें जिससे समय भी बचेगा और डाटा शुद्ध भी रहेगा। इसके लिए आधिकारिक पोर्टल एचटीटीपीएस://से. सेंसस.गोव.इन पर जाना होगा। इसके लिए परिवार के मुखिया का मोबाइल नंबर डालना होगा। आधार और मकान से जुड़ी जानकारी इसमें भरनी होगी। पूरी प्रक्रिया के बाद 11 अंकों की एसईआईडी जनरेट होगी प्रगणकों को यही आईडी आपको बतानी है। प्रगणक 22 मई से घर घर पहुंचेंगे। जनगणना प्रबंधन डिजिटली होगा। इस पोर्टल का नाम सीएमएसएस है। जिले में आठ हजार से ज्यादा कर्मचारी जनगणना कार्य के लिए लगाए गए हैं। स्वगणना कोई भी कर सकता है पर इसे सरकारी मशीनरी ने युद्ध स्तर पर करने का निर्णय लिया है। सात मई को शुरुआत सांसद विधायक और राजस्व विभाग के प्रशासनिक अफसरों से की गई है।

मंडलायुक्त आन्जनेय कुमार भी गुरुवार को स्वगणना करेंगे। इसी तरह 8 मई को लोकल गर्वनेंस और ग्रामीण विकास विभाग, 9 मई को युवा एवं खेल डे होगा। मीडिया डे भी इसी दिन है। ग्यारह को न्यायिक विभाग का दिन है। 12 को यूनिफार्म फोर्स डे में पुलिस पीएसी सभी करेंगे। 13 मई को केंद्र सरकार के आधीन विभागों के अधिकारी, 14 को शिक्षा, 15 को स्वास्थ्य, आदि विभाग करेंगे।

भारत की जनगणना
2027
CENSUS OF INDIA
जनगणना से जन कल्याण

# एसडीएम ने कर्मचारियों की बैठक बुलाकर कहा स्वयं करें अपनी जनगणना

**कांठ (शाह टाइम्स)** एसडीएम संत दास पवार ने तहसील सभागार में आज कर्मचारियों की बैठक बुलाई और उन्हें अपनी जनगणना स्वयं किए जाने के निर्देश दिए। बताया गया कि जनगणना का कार्य 22 मई से शुरू होना है लेकिन पोर्टल पर स्वयं जनगणना करने का कार्य आज से शुरू हो चुका है उन्होंने इस संबंध में कर्मचारियों को बुलाकर अपनी जनगणना स्वयं किए जाने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि पढ़े-लिखे लोग इस काम को स्वयं कर सकते हैं तो उन्हें यह काम करना चाहिए। क्योंकि जनगणना करने वाली टीमों का इससे वर्कलोड कम होगा और जनगणना के कार्य को समय से भी पूरा किया जा सकेगा। जबकि स्वयं जनगणना करने से उसमें गलत डाटा फीड होने की भी गुंजाइश न के बराबर रहेगी कुछ कर्मचारियों ने आज ही इस पर अमल करते हुए स्वयं की जनगणना भी की है।



# चोरी के मामले में चार लोगों पर नामजद मुकदमा कराया दर्ज

**बिलारी (शाह टाइम्स संवाददाता)।** कोतवाली क्षेत्र के गांव नगला नस्सू में चोरी के मामले में चार लोगों पर मुकदमा दर्ज कराया गया है। गांव के ही गजराम सिंह पुत्र सोहन सिंह ने मुकदमा दर्ज कराया कि उसके घर पर 10 अप्रैल की रात्रि में चोरी हो गई थी, चोर घर से भारी तादाद में सोने चांदी का सामान चोरी करके ले गए थे। आरोप लगा कि घर में चोरी गांव के ही अंकित, राम तीरथ, अखिलेश,धीरेंद्र सिंह आदि ने की थी। मामले में मुकदमा दर्ज कराकर कार्यवाही की मांग उठाई गई है।

# 18 मई को आयोजित होने वाली महापंचायत को ऐतिहासिक बनाने में जुटी भाकियू टिकैत

**मुरादाबाद।** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) की एक आवश्यक पंचायत गुरुवार को अंबेडकर पार्क में आयोजित की गई। पंचायत में आगामी 18 मई को कुंदरकी में होने वाली राष्ट्रीय किसान-मजदूर संवाद महापंचायत की तैयारियों को लेकर विस्तृत रणनीति बनाई गई। यह महापंचायत भाकियू टिकैत के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत की अगुवाई में आयोजित होगी।पंचायत में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष विजेंद्र सिंह यादव ने कहा कि 18 मई की कुंदरकी महापंचायत ऐतिहासिक साबित होगी। उन्होंने कहा कि पंचायत में प्रदेश और जनपद के किसानों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया जाएगा। किसानों की बिजली, सिंचाई, सहकारी बैंक और प्रशासनिक समस्याओं को लेकर व्यापक आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी।भाकियू नेताओं ने कहा कि स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया को फिलहाल स्थगित किया गया है, लेकिन जब तक पुराने सामान्य मीटर नहीं लगाए जाते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। इसके अलावा सहकारी बैंकों द्वारा अधिक ब्याज वसूली, किसानों के खातों में सब्सिडी राशि समय पर न पहुंचने तथा राजस्व निर्धारण में अनियमितताओं को लेकर भी नाराजगी जताई गई।पंचायत में यह भी आरोप लगाया गया कि कुछ अधिकारियों द्वारा भाकियू कार्यकर्ताओं के साथ अनदेखी और दुर्व्यवहार किया जा रहा है। इन सभी मुद्दों को लेकर महापंचायत में आंदोलन की आगामी दिशा तय की जाएगी। बैठक में मंडल अध्यक्ष मनोज चौधरी, जिला अध्यक्ष घनेंद्र शर्मा, ऋषिपाल सिंह, नरेश प्रताप सिंह, रणधीर सिंह, रनवीर सिंह, धर्मपाल सिंह, माखन सिंह, प्रेमपाल सिंह, करण सिंह समेत बड़ी संख्या में किसान नेता मौजूद रहे। पंचायत की अध्यक्षता डॉ. चरन सिंह तथा संचालन दीपक चौधरी ने किया।



# दहेज के लिए प्रत्याड़ित करने के मामले में पांच पर मुकदमा

**बिलारी।** थाना क्षेत्र के गांव हाजीपुर की तरन्नुम पुत्री गुलाम नबी ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया कि उसका निकाह मुस्लिम रीति रिवाज के मुताबिक जनपद बुलंदशहर के थाना औरंगाबाद के गांव सूरजपुर ठीकरी के शराफत अली के साथ हुआ था। शादी के बाद ही पति शराफत अली, सास अकबरी बेगम, ससुर लियाकत अली, नंद सायवा, देवर इरफान आदि दहेज से खुश नहीं थे। दो लाख की मांग कर रहे थे और गंदी गालियां देते थे। मारते पीटते भी थे, उसके दो बच्चे एक बेटा व एक बेटी हैं।पति शराफत कभी कागजो पर तलाक लिखाता है तो कभी आत्महत्या की बात भी लिखता है। 29 अगस्त को उसने एक बेटी को जन्म दिया तो ससुराल पक्ष के लोग नाराज हो गए, बाद में धक्के देकर घर से बाहर निकाल दिया। तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया।

# टीएमयू में एक्सपर्ट्स बोले, हेल्थ एजुकेशन में वीआर तकनीक से क्रांतिकारी परिवर्तन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** मेडीसिम वीआर, चेन्नई के हेड ऑफ अकेडमिक इंगेजमेंट डॉ. आदित्य जोसेफ परंपिल और क्लिनिकल एजुकेटर श्री रोबिन मेंजमिन ने कहा, वर्चुअल रियलटी-वीआर तकनीक स्वास्थ्य शिक्षा में क्रांतिकारी परिवर्तन ला रही है। यह न केवल स्टुडेंट्स की लर्निंग प्रोसेस को प्रभावी बनाती है, बल्कि उन्हें वास्तविक जीवन की चुनौतियों के लिए बेहतर तरीके से तैयार भी करती है। वीआर एक जोखिम मुक्त अभ्यास विधि है। छात्र बिना किसी मरीज को नुकसान पहुँचाए आईसीयू, ऑपरेशन थिएटर, आपातकालीन स्थितियों सरीखी जटिल परिस्थितियों का अभ्यास सुगम तरीके से कर सकते हैं। यह बेहतर समझ, रिटेंशन, मेंटल हेल्थ नर्सिंग में बेहद कारगार है। वीआर से धन और समय की बचत के संग-संग स्टुडेंट्स की स्किल्स का विकास भी होता है। भविष्य में वीआर के जरिए टेली नर्सिंग, मेंटल नर्सिंग ट्रेनिंग के संग-संग आईसीयू, ओटी, एनआईसीयू, साइकेट्रिक नर्सिंग सरीखी स्पेशियलिटी की ट्रेनिंग भी सस्ती और सुरक्षित हो जाएगी। हैंड्स ऑन ट्रेनिंग वर्कशॉप की थीम एडवांसिंग हेल्थकेयर ट्रेनिंग वर्चुअल रियलटी रही। डॉ. आदित्य और श्री रोबिन तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के कॉलेज ऑफ नर्सिंग में मेंटल हेल्थ नर्सिंग, चाइल्ड हेल्थ नर्सिंग और ओबीजी नर्सिंग की ओर से आयोजित दो दिनी हैंड्स ऑन ट्रेनिंग वर्कशॉप में बतौर एक्सपर्ट बोल रहे थे। इससे पूर्व मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन के संग वर्कशॉप का शंखनाद हुआ। वर्कशॉप में वक्ताओं ने स्टुडेंट्स और फैकल्टीज को वीआर के जरिए सीबीजी, इंजेक्शन, डाक्यूमेंटेशन कराया। साथ ही वीआर के जरिए स्टुडेंट्स ने मरीजों की देखभाल, आपातकालीन परिस्थितियों, सर्जिकल प्रक्रियाओं का प्रबंधन आदि में अनुभव भी प्राप्त किए। वर्कशॉप के प्रशिक्षण सत्रों में इंटरेक्टिव डेमो, लाइव सिम्युलेशन, केस आधारित लर्निंग एक्टिविटीज के जरिए स्टुडेंट्स को प्रशिक्षित किया गया। हैंड्स ऑन ट्रेनिंग वर्कशॉप में नर्सिंग की डीन प्रो. एसपी सुभाषिनी, टीएमकॉन की प्राचार्या प्रो. जेसलीन एम., टीपीकॉन की प्राचार्या प्रो. श्योली सेन, वाइस प्रिंसिपल प्रो. राम. निवास, मेंटल हेल्थ नर्सिंग की एचओडी प्रो. सुमन वशिष्ठ, ओबीजी नर्सिंग की एचओडी प्रो. विजीमोल, चाइल्ड हेल्थ नर्सिंग की एचओडी प्रो. सपना सिंह के संग-संग नर्सिंग के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।



# वेतन वृद्धि की मांग को लेकर एक्सपोर्ट फर्म के बाहर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** शहर के दिल्ली रोड स्थित श्रीनाथ जी एक्सपोर्ट के बाहर गुरुवार को उस समय हड़कंप मच गया, जब फर्म में कार्यरत कर्मचारियों ने वेतन वृद्धि की मांग को लेकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने कंपनी के मुख्य द्वार पर एकत्र होकर नारेबाजी की और प्रबंधन के खिलाफ विरोध जताया। प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों का कहना था कि लगातार बढ़ती महंगाई के बीच वर्तमान वेतन में परिवार का पालन-पोषण करना मुश्किल हो गया है। कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि लंबे समय से वेतन बढ़ाने की मांग की जा रही है, लेकिन प्रबंधन उनकी समस्याओं पर ध्यान नहीं दे रहा। इसी को लेकर कर्मचारियों ने एकजुट होकर प्रदर्शन करने का निर्णय लिया।धरने के दौरान कर्मचारियों ने "वेतन बढ़ाओ" और "कर्मचारियों का शोषण बंद करो" जैसे नारे लगाए। प्रदर्शन के चलते कुछ समय के लिए फैक्ट्री के बाहर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस भी मौके पर पहुंची और कर्मचारियों को शांत कराते हुए बातचीत के जरिए मामला सुलझाने का प्रयास किया।कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। वहीं, फर्म प्रबंधन की ओर से कर्मचारियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं का समाधान निकालने का आश्वासन दिया गया है।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम दिलीप भाटिया DALIP BHATIA के स्थान पर दिलीप कुमार भाटिया DALIP KUMAR BHATIA रख लिया है भविष्य में मुझे दिलीप कुमार भाटिया के नाम से जाना व पहचाना जाए।
दिलीप कुमार भाटिया पुत्र खेमचंद्र भाटिया निवासी डी-101 टीडीआई नगर रामगंगा विहार-2, एमडीए, थाना सिविल लाइंस, मुरादाबाद।

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैंने अपना नाम कुलदीप कुमार चावला से बदलकर कुलदीप चावला रख लिया है।
भविष्य में मुझे कुलदीप चावला के नाम से जाना व पहचाना जाए।
कुलदीप चावला पुत्र श्री मनोहर लाल चावला निवासी चावला टायर्स स्टेशन मार्ग, मुरादाबाद।

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू० डि० ) महोदय, मुरादाबाद।**
**मूलवाद संख्या :** 148/2026
**तारीख पेशी:** 14.05.2026
**श्री रईस अहमद आदि बनाम श्री इसरार आदि।**
1. श्री रईस अहमद, 2. श्री खुशनम पुत्रगण श्री प्यारे खां मरहूम निवासीगण ग्राम स्योडारा तहसील बिलारी जिला मुरादाबाद-**वादीगण।**
**बनाम**
1. श्री इसरार पुत्र श्री प्यारे खां मरहूम, 2. श्री समीर, 3. श्री फुरकान पुत्रगण श्री बत्तन समस्त निवासीगण ग्राम स्योडारा तहसील बिलारी, जिला मुरादाबाद-**प्रतिवादीगण।**
चूंकि उपर्निनामांकित **वादीगण** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि स्थायी निषेधाज्ञा अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2026 के माह 05 के दिवस 14 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।
मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2026 के माह 05 के दिवस 07 को निकाली गयी है।
**मुंसरिम**
**न्यायालय सिविल जज (जू०डि० ), मुरादाबाद।**

**न्यायालय श्रीमान सिविल जज ( जू0 डि0 ) महोदय, जिला मुरादाबाद ।**
नं0 मुकदमा मूलवाद सं0 769/2025
**तारीख पेशी:** 15.07.2026
अब्दुल रफीक आयु 76 वर्ष पुत्र स्व. अब्दुल हमीद निवासी मौहल्ला ठाकुरान खारी कुआं तहसील व कस्बा बिलारी जिला मुरादाबाद-**वादी।**
**बनाम**
1. अवधेश कुमार आयु 50 वर्ष पुत्र हरपाल सिंह नि० मौहल्ला ठाकुरान खारी कुआँ तहसील व कस्बा बिलारी पिन-244411 जिला मुरादाबाद, 2. उमेश कुमार सिह आयु लगभग 55 वर्ष पुत्र हरपाल सिंह निवासी मौहल्ला ठाकुरान खारी कुआं तहसील व कस्बा बिलारी पिन-244411 जिला मुरादाबाद, 3. जकीउददीन आयु लगभग 50 वर्ष पुत्र अलीमउददीन नि0 मौहल्ला अन्सारियान तहसील व कस्बा बिलारी पिन- 244411 जिला मुरादाबाद, 4. श्रीमती नाजरीन बेगम आयु लगभग 40 वर्ष पत्नी मौ० अशरफ निवासी ग्राम इब्राहीमपुर मिर्जा तहसील व कस्बा बिलारी पिन-244411 जिला मुरादाबाद, 5. श्रीमती मुख्तरी आयु लगभग 45 वर्ष पत्नी शौकत निवासी ग्राम इब्राहीमपुर मिर्जा तहसील व कस्बा बिलारी पिन- 244411 जिला मुरादाबाद।
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 15.07. 2026 ई० ववक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जों जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे की करे और आपको वाजिव है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करे जिन पर आप बताईये अपनी जवाबदेही के इस्तेमाल कराना चाहते हो। आपको इत्तला दी जाती है कि अगर वरोज मजकूर आप हाजिर न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपके मनसुआ और फैसला होगा। दरख्वास्त मेरे दस्तखत और मौहर अदालत के आज बतारीख 07 माह 05 सन् 20 26 ई० जारी किया गया।
**मुंसरिम**
**न्यायालय सिविल जज ( जू०डि० ), मुरादाबाद।**

# मंडी समिति में अज्ञात युवक का शव मिलने से सनसनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** तहसील क्षेत्र स्थित कृषि उत्पादन मंडी समिति में गुरुवार सुबह एक अज्ञात युवक का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह करीब 9रू30 बजे मंडी समिति परिसर में ईंटों के खड़ंजे पर लगभग 30 वर्षीय युवक का शव पड़ा मिला। मंडी में काम कर रहे लोगों ने शव देखकर तुरंत पुलिस को सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने आसपास मौजूद लोगों से युवक की



पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। मंडी समिति में कार्यरत लोगों ने पुलिस को बताया कि उक्त युवक पिछले तीन-चार दिनों से मंडी परिसर में घूमता दिखाई दे रहा था। मंडी में प्रतिदिन बड़ी संख्या में मजदूर और व्यापारी आते हैं, इसके बावजूद कोई भी व्यक्ति युवक को पहचान नहीं पाया। घटना की सूचना पर फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। क्राइम इंस्पेक्टर बलराम सिंह यादव ने बताया कि युवक के शरीर पर किसी गंभीर बाहरी चोट के निशान नहीं मिले हैं, हालांकि घुटनों पर चोट के निशान पाए गए हैं। जिस स्थान पर शव मिला वहां पत्थर पड़े हुए थे, जिससे आशंका जताई जा रही है कि युवक गिरकर घायल हुआ हो। पुलिस ने युवक की पहचान कराने के लिए उसकी फोटो विभिन्न माध्यमों से प्रसारित कर दी है। फिलहाल पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है, जिसके बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल सकेगा।

## जमीन विवाद में महिला से मारपीट, युवक तमंचे समेत गिरफ्तार

**ठाकुरद्वारा।** क्षेत्र के गांव लाल. पुर गोसाई में जमीन विवाद को लेकर महिला और उसकी पुत्रवधू के साथ मारपीट करने तथा जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचे और कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लालपुर गोसाई निवासी रोशनी देवी पत्नी हरवंश सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि वह अपनी पुत्रवधू बबीता के साथ पशुओं के लिए चारा काटने गई थीं। आरोप है कि इसी दौरान गांव निवासी कृष्ण कुमार उर्फ काकू पुत्र अरविंद कुमार वहां पहुंच गया और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगा। आरोपी की गिरफ्तारी उपनिरीक्षक सुरेश चन्द्र गौतम, उपनिरीक्षक किरंत पंवार व हैड कांस्टेबल कृष्णवीर सिंह मौजूद रहे।

**न्यायालय**-सिविल जज (जू.डि.) मुरादाबाद।
**मूलवाद वाद सं0**- 651 सन 2025
**तारीख पेशी:** 07.07.2026
**अतीक अहमद बनाम**
**श्रीमती कहकशा उर्फ नसीम बानों आदि।**
अतीक अहमद पुत्र हकीम खलीक अहमद मरहूम नि0 8/एफ-4, गली, हकीम मुश्ताक अहमद फैज गंज पूर्वी मुरादाबाद। **वादी**
**बनाम**
1. श्रीमती कहकशां उर्फ नसीम बानो बेवा डॉ॰ मौहम्मद अनीक अहमद मरहूम पुत्र हकीम खलीक अहमद मरहूम निवासी /एफ-4, गली हकीम मुश्ताक अहमद फैजगंज पूर्वी मुरादाबाद। 2. अनवर कमाल उर्फ बब्लू पुत्र डॉ॰ मौहम्मद अनीक अहमद मरहूम पुत्र हकीम खलीक अहमद मरहूम निवासी 8/एफ-4. गली हकीम मुश्ताक अहमद फैजगंज पूर्वी मुरादाबाद। 3. श्रीमती अजरा अनीक पत्नी श्री शमीम अहमद पुत्री डॉ॰ मौहम्मद अनीक अहमद मरहूम निवासी 36 सी, जसोला विहार, पाकेट न॰-8, नई दिल्ली। 4. श्रीमती समीना अनीक पत्नी श्री मौ॰ युसुफ पुत्री डॉ॰ मौहम्मद अनीक अहमद मरहूम निवासी 36 सी, जसोला विहार, पाकेट न॰-8, नई दिल्ली। 5. श्रीमती जेबा अनीक पत्नी श्री मौ॰ रिहान पुत्री डॉ॰ मौहम्मद अनीक अहमद मरहूम निवासी मौहल्ला नखासा, सम्भल। 6. श्रीमती मुमताज अहमद बेवा डॉ॰ रशीक अहमद मरहूम पुत्र हकीम खलीक अहमद मरहूम निवासीगण फ्लैट नं0-45, परोज कोर्ट, एडमिन्टन, लंदन, एन 18, 2 एस॰एल॰, 7. रशीका पुत्री डॉ॰ रशीक अहमद मरहूम पुत्र हकीम खलीक अहमद मरहूम निवासी फ्लैट नं0-45, परोज कोर्ट, एडमिन्टन, लंदन, एन 18, 2 एस॰एल॰, 8. सायरा रशीक पुत्री डॉ॰ रशीक अहमद मरहूम पुत्र हकीम खलीक अहमद मरहूम निवासी फ्लैट नं0-45, परोज कोर्ट, एडमिन्टन, लंदन, एन 18, 2 एस॰एल॰, 9. महमूद खलीक अहमद पुत्र डॉ॰ रशीक अहमद मरहूम पुत्र हकीम खलीक अहमद मरहूम निवासीगण फ्लैट नं0-45, परोज कोर्ट, एडमिन्टन, लंदन, एन 18, 2 एस॰एल॰, 10. जफर मसूद पुत्र हकीम खलीक अहमद मरहूम निवासी- 8/एफ-4 गली हकीम मुश्ताक अहमद, फैजगंज पूर्वी, मुरादाबाद। 11. मौ॰ अतहर पुत्र हकीम खलीक अहमद मरहूम निवासी मकान नं0-446, शिव खण्ड, विश्वास नगर, झिलमिल, फैज 2 शाहदरा, दिल्ली। 12. मौ॰ जावेद उर्फ बब्ली पुत्र मौ॰ सलीम मरहूम पुत्र हकीम खलीक अहमद मरहूम निवासीगण निकट रहमानी मस्जिद, गली नं0-04, रहमत नगर, करूला, मुरादाबाद। 13. श्रीमती जुबैदा खातून पत्नी मौ॰ अफशान पुत्री मौ॰ सलीम मरहूम पुत्र हकीम खलीक अहमद मरहूम निवासीगण निकट रहमानी मस्जिद, गली नं0-04, रहमत नगर, करूला, मुरादाबाद। 14. मौ॰ परवेज उम्र लगभग 35 वर्ष पुत्र मौठ सलीम मरहूम पुत्र हकीम खलीक अहमद मरहूम निवासीगण निकट रहमानी मस्जिद, गली नं0-04, रहमत नगर, करूला, मुरादाबाद। 15. सादिया उर्फ गुड्डी पुत्री मौ॰ सलीम मरहूम पुत्र हकीम खलीक अहमद मरहूम निवासीगण निकट रहमानी मस्जिद, गली नं0-04. रहमत नगर, करूला, मुरादाबाद। 16. डा॰ सुल्तान अहमद उम्र लगभग 60 वर्ष पुत्र हकीम खलीक अहमद मरहूम निवासी 8/एफ-4, गली हकीम मुश्ताक अहमद फैजगंज पूर्वी मुरादाबाद। 17. नाजिर उददीन उर्फ बिटटू पुत्र सबीउददीन मरहूम निवासी मदरसा अशफाकिया, काजी टोला, पुराना शहर बरेली। 18 नाजिम उददीन उर्फ डब्बू पुत्र सभी उददीन मरहूम निवासी हिन्दूपुरा खेडा, जिला सम्भल। 19. श्रीमती अमीना परवीन उर्फ नूरी पत्नि श्री साबिर हुसैन पुत्री सबी उददीन मरहूम निवासनी डी-7, तृतीय तल, नियर मक्की मस्जिद, अबुल फजल एनक्लेव, पार्ट-1, जामिया नगर, नई दिल्ली। 20. श्रीमती गजाला पत्नि श्री इमरान पुत्री सबी उददीन निवासनी मदरसा अशफाकिया, काजी टोला, पुराना शहर बरेली। 21. श्रीमती सुरईय्या जबी पत्नि श्री शबी अहमद पुत्री हकीम खलीक अहमद मरहूम निवासनी ई1. बस्ती हजरत निजामुददीन वेस्ट नई दिल्ली। 22. श्रीमती नजहत फात्मा पत्नि श्री महबूब अहमद पुत्री हकीम खलीक अहमद मरहूम निवासनी आजाद नगर मुरादाबाद। 23. श्रीमती निकहत फात्मा पत्नि श्री अब्दुल माजिद खान पुत्री खलीक अहमद मरहूम निवासनी डी-702 सेक्टर नं0-4, पंचशील अपार्टमेन्ट फ्लैट नं0-24 द्वारिका नई दिल्ली। 24. श्रीमती शकीला रफत पत्नि श्री शकील अनवर गाजी पुत्री हकीम खलीक अहमद मरहूम निवासनी 8/एफ-4, गली हकीम मुश्ताक अहमद, फैजगंज पूर्वी, मुरादाबाद। **प्रतिवादीगण।**
चूंकि उपरिनामांकित वादी ने इस न्यायालय में उक्त वाद/आवेदन प्रस्तुत किया है अतएव एतद्वारा आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उक्त वाद/आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2026 वर्ष के माह 07 के दिवस 07 को 10 बजे पूर्वान्ह अनुदिष्ट स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता द्वारा उपस्थित हो यदि आप प्रतिवादीगण ऐसा करने में असफल रहते है तो उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप में सुना जायेगा।
**मुंसरिम**
**न्यायालय सिविल जज**
**(जू0डि0), मुरादाबाद।**

# छात्रा ने घर में फांसी लगाकर दी जान

## पिता दूध लेने गए थे बाहर, लोहे का गेट तोड़कर अंदर पहुंचे थे परिजन

**चन्दौसी।** कोतवाली क्षेत्र की पंचशील कॉलोनी में बुधवार देर शाम एक युवती ने संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से परिवार में कोहराम मच गया। सूचना मिलने पर पुलिस और फोरेंसिक टीम मौके पर पहुंची तथा जांच-पड़ताल शुरू कर दी। फिलहाल आत्महत्या के पीछे का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है। पंचशील कॉलोनी निवासी मेहताब सिंह हाल ही में संभल के एक इंटर कॉलेज से शिक्षक पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। बुधवार शाम वह अपनी बेटी दीपिका के साथ घर पर थे। परिवार के अन्य सदस्य बाहर गए हुए थे। बताया गया कि दीपिका की मां मीना देवी करीब दस दिन से अपने मायके बदायूं जनपद के उझानी क्षेत्र गई हुई हैं, जबकि बड़ा बेटा जयपुर और बड़ी बेटी दिल्ली में रहकर पढ़ाई कर रहे हैं। शाम करीब छह बजे मेहताब सिंह दूध लेने के लिए घर से पास स्थित डेयरी पर गए थे। लगभग एक घंटे बाद जब वह लौटे तो घर का मुख्य लोहे का गेट अंदर से बंद मिला। काफी देर तक आवाज लगाने के बावजूद जब कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली तो उन्होंने पड़ोसियों को बुलाया। मोहल्ले के लोगों की मदद से गेट का ताला तुड़वाया गया। इसके बाद जब दीपिका के कमरे का दरवाजा भी अंदर से बंद मिला तो लोगों ने खिड़की से झांककर देखा। अंदर का दृश्य देखकर सभी सन्न रह गए। दीपिका पंखे से साड़ी के फंदे पर लटकी हुई थी। सूचना पर कोतवाली प्रभारी अनुज कुमार तोमर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने खिड़की की जाली काटकर कमरे का दरवाजा खुलवाया और शव को नीचे उतरवाया। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जरूरी साक्ष्य एकत्र किए। पुलिस



ने युवती का मोबाइल फोन और लैपटॉप भी कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

सीओ दीपक तिवारी ने भी मौके पर पहुंचकर जानकारी ली। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मोहल्ले में चर्चा है कि दीपिका नगर के एक डिग्री कॉलेज में बीए अंतिम वर्ष की छात्रा थी और परीक्षा परिणाम को लेकर परेशान चल रही थी। हालांकि पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है।

# व्यापार मंडल को राष्ट्रीय जनगणना के प्रति किया जागरूक

## एसडीएम ने प्रोजेक्टर के माध्यम से दी विस्तृत जानकारी

**ठाकुरद्वारा।** आगामी राष्ट्रीय जनगणना को लेकर प्रशासन द्वारा जागरूकता अभियान तेज कर दिया गया है। इसी क्रम में गुरुवार को व्यापार मंडल के पदाधिकारियों एवं व्यापारियों के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी प्रीति सिंह एवं जनगणना प्रशिक्षक ने प्रोजेक्टर के माध्यम से



जनगणना की प्रक्रिया, उसके महत्व और नागरिकों की भूमिका के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उप जिलाधिकारी प्रीति सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय जनगणना केवल आबादी की गिनती नहीं, बल्कि देश की विकास योजनाओं की आधारशिला होती है। जनगणना से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, सड़क, बिजली, पानी, आवास सहित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की रूपरेखा तैयार करती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक का सही और पूर्ण विवरण दर्ज होना बेहद आवश्यक है। उन्होंने व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने प्रतिष्ठानों और आसपास के लोगों को भी जनगणना के प्रति जागरूक करें तथा जनगणना कर्मचारियों को सही जानक. ारी उपलब्ध कराने में सहयोग करें। कार्यक्रम में प्रोजेक्टर के माध्यम से जनगणना के विभिन्न चरणों, ऑनलाइन एवं ऑफलाइन डेटा संग्रहण प्रक्रिया, परिवार विवरण, आर्थिक एवं सामाजिक जानकारी से जुड़े बिंदुओं को सरल भाषा में समझाया गया। इस दौरान बताया गया कि जनगणना के आंकड़े देश की आर्थिक और सामा. जिक स्थिति को समझने में सहायक होते हैं तथा सरकार को विभिन्न क्षेत्रों में आवश्यक सुविधाओं और संसाधनों की योजना बनाने में मदद मिलती है। अधिकारियों ने यह भी स्पष्ट किया कि जनगणना में दी गई व्यक्तिगत जानकारी पूरी तरह गोपनीय रखी जाती है और उसका उपयोग केवल सरकारी योजनाओं एवं सांख्यिकीय उद्देश्यों के लिए किया जाता है।

इस अवसर पर व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष संजीव सिंघल, हाजी मुख्तियार सैफी, सादिक सिद्दीकी, किफायतुल्लाह खान, फत्तू, डॉ. मोहम्मद हनीफ, हारून मलिक सहित अनेक व्यापारी उपस्थित रहे।

## पश्चिम बंगाल, असम तथा पांडिचेरी में भाजपा सरकार बनाने में कार्यकर्ताओं का बहुत बड़ा योगदान: यशवीर सिंह

**ठाकुरद्वारा।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल ठाकुरद्वारा की मासिक बैठक नगर कार्यालय में आयोजित की गई। पार्टी के हाई कमान के निर्देशानुसार मासिक बैठक 1 तारीख से 7 तारीख के बीच आयोजित हुआ



करेगी इस बैठक का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, भारत माता के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया गया। इस कार्यक्रम में भाजपा जिला मुरादाबाद के उपाध्यक्ष यशवीर सिंह ने उपस्थित भाजपा के शक्ति केंद्र संयोजक, बूथ अध्यक्ष तथा भूत प्रभारी को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को लगन से काम करते रहना चाहिए उन्होंने बताया कि पश्चिम बंगाल, असम तथा पांडिचेरी में भाजपा सरकार बनाने में कार्यकर्ताओं का बहुत बड़ा योगदान है इसके लिए तीनों प्रदेशों के कार्यकर्ता बधाई के पात्र हैं आगामी उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में भी कार्यकर्ताओं को लगन से काम करना है तथा उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार को बनाना है उन्होंने केंद्र सरकार तथा प्रदेश सरकार के द्वारा किए जा रहे विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि बिना भेदभाव के सभी को योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है । बैठक में भाजपा मंडल अध्यक्ष दीपक वाल्मीकि डॉक्टर शेर सिंह दक्ष दिनेश कुमार प्रजापति संजीव कुमार चौहान , मनोज कुमार चौहान भाजपा मीडिया प्रभारी कमलेश कुमार पवन पुष्पद , प्रदीप कुमार पाल, आशुतोष अग्रवाल, उमेश कश्यप, जयवीर सिंह चौहान ,डॉक्टर आफताब हाशमी , इकराम कुरैशी , महिला मोर्चा की अध्यक्ष रुपेश रानी चौहान, रचना सैनी ,हेमेंद्र प्रताप सिंह, भूपेंद्र सिंह चौहान, धर्मेंद्र सिंह ,उदयवीर सिंह सहित कार्यकर्ताओं ने भाग लिया।

# शरीफनगर में अतिक्रमण के खिलाफ चला पुलिस का चाबुक

**शरीफनगर।** गुरूवार को कोतवाली पुलिस द्वारा क्षेत्र की ग्राम पंचायत क्षेत्रों में अतिक्रमण के विरुद्ध अभियान चलाया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र की ग्राम शरीफनगर में अतिक्रमण के विरुद्ध सख्त रुख अपनाते हुए स्योहारा ठाकुरद्वारा मुख्य मार्ग पर अतिक्रमणकारी दुकानदारों का पुलिस एक्ट 34 बी एन एस एस 290 के अंतर्गत चालान किया गया तथा भविष्य में अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी गई। अभियान में हेड कांस्टेबल सुमित कुमार तथा आशिक अली ने शरीफनगर में मो इरफान पुत्र इस्लामुद्दीन, मो जीशान पुत्र रईस अहमद, हरीश पुत्र महावीर, नेमपाल पुत्र चिरंजीलाल, पीयूष चौहान पुत्र राकेश कुमार, वंश पुत्र राजकुमार, मो शादाब पुत्र इस्माइल, मो इस्माइल पुत्र अब्दुल अजीज, जहांग. ीर पुत्र अल्लादिया, रईस पुत्र अली हुसैन आदि के चालान कर शुल्क वसूला तथा भविष्य में अतिक्रमण से दूर रहने की चेतावनी दी। पुलिस की कार्यवाही से दुकानदारों में हड़कंप मचा रहा। मौके पर आफताब आलम, अफजाल, मो रिजवान, सत्तार, अशोक, शादाब, अमित आदि ग्रामीण उपस्थित रहे।

न्यायालय श्रीमान सिविल जज (जू0डि0) महोदय, मुरादाबाद
मूलवाद संख्या- 721/2025
तारीख पेशी:- 09.07.2026
उदयराज सिंह पुत्र शिवचरन सिंह निवासी ग्राम कूड़ामीरपुर, तहसील कांठ, जिला मुरादाबाद द्वितीय पता- रानी बाग कालौनी, धामपुर, जिला बिजनौर।
**बनाम**
श्रीमति रेनू त्यागी पत्नी श्री गौरव निवासनी मकान नं0 453, ग्राम व डाकखाना रूस्तमपुर न्यावली, तहसील व जिला सम्भल।
हरगाह वादी ने आपके नाम एक नालिश बाबत विलेख निरस्तीकरण तथा स्थायी निषेध ाज्ञा के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख 09.07.2026 बवक्त 10 बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे को करे और आपको वाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें, जिन पर आप बताईये अपनी जवाबदेही के इस्तदमाल करना चाहते हो, आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपको मनसूआ और फैसला होगा।
दरख्वास्त मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख माह सन् ई0 को जारी किया गया।
**वाद लिपिक**
**न्यायालय सिविल जज (जू॰डि॰)**
**मुरादाबाद**

न्यायालय श्रीमान मोटर वाहन दुर्घटना दावा अधिकरण महोदय, मुरादाबाद
एम0ए0सी0 संख्या- 344/2021
तारीख पेशी:- 03.06.2026
श्रीमति क्रांति आदि बनाम योगेश आदि
**बनाम**
1- योगेश विश्नोई पुत्र विरेन्द्र कुमार विश्नोई नि0 मौहल्ला इन्द्रा कालौनी, 128 देहरी मुस्तहकम आंशिक, थाना कटघर, जिला मुरादाबाद (वाहन चालक संख्या- यूपी21बीई-0234), 2- देवेन्द्र कुमार विश्नोई पुत्र विरेन्द्र कुमार विश्नोई नि0 मौहल्ला इन्द्रा कालौनी, 128 देहरी मुस्तहकम आंशिक, थाना कटघर, जिला मुरादाबाद (वाहन स्वामी संख्या- यूपी21बीई-0234)
हरगाह ने आपके नाम एक नालिश बाबत माह के दायर की है लिहाजा आपको हुक्म होता है कि आप बतारीख सन् 19 बवक्त बजे दिन के असालतन या मार्फत वकील के जो उमूर अहम मुताल्लिके मुकदमें का जवाब दे सके या जिसके पास कोई और शख्स जो जवाब ऐसे सवालात का दे सके, हाजिर हो और जवाब देही दावे को करे और आपको वाजिब है कि उसी रोज जुमला दस्तावेज पेश करें, जिन पर आप बताईये अपनी जवाबदेही के इस्तदमाल करना चाहते हो, आपको इत्तिला दी जाती है कि अगर बरोज मजकूर आप न होंगे तो मुकदमा बगैर हाजिरी आपको मनसूआ और फैसला होगा।
दरख्वास्त मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के आज बतारीख माह सन् ई0 को जारी किया गया।
**रीडर**
**न्यायालय एम॰ए॰सी॰टी॰ मुरादाबाद**

**शाह टाइम्स**
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं दीपक काम्पलैक्स, पारकर कॉलेज रोड, मुरादाबाद से प्रकाशित।
**सम्पादक**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0591-2313314
मुख्यालय:
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UPHIN/2003/10263
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# हजरत शेख सलाउद्दीन साहब की दरगाह पर सजा दंगल, पहलवानों ने दिखाए दमदार दांव-पेच

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** क्षेत्र के गांव चांदपुर तीसबा स्थित हजरत शेख सला. उद्दीन साहब की दरगाह पर आयोजित पारंपरिक दंगल प्रतियोगिता में दूर-दराज से पहुंचे पहलवानों ने अपने दमखम और कुश्ती कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। दंगल देखने के लिए क्षेत्र सहित आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में लोग पहुंचे, जहां पूरे दिन अखाड़े में रोमांचक मुकाबलों का दौर चलता रहा। कार्यक्रम के दौरान सज्जाद नसीम ने विजेता पहलवानों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि दंगल जैसी पारंपरिक खेल प्रतियोगिताएं युवाओं को शारीरिक रूप से मजबूत बनाने के साथ-साथ अनुशासन, खेल भावना और भाईचारे का संदेश भी देती हैं। दंगल में कई मुकाबले दर्शकों के आकर्षण का केंद्र बने। राजस्थान से आए सारिया पहलवान और दिल्ली के गौरव पहलवान ने अपने दमदार प्रदर्शन से दर्शकों की



खूब तालियां बटोरीं। एक रोमांचक मुकाबले में इरशाद पहलवान ने कालू पहलवान को शिकस्त देकर जीत दर्ज की। वहीं साजिद पहलवान ने भी शानदार कुश्ती का प्रदर्शन करते हुए अपने प्रतिद्वंद्वी को पराजित किया। इसके अलावा चिर्माचम डोकरा पहलवान और जगती पहलवान के बीच हुए मुक. ाबले ने दर्शकों को रोमांचित कर दिया। नेपाल से पहुंचे नेपाल बाबा पहलवान ने भी बेहतरीन दांव-पेच दिखाते हुए मुकाबले में जीत हासिल की। दंगल के दौरान अखाड़े में दर्शकों का उत्साह देखने लायक रहा। पहलवानों के हर दांव और मुकाबले पर लोग तालियों और नारों के साथ उनका उत्साहवर्धन करते नजर आए। क्षेत्रीय लोगों के अनुसार हजरत शेख सलाउद्दीन साहब बिलारी क्षेत्र के प्रमुख बुजुर्गों में माने जाते हैं और उनकी दरगाह पर हर वर्ष बड़ी संख्या में जायरीन पहुंचते हैं। दरगाह पर आयोजित दंगल कार्यक्रम को यहां की पुरानी परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत का महत्वपूर्ण हिस्सा माना जाता है।

## एक नजर

### आरएसएस शताब्दी वर्ष पर विद्यार्थियों के लिए 'संघ को जानो' प्रतियोगिता 10 मई को

**चन्दौसी।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने पर मनाए जा रहे शताब्दी वर्ष के अंतर्गत विद्यार्थी विभाग द्वारा नगर के विद्यार्थियों के लिए 'संघ को जानों' प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 10 मई 2026, रविवार को नगर के दो केंद्रों पर आयोजित होगी। प्रतियोगिता में नगर के विभिन्न विद्यालयों की कक्षा 6 से 12 तक के विद्यार्थी भाग लेंगे। धर्म जागरण के नगर संयोजक हरीश कठेरिया एडवोकेट ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में राष्ट्रभावना को जागृत करना तथा राष्ट्रसेवा के प्रति प्रेरणा प्रदान करना है। इसके माध्यम से विद्यार्थियों की ज्ञान क्षमता, तार्किक शक्ति एवं प्रत्युत्पन्नमति का विकास भी होगा।

उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता वैकल्पिक उत्तर प्रणाली पर आधारित होगी। इसकी तैयारी के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की संघ यात्रा पुस्तिका को प्रमुख स्रोत बनाया गया है। पूर्व में विद्यालयों को सूचना दिए जाने के बाद अधिकांश स्कूलों से विद्यार्थियों की प्रविष्टि सूची प्राप्त हो चुकी है। प्रतियोगिता के लिए नगर में दो केंद्र निर्धारित किए गए हैं। पहला केंद्र जगदीश शरण सर्राफ सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज, हनुमानगढ़ी तथा दूसरा केंद्र चन्दौसी पब्लिक स्कूल, बहजोई रोड बनाया गया है। आयोजकों ने अधिक से अधिक विद्यार्थियों से प्रतियोगिता में भाग लेकर राष्ट्र एवं समाज से जुड़ी जानकारी प्राप्त करने का आह्वान किया है।

### वैश्य समाज के उत्थान, संगठन की मजबूती एवं निरंतर सक्रियता के संकल्प का आह्वान

**चन्दौसी।** गुरुवार को नगर में वैश्य समाज के संगठनात्मक विषयों को लेकर एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें समाज के वरिष्ठजन, पदाधिकारी एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष रवि प्रकाश अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय प्रधान सचिव डॉ. संजीव कुमार वार्ष्णेय मौजूद रहे। बैठक की अध्यक्षता हरिगोपाल वार्ष्णेय ने की तथा संचालन प्रभात कृष्णा द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि रवि प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि वैश्य समाज देश की आर्थिक और सामाजिक रीढ़ है। समाज को और अधिक संगठित एवं सशक्त बनाने की आवश्यकता है। उन्होंने युवाओं से संगठन में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान करते हुए कहा कि नई ऊर्जा और वरिष्ठों के अनुभव के समन्वय से समाज नई ऊंचाइयों तक पहुंच सकता है। विशिष्ट अतिथि डॉ. संजीव कुमार वार्ष्णेय ने जानकारी दी कि आगामी 10 मई को एटा में वैवाहिक परिचय सम्मेलन एवं सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा, जिसमें आगरा, अलीगढ़, बरेली और मुरादाबाद मंडल के वैश्य समाज के 356 उपवर्गों को आमंत्रित किया गया है।

उन्होंने बताया कि अब तक 576 युवक-युवतियों का पंजीकरण हो चुका है। बैठक में संगठन विस्तार, सामाजिक समरसता और समा. जहित के विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की गई। इस दौरान समाज के लोगों ने एकजुट होकर कार्य करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर हरिगा. पाल वार्ष्णेय, प्रभात कृष्णा, सतेन्द्र मामा, प्रजीत लालू, मुकेश वार्ष्णेय, सचिन वार्ष्णेय, सागर गुप्ता, अनुज वार्ष्णेय अन्नू, चमन वार्ष्णेय, शुभम अग्रवाल, अक्षत अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

### स्व-गणना अभियान शुरू, नगरपालिका चन्दौसी ने किया जनजागरूकता अभियान तेज

**चन्दौसी।** जनगणना-2027 के अंतर्गत 07 मई से 21 मई 2026 तक चलने वाली स्व-गणना प्रक्रिया बुधवार से शुरू हो गई। जिलाधिकारी के नेतृत्व में नगरपालिका परिषद चन्दौसी द्वारा भी अभियान को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। नगरपालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने पालिका कार्यालय में समस्त कर्मचारियों की स्व-गणना कराई तथा सभी को अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। अधिशासी अधिकारी ने कहा कि स्व-गणना अभियान को सफल बनाने के लिए जनभागीदारी बेहद आवश्यक है। इसके लिए पालिका की टीमें विभिन्न वार्डों और मोहल्लों में पहुंचकर लोगों को ऑनलाइन स्व-गणना की प्रक्रिया समझा रही हैं। लोगों को मोबाइल एवं डिजिटल माध्यम से स्वयं अपनी जानकारी दर्ज करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसके अलावा अधिशासी अधिकारी धर्मराज राम ने नगर के सभासदों के साथ बैठक कर उन्हें भी स्व-गणना प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने सभासदों से अपील की कि वे अपने-अपने वार्डों में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करें और उन्हें स्व-गणना के लिए प्रेरित करें, ताकि अभियान सफल हो सके। पालिका प्रशासन का कहना है कि स्व-गणना से जनगणना कार्य में पारदर्शिता और शुद्धता आएगी। साथ ही लोगों को अपनी जानकारी स्वयं दर्ज करने का अवसर मिलेगा। नगरपालिका की टीम लगातार क्षेत्र में भ्रमण कर लोगों को जागरूक करने में जुटी हुई है।

### दहेज की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को दिया तीन तलाक, सात पर मुकदमा

**ठाकुरद्वारा।** दहेज में कार और पांच लाख रुपये की मांग पूरी न होने पर विवाहिता को प्रताड़ित करने और एक साथ तीन तलाक देने के मामले में पुलिस ने पति समेत सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सरकड़ा परम निवासी महक पुत्री मोमीन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक को दी तहरीर में बताया कि उसका निकाह वर्ष 2022 में थाना डिलारी क्षेत्र के गांव मौहददीपुर निवासी जीशान पुत्र अहसान के साथ हुआ था। आरोप है कि निकाह के बाद से ही पति, सास-ससुर तथा अन्य ससुराल पक्ष के लोग अतिरिक्त दहेज में मारुति कार और पांच लाख रुपये नकद की मांग करने लगे। मांग पूरी न होने पर उसके साथ मारपीट और मानसिक उत्पीड़न किया जाता था। पीड़िता का आरोप है कि कई बार पंचायत होने के बावजूद ससुराल पक्ष का व्यवहार नहीं बदला और उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया गया। इसके बाद वह अपने मायके में रहने लगी। तहरीर के अनुसार 9 अप्रैल की शाम पति जीशान अपने परिजनों के साथ उसके मायके पहुंचा और गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। विरोध करने पर उसके साथ अभद्रता भी की गई।

# आईएफटीएम विश्वविद्यालय में ड्रेसर मेडिकल पाठ्यक्रम बैच का अल्पना रितेश गुप्ता ने किया शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** आईएफटीएम विश्वविद्यालय में उत्तर प्रदेश स्किल डेवलपमेंट मिशन की ओर से ड्रेसर मेडिकल पाठ्यक्रम बैच का "बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ" अभियान की भारतीय जनता पार्टी की संयोजिका व मुख्य अतिथि श्रीमती अल्पना रितेश गुप्ता ने शुभारंभ किया। श्रीमती गुप्ता ने प्रतिभागी छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि यदि भारत को 2047 तक विकसित बनाना है तो प्रत्येक महिला को कौशल क्षमताओं से परिपूर्ण होना पड़ेगा। उन्होंने बताया कि यह प्रशिक्षण कार्यक्रम छात्राओं के लिए बेहतर अवसर लेकर आया है। सभी छात्राएं इस पाठ्यक्रम को पूरे मनोयोग से पूरा करें। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि श्रीमती गुप्ता ने प्रतिभागी छात्राओं को ड्रेस और पाठ्यक्रम से संबंधित पुस्तकें भी वित. रित की। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. महेन्द्र प्रसाद पाण्डेय ने पाठ्यक्रम के सफल आयोजन हेतु शुभकामनाएं देते हुए



कहा कि यह विश्वविद्यालय के लिए गौरव की बात है जिसमें छात्राएं प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बन सकेंगी। कुलसचिव डॉ. संजीव अग्रवाल ने कहा कि यदि राष्ट्र को विकसित बनाना है तो छात्राओं की शिक्षा और कौशल क्षमताओं पर विशेष ध्यान देना होगा। आईसीएसडी के निदेशक डॉ. वैभव त्रिवेदी ने सभी छात्राओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि यदि छात्राएं कौशल क्षमताओं से युक्त होगी तो हर परिवार में संपन्नता आएगी। स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेंट की निदेशिका डॉ. निशा अग्रवाल ने श्रीमती गुप्ता को बुके और प्रतीक चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक की अपर निदेशिका डॉ. नीलू त्रिवेदी ने कहा कि आईएफटीएम विश्वविद्यालय से इस पाठ्यक्रम की शुरुआत हो रही है जो कि हम सभी के लिए गर्व का विषय है। इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेसलगाओ के निदेशक श्री राजन श्रीवास्तव ने बताया कि ट्रेनिंग पार्टनर इंस्टीट्यूट ऑफ बिजनेसलगाओ और आईएफटीएम विश्वविद्यालय के सहयोग से शुरू हुआ यह पाठ्यक्रम 4 से 5 माह तक चलेगा। जिसमें महिलाओं को सशक्त बनाने के उद्देश्य से मिशन शक्ति के आधार पर 100 छात्राएं प्रतिभाग कर रही हैं। उन्होंने कहा कि पाठ्यक्रम के दौरान छात्राओं को मेडिकल ड्रेसिंग की बारीकियां और नई-नई तकनीकें सिखाई जाएंगी। सफलता पूर्वक पाठ्यक्रम पूर्ण करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। स्किल डेवलपमेंट आईएफटीएम यूनिवर्सिटी के प्रोजेक्ट मैनेजर श्री आदर्श तिवारी ने बताया कि पाठ्यक्रम पूर्ण करने के उपरांत सभी छात्राओं को शतप्रतिशत रोजगार मिल सकेगा। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के श्री संदीप ने कहा कि पाठ्यक्रम के दौरान अनुभवी प्रशिक्षकों द्वारा छात्राओं को प्रशिक्षित किया जाएगा। यह पाठ्यक्रम पूरी तरह निःशुल्क रहेगा। कार्यक्रम का संच. ालन डॉ. मेघा भाटिया ने किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कई निदेशक, विभागाध्यक्ष, शिक्षक और 100 प्रतिभागी छात्राएं उपस्थित रहीं।



बेंगलुरु के ऑलराउंडर कुणाल पांड्या लखनऊ के कुलकर्णी को आउट करने के बाद साथी खिलाड़ी के साथ खुशी मनाते।



LSG के मिचेल मार्श बेंगलुरु के खिलाफ अपने आईपीएल करियर का दूसरा शतक लगाने के बाद दर्शको का अभिवादन स्वीकार करते हुए।

# ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी पाकिस्तान वनडे के लिए आईपीएल नहीं छोड़ेंगे

**सिडनी, वार्ता।** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने गुरुवार को कहा है कि उसके खिलाड़ी पाकिस्तान के साथ होने वाली एकदिवसीय के लिए इंडियन प्रीमिय लीग (आईपीएल) को नहीं छोड़ेंगे। सीए के प्रवक्ता ने क्रिकबज को आज यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी अभी भी आईपीएल में रहेंगे और अपनी प्रतिबद्धता पूरी करेंगे। अभी करीब एक दर्जन ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी आईपीएल में खेल रहे हैं।

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से यह स्पटीकरण गुरुवार को सीए और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) द्वारा मिलकर घोाित की गई तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के बाद आया है। ए मैच 30 मई, 2 जून और 4 जून को होने हैं, और ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी 23 मई को इस्लामाबाद पहुंचेंगे। आईपीएल 31 मई को समाप्त होगा। अभी आईपीएल में शामिल 12 से अधिक ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों में ऑस्ट्रेलिया के नियमित एकदिवसीय कप्तान पैट कमिस और चोट के कारण बाहर रहने के दौरान कमिस की जगह खेलने वाले मिचेल मार्श शामिल हैं। अभी इंडिया में मौजूद दूसरे ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी हैं ट्रैविस हेड, टिम डेविड, जॉश हेजलवुड, जेवियर बार्टलेट, कूपर कोनोली, मार्कस स्टोइनिस, जॉश इंग्लिस, कैमरन ग्रीन, मिशेल स्टार्क और मैथ्यू शॉर्ट। उल्लेखनीय है कि आईपीएल का लीग चरण 24 मई को खत्म होगा, तब तक कई खिलाड़ी अपनी आईपीएल की जिम्मेदारी से फ्री हो जाएंगे क्योंकि 10 में से छह टीमें बाहर हो चुकी होंगी।

**खेल विशेष**

## मै फीफा विश्व कप में वापसी के लिए तैयार हूं: लुइस सुआरेज

**मियामी, वार्ता।** उरुग्वे के ऑल-टाइम लीडिग स्कोरर लुइस सुआरेज ने कहा कि वह इस साल होने वाले फीफा विश्व कप में खेलने के लिए तैयार हैं। मैनेजर मार्सेलो बिएल्सा के साथ सार्वजनिक अनबन के बाद सुआरेज ने सितम्बर 2024 में उरुग्वे की नेशनल टीम से संन्यास ले लिया था। 39 साल के इंटर मियामी स्ट्राइकर ने कहा कि उन्होंने तब से अपने फैसले पर दोबारा सोचा है। उन्होंने कहा कि अर्जेंटीना के कोच के लिए उनके मन में कोई बुरी भावना नहीं है, जो मई 2023 से सेलेस्टे के इंचार्ज हैं। एमएलएस क्लब के साथ एक अभ्यास सत्र के बाद सुआरेज ने पत्रकारों से कहा कि मैंने कुछ ऐसा कह दिया जो मुझे नहीं कहना चाहिए था। आपको अपनी गलतियां माननी होंगी और यह अब बीती बात है।

## गीजा में भारतीय खिलाड़ियों को मिला मुश्किल ड्रॉ

**गीजा, वार्ता।** चार सदस्यों वाली भारतीय टीम - अभय सिंह, वीर चोत्रानी, रामित टंडन और वेलवन सेंथिलकुमार - वर्ल्ड स्क्वैश चैंपियनशिप 2026 में एक मुश्किल ड्रॉ का सामना करने की कोशिश करेगी। यह चैंपियनशिप शुक्रवार को मि्र के गीजा में शुरू होने वाली है। वर्ल्ड चैंपियनशिप 2025-26, जो 8 से 16 मई तक पाम हिल्स क्लब और पीजीसी गोल्फ सेंट्रल मॉल में होनी है, भारत में लाइव स्ट्रीमिग पर देखने के लिए उपलब्ध होगी। प्रोफेशनल स्क्वैश एसोसिएशन (पीएसए) द्वारा आयोजित इस टूर्नामेंट में दुनिया के कुछ बेहतरीन खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिनमें पुरुाों के विश्व नंबर 1 मुस्तफा असल और उनकी महिला समकक्ष, मि्र की हनिया एल हम्मामी शामिल हैं। एशियाई खेलों के पदक विजेता अभय सिंह, जो भारत के पुरुाों के सिगल्स में सबसे अच्छी रैंक वाले खिलाड़ी हैं।

## टी-20 मुंबई लीग व पहली महिला लीग 1 से 13 जून तक होगी

**मुंबई, वार्ता।** मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (एमसीए) ने आज घोाणा की कि टी-20 मुंबई लीग का चौथा सीजन और टी-20 मुंबई महिला लीग का पहला सीजन 1 से 13 जून तक मशहूर वानखेड़े स्टेडियम में होगा। इसके साथ ही शहर में क्रिकेट के एक बड़े उत्सव की शुरुआत होगी। यह एमसीए के उस लक्ष्य की दिशा में एक बड़ा कदम है, जिसके तहत वह हर वर्ग के क्रिकेट टैलेंट को एक बड़ा मंच देना चाहता है। पुरुषों की लीग में दुनिया के कुछ सबसे बड़े क्रिकेट सितारे और शहर के सबसे होनहार उभरते खिलाड़ी एक साथ नजर आएंगे। इनमें सूर्यकुमार यादव, श्रेयस अय्यर, अजिक्य रहाणे, यशस्वी जायसवाल, शिवम दुबे, सरफराज खान, शार्दुल ठाकुर, तुाार देशपांडे, आयुष म्हात्रे, अंगकृा रघुवंशी, मुशीर खान, सूर्याश शेडगे और अभिज्ञान कुंडू जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

# विनेश फोगाट एशियन गेम्स के सिलेक्शन ट्रायल के लिए अयोग्य: WFI

**नई दिल्ली, वार्ता।** तीन बार की ओलंपियन विनेश फोगट को रेसलिग फेडरेशन ऑफ इंडिया (डब्ल्यूएफआई) द्वारा घोाित मानदंडों के अनुसार एशियन गेम्स 2026 के सिलेक्शन ट्रायल के लिए बुधवार को अयोग्य घोाित कर दिया गया। फेडरेशन के अनुसार, सेलेक्शन ट्रायल के लिए पात्रता तीन घरेलू प्रतियोगिताओं - 2025 सीनियर नेशनल रेसलिग चैंपियनशिप, 2026 सीनियर फेडरेशन कप और अंडर-20 नेशनल रेसलिग चैंपियनशिप के पदक विजेताओं तक सीमित है। सीनियर नेशनल चैंपियनशिप दिसम्बर में आयोजित की गई थी, जबकि फेडरेशन कप फरवरी में हुआ था।



विनेश फोगाट ने इनमें से किसी भी प्रतियोगिता में हिस्सा नहीं लिया है, क्योंकि वह पेरिस 2024 ओलंपिक के बाद से प्रतिस्पर्धा से दूर रही हैं और इसलिए पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करती हैं। उन्होंने ग्रीमकालीन खेलों के तुरंत बाद रेसलिग से संन्यास ले लिया था, लेकिन पिछले साल दिसम्बर में विनेश ने कुश्ती में फिर से वापसी की घोाणा की थी। मैदान से दूर रहने के दौरान उन्होंने एक व्यक्तिगत उपलब्धि भी हासिल की।

# प्लेऑफ की आखिरी उम्मीद के लिए उतरेंगे दिल्ली कैपिटल्स

**नई दिल्ली, वार्ता।** आईपीएल में शुक्रवार को कोल. काता नाइट राइट राइडर्स (केकेआर) का मुकाबला दिल्ली में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के साथ होगा।

10 मैचों में सिर्फ चार जीत के साथ मेजबान डीसी प्ले ऑफ की दौड़ में बहुत पीछे छूट गई है और यह मुकाबला उसके लिए प्लेऑफ की आखिरी उम्मीद है। हालांकि प्लेऑफ के लिए उसे अपने सभी बचे चारों मैच जीतने होंगे। वहीं केकेआर को भी नौ मैचों में सिर्फ तीन जीत मिली है, लेकिन ए तीनों जीत पिछले तीन मैचों में आई है और वे अच्छे फॉर्म व बढ़े हुए आत्मविश्वास के साथ इस मैच में प्रवेश करेंगे। दोनों टीमों



के बीच अब तक 34 मैच हुए हैं, जिसमें केकेआर को 19 और डीसी को 15 मैचों में जीत मिली है। वहीं दिल्ली में दोनों के बीच हुए अब तक 11 मुकाबलों में भी डीसी को पांच जबकि केकेआर को छह मुकाबलों में जीत मिली है। 2024 से अभी तक डीसी, केकेआर को एक भी मैच में नहीं हरा पाई है, तो क्या डीसी इस सिलसिले को तोड़ पाएगी? केएल राहुल पर बहुत ज्यादा निर्भर है डीसी की बल्लेबाजी केएल राहुल आईपीएल 2026 में शानदार फॉर्म में हैं और 10 पारियों में 49-4 की औसत और 181 के स्ट्राइक रेट से तीन अर्धशतक और एक शतक के साथ 445 रन बना चुके हैं। लेकिन डीसी के लिए मुश्किल बात यह है कि उनके अन्य बल्लेबाज फॉर्म या निरंतरता की कमी से जूझ रहे हैं। राहुल ने डीसी के अकेले 26 फीसदी रन बनाए हैं और इस दौरान बीच के ओवरों में उनका स्ट्राइक रेट बहुत शानदार रहा है। सात से 16 ओवरों के बीच राहुल ने 211 के स्ट्राइक रेट से 249 रन बनाए हैं और हर तीसरी गेंद पर बाउंड्री लगा रहे हैं। बीच के ओव. रों में उनका स्ट्राइक रेट सिर्फ रजत पाटीदार (217) से कम है।

# पंजाब ने कैच टपकाकर मैच गंवाया

**हैदराबाद, वार्ता।** पंजाब किंग्स ने आईपीएल 2026 में अब लगातार तीन मैच गंवा दिए हैं, जबकि ग्रुप चरण के पहले हिस्से में टीम अजेय रही थी। उनके इस प्रदर्शन में कैच छोड़ना, इसकी बड़ी वजहों में से एक रहा है। यह समस्या पूरे सीजन बनी हुई है और प्रमुख कोच रिकी पोंटिंग भी इस पर चिंता जाहिर कर चुके हैं। लेकिन जैसा कि केटी मार्टिन ने कहा कि अब यह एक संक्रमण बन चुका है।

शशांक सिंह बार-बार गलतियां कर रहे हैं, लेकिन बुधवार को सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) के खिलाफ लॉकी घ्र्यूसन और कूपर कॉनॉली भी शशांक के साथ आसान कैच छोड़ने वालों में शामिल हो गए। इन मौकों ने एसआरएच को 235 रन तक पहुंचने और 33 रन से जीत दर्ज करने में मदद की। पंजाब के कप्तान श्रेयस अय्यर ने ड्रॉप कैच को इस मैच सबसे बड़ा झटका बताया। मैच के बाद ब्रॉडकास्टर से बात करते हुए उन्होंने



कहा कि अगर कैच पकड़े गए होते, तो पंजाब शायद 30-40 रन कम का लक्ष्य पीछा कर रही होती। पंजाब के स्पिन गेंदबाजी कोच साईराज बहुतुले ने मैच के बाद प्रेस वार्ता में कहा कि हमारे लिए अपनी योजनाओं को सही तरीके से लागू करना बहुत जरूरी था और हमने ऐसा किया भी। दुर्भाग्य से कैच छूट गए और मुझे लगता है कि इससे हमें नुघ्सान हुआ। उन कैचों को पकड़ना बहुत जरूरी था क्योंकि वे ऐसे खिलाड़ी हैं (ईशान किशन और हेनरिक क्लासेन) कि अगर आप उन्हें मौका देते हैं तो वे रन बनाएंगे और तेजी से बनाएंगे। मुझे लगता है कि कैच पकड़ लिए जाते तो मैच का मोमेंटम बदल सकता था। नए बल्लेबाज क्रीज पर आते और हम अपनी योजनाओं को ज्यादा असरदार ढंग से लागू कर सकते थे। शायद हम 50 से ज्यादा रन कम देते।

पहला मौका आठवें ओवर में छूटा जब किशन ने घ्र्यूसन की गेंद पर डीप स्क्वेयर-लेग की ओर शॉट खेला। कॉनॉली गेंद के नीचे अच्छी तरह पहुंचे लेकिन गेंद उनके हाथों से निकल गई। अगला मौका नौवें ओवर में शशांक ने छोड़ा। यह युजवेंद्र चहल की गेंद पर क्लासेन का आसान कैच था। तीसरा मौका 11वें ओवर में फिर चहल की गेंद पर आया, जब घ्र्यूसन घइन लेग पर कैच का सही अंदाजा नहीं लगा सके और गेंद निकल गई। उसी ओवर में प्रभसिमरन सिंह ने एक मुश्किल स्टंपिग का मौका भी गंवाया।

# शमास व फिरोजा ने शतक जड़े

**कराची, वार्ता।** सदाफ शमास और गुल फिरोजा ने शतक जड़े, जिससे पाकिस्तान महिला टीम ने वनडे में अपना दूसरा सबसे बड़ा स्कोर - 343/4 - खड़ा किया। कराची में खेले गए दूसरे वनडे में, एक रिकॉर्ड-तोड़ ओपनिग साझेदारी की बदौलत पाकिस्तान ने जिम्बाब्वे महिला टीम पर 206 रनों की बड़ी और सीरीज-जिताने वाली जीत दर्ज की। यह महिला वनडे में रनों के लिहाज से पाकिस्तान की अब तक की सबसे बड़ी जीत है।

# नेमार ने टीनेजर रोबिन्हो जूनियर को थप्पड़ मारने के लिए माफी मांगी

**रियो डी जेनेरो, वार्ता।** स्टार फुटबॉलर नेमार ने कहा कि उन्होंने हद पार कर दी और उन्होंने अपने सैंटोस टीम-साथी रोबिन्हो जूनियर से ट्रेनिग सेशन के दौरान उस टीनेजर को थप्पड़ मारने के लिए माफी मांगी। ब्राजील के इस क्लब ने जांच शुरू कर दी थी, जब 18 साल के फॉरवर्ड ने कथित तौर पर नेमार पर रविवार को चेहरे पर जोरदार थप्पड़ मारने का आरोप लगाया था। यह घटना तब हुई थी जब वह 34 साल के नेमार को ड्रिबल करते हुए पीछे छोड़ गए थे। अब उन्होंने गलतफहमी दूर कर ली है और मंगलवार को कहा कि रे पेले ट्रेनिग सेंटर में हुई यह घटना पूरी तरह सुलझ गई है।

नेमार ने कहा कि अगर आप मीडिया के सामने माफी चाहते हैं, तो यह रही, नेमार ब्राजील के अब तक के सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी हैं, जिनके नाम 79 गोल हैं। बीबीसी स्पोर्ट के अनुसार, बार्सिलोना और पेरिस सेंट-जर्मेन के पूर्व फॉरवर्ड ने मंगलवार को कोपा सुदामेरिकाना में रिकोलेटा के खिलाफ 1-1 से ड्रॉ रहे मैच में सैंटोस के लिए गोल करने का जश्न मनाते हुए सब्स्टीट्यूट रोबिन्हो जूनियर को गले लगाया। रोबिन्हो जूनियर उनके पूर्व ब्राजील टीम-साथी और मैनचेस्टर सिटी तथा रियल मैड्रिड के पूर्व अटैकर रोबिन्हो के बेटे हैं।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रवर मण्डल अभियन्ता/ मुख्यालय/ मुरादाबाद द्वारा ई टेन्डर निम्न टेन्डर संख्या के अर्न्तगत आमंत्रित किये जाते है। धरोहर राशि का भुगतान निविदादाता द्वारा केवल IREPS पोर्टल पर उपलब्ध नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से आनलाइन भुगतान करना होगा। डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर चैक, डिपाजिट रसीद आदि स्वीकार्य नहीं होंगे। टेन्डर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें।

| | | | |
|---|---|---|---|
| Tender No. Date | 42-DRM-MB-26-27 dt. 07.05.2026 | | |
| Name of work | Improvement to staff quarters amenities in south colony under ADEN/HQ/MB. | | |
| Tender Closing Date | 01.06.2026 | Advertised Value | ₹2,33,81,332.71 |
| Earnest Money | ₹4,67,600.00 | Tender Cost | ₹00 |
| Bidding Start Date | 18.05.2026 | Period of Completion | 6 Months |

पत्रांक - 75-W/2/3/WA/Publication दिनांक: 07.05.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1527/2026

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

| क्र. सं. | कार्य का नाम | कार्य की अनुमानित लागत (रु0) | कार्यालय का पता जहाँ से निविदा प्रपत्र जारी किया गया है | बिड सिक्योरिटी | कार्य के पूर्ण करने की समय अवधि | निविदा प्रपत्र जमा करने तथा खुलने की दिनांक व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 09/वरिष्ठ मं.वि.अभि./सा./मुरा./2026 संशोधितः विभिन्न खंडों में स्टेशन के सिग्नलिंग उपकरणों को बिजली आपूर्ति बढ़ाने के लिए सीएलएस पैनल और एरियल बंच केबल की व्यवस्था करने के लिए विद्युत कार्य एवं एडीन/एचडब्ल्यू के अंतर्गत एचडब्ल्यू में डीएमओ/एचडब्ल्यू के लिए नए टाइप-IV स्टाफ क्वार्टर के निर्माण हेतु विद्युत कार्य। | 33648506.36 (जीएसटी सहित) | विद्युत शाखा, मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय मुरादाबाद | 673000.00 | 12 (बारह) माह | निविदाएँ दिनांक 28.05.2026 को 15.00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन 15:00 बजे खोली जायेंगी। |

वेबसाइट एवं कार्यालय का पता: वेबसाइट www.ireps.gov.in मण्डल रेल प्रबन्धक कार्यालय मुरादाबाद।

निविदा सूचना सं0: 14/2026 दिनांक: 06.05.2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1520/26

**उत्तर रेलवे**

**विज्ञापन सूचना/ATVM–सुविधादाता–2017/MB–मुरादाबाद मंडल में ATVM के माध्यम से अनारक्षित टिकट जारी करने हेतु एक वर्ष के लिए सुविधादाताओं की नियुक्ति के संबंध में**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, मुरादाबाद मंडल, भारत के राष्ट्रपति की ओर से, सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों, सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों के जीवनसाथी/पुत्र/पुत्री और आम जनता से, मुरादाबाद मंडल के स्टेशनों पर स्थापित स्वचालित टिकट वेंडिंग मशीनों (ATVM) के माध्यम से अनारक्षित टिकट जारी करने हेतु **27 रेलवे स्टेशनों पर सुविधादाताओं की नियुक्ति** के लिए आवेदन आमंत्रित करते हैं। **स्टेशनों और प्रत्येक स्टेशन के लिए नियुक्त किए जाने वाले सुविधादाताओं की संख्या नीचे दी गई है:**

| क्र. सं. | स्टेशन का नाम | कोड | ATVM पर नियुक्त किए जाने वाले सहायकों की संख्या | स्टेशन की श्रेणी | जमा की जाने वाली सुरक्षा राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | देहरादून | DDN | 10 | NSG-2 | सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों के लिए, तथा सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों के जीवनसाथी/पुत्र/पुत्री के लिए यह राशि **'शून्य' (NIL) है। आम जनता के लिए ₹ 50,000/-** |
| 2 | हरिद्वार | HW | 6 | NSG-2 | |
| 3 | मुरादाबाद | MB | 5 | NSG-2 | |
| 4 | हरदोई | HRI | 6 | NSG-3 | सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों के लिए, तथा सेवानिवृत्त रेल कर्मचारियों के जीवनसाथी/पुत्र/पुत्री के लिए यह राशि **'शून्य' (NIL) है।** **आम जनता के लिए ₹ 25,000/-** |
| 5 | रूड़की | RK | 4 | NSG-3 | |
| 6 | रामपुर | RMU | 5 | NSG-3 | |
| 7 | शाहजहांपुर | SPN | 1 | NSG-3 | |
| 8 | योग नगरी ऋषिकेश | YNRK | 5 | NSG-3 | |
| 9 | चंदौसी | CH | 1 | NSG-4 | |
| 10 | हापुड़ | HPU | 3 | NSG-4 | |
| 11 | नजीबाबाद | NBD | 4 | NSG-4 | |
| 12 | ऋषिकेश | RKSH | 1 | NSG-4 | |
| 13 | आंझी शाहाबाद | AJI | 3 | NSG-5 | |
| 14 | अमरोहा | AMRO | 2 | NSG-5 | |
| 15 | आंवला | AO | 2 | NSG-5 | |
| 16 | बिजनौर | BJO | 1 | NSG-5 | |
| 17 | बालामऊ | BLM | 2 | NSG-5 | |
| 18 | चांदपुर स्याऊ | CPS | 1 | NSG-5 | |
| 19 | धामपुर | DPR | 2 | NSG-5 | |
| 20 | गजरौला | GJL | 1 | NSG-5 | |
| 21 | लक्सर | LRJ | 4 | NSG-5 | |
| 22 | नगीना | NGG | 1 | NSG-5 | |
| 23 | पिलखुआ | PKW | 2 | NSG-5 | |
| 24 | संडीला | SAN | 2 | NSG-5 | |
| 25 | पीताम्बरपुर | PMR | 1 | NSG-6 | |
| 26 | रोजा | ROZA | 3 | NSG-6 | |
| 27 | सीतापुर शहर | SPC | 2 | NSG-6 | |
| | TOTAL | | 80 | | |

आवेदन आमंत्रित करने के लिए सामान्य शर्तें, आवेदन पत्र, पात्रता मानदंड, कार्यकाल, चयन प्रक्रिया और कार्यप्रणाली आदि उत्तरी रेलवे की वेबसाइट **https://nr.indianrailways.gov.in** से डाउनलोड किए जा सकते हैं। इन्हें किसी भी कार्य दिवस पर 07.05.2026 से 31.05.2026 तक, 10:00 बजे से 17:00 बजे के बीच, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद – 244001 के कार्यालय से भी प्राप्त किये जा सकते हैं। **आवेदन 01.06.2026 को 10:00 बजे से 15:00 बजे के बीच एक सीलबंद लिफाफे में सहायक वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, मुरादाबाद – 244001, कार्यालय में स्वीकार किए जाएंगे, और उसी दिन 15:30 बजे आवेदकों की उपस्थिति में खोले जाएंगे।** यदि निविदा खोलने वाले दिन अवकाश घोषित हो जाता है, तो निविदा अगले कार्य दिवस में खोली जाएगी।

No. 01/ATVM/एमबी/सुविधा/2017C दिनांक: 07.05.2026 1535/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के

# मादा तेंदुआ ने बच्चों के रहने का बदला स्थान



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बिलारी।** धनुपुरा तुरखेड़ा में तड़के मादा तेंदुआ पहुंची और एक-एक बच्चे को उठाकर सुरक्षित स्थान पर ले गई। तेंदुए की चहल कदमी के बाद में ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

बच्चों के साथ छेड़छाड़ होने पर मादा तेंदुआ खूंखार होने की संभावना भी है। वन विभाग के अधिकारियों ने लोगों से आग्रह किया है कि खेतों में अकेले ना जाएं, अकेले ना घूमें। अरविंद सिंह की ईख में तेंदुए के साथ तीन शावक पाए गए थे। नन्हें शावक पाए जाने के बाद ग्रामीणों में दहशत हो गया था। जिसके बाद गन्ने के उस क्षेत्र को ऐसे ही खाली छोड़ दिया था ताकि तेंदुए के बच्चे वहां सुरक्षित रह सके। वन विभाग की टीम भी मौके पर पहुंची थी। जहां उन्होंने मौके का मुआयना किया। एक दिन पूर्व मादा तेंदुआ बच्चों को लेने के लिए नहीं पहुंची। मगर बीती रात मादा तेंद.ुआ उसे स्थान पर पहुंची जहां उनके शावक थे। लिहाजा एक-एक शावक को उठाकर मादा तेंदुआ अन्य स्थान पर ले गई। वन क्षेत्र अधिकारी रिंजुल कंसल ने बताया कि ग्रामीणों से आग्रह किया गया है कि खेतों पर अकेले ना जाएं, वहीं जहां तेंदुए आदि के पद चिन्ह आदि पाए जाए तो वन विभाग को सूचित करें।

## बारिश के साथ आई आंधी से आम के बागों को भारी नुकसान कई जगह पेड़ भी गिरे

**कांठ ( शाह टाइम्स )** दिनभर चिलचिलाती धूप के बाद बादलों का भी आना जाना रहा। लेकिन रात गहराते ही मौसम का मिजाज बदल गया। मध्यरात्रि को तेज हवाओं के बीच गरज चमक के साथ झमाझम बारिश शुरू हो गई। जिससे मौसम तो सुहाना हुआ लेकिन बिजली कट गई, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

गुरुवार को बारिश के कारण किसानों के चेहरे खिल उठे यह बारिश गन्ने की फसल के लिए लाभकारी बताई जा रही हैस आंधी और तेज हवा के कारण अनेक पेड़ गिर गए और आम की फसल को नुकसान होने की खबर हैस कल सुबह से ही मौसम का मिजाज साफ था, दिनभर चिलचिलाती धूप के बाद अधिकतम तापमान 34.2 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। यह सामान्य से 4.2 डिग्री सेल्सियस कम है। न्यूनतम तापमान भी 21.6 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विशेषज्ञ के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ के आंशिक प्रभाव के कारण मौसम के मिजाज में परिवर्तन आया है। जिसके कारण कुछ क्षेत्रों में गरज चमक के साथ हल्की बारिश की संभावना जताई गई थी। नगर एवं क्षेत्र में गुरुवार को भी बारिश हुई जगह-जगह जल भराव होने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

## शांति और सद्भाव के संदेश के साथ ऐतिहासिक बैशाखी मेले का भव्य आगाज

**सुरजननगर।** क्षेत्र के अंतर्गत फीका नदी के तट पर स्थित श्री श्री 108 नलो बाले बाबा मंदिर परिसर में इस वर्ष भी पारंपरिक बैशाखी मेले का अत्यंत उत्साहपूर्ण शुभारंभ हुआ। मेले का विधिवत उद्घाटन मुख्य अतिथि साधना देवी पत्नी स्वर्गीय



पूर्व सांसद सर्वेश कुमार, वरिष्ठ समाजसेवी चंद्रपाल सिंह और नवीन कुमार शर्मा ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इस अवसर पर मेला कमेटी ने स्वर्गीय सर्वेश कुमार की स्मृति में दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। घ्मुख्य अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि बैशाखी मेला समाज में शांति, एकता और भाईचारे का संदेश प्रसारित करने का एक सशक्त माध्यम है। मेला कमेटी के अध्यक्ष सुनील कुमार ने बताया कि यह मेला अत्यंत प्राचीन है और इस बार 15 दिवसीय आयोजन में व्यापक तैयारियाँ की गई हैं।इस गरिमामयी अवसर पर संजय गांधी, गणेश सिंह, मिंटू कुमार, विमल बिश्नोई, और भूपेंद्र चौहान सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। मेले के पहले ही दिन से दुकानों पर खरीदारी के लिए भारी जनसमूह उमड़ पड़ा है।

### एक नजर

## मुरादाबाद में डीएम की अनोखी पहल, अब 'एक पुष्प-एक पुस्तक' देगा ज्ञान का संदेश

**मुरादाबाद।** जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पेंसिया ने समाज में पढ़ने की संस्कृति को बढ़ावा देने और पुस्तकों के प्रति लोगों की रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से एक अनोखी पहल शुरू की है। डीएम ने "एक पुष्प-एक पुस्तक" अभियान की शुरुआत करते हुए अधिकारियों, कर्मचारियों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे किसी से मुलाकात या सम्मान के अवसर पर फूलों के साथ एक पुस्तक भी भेंट करें।डीएम का मानना है कि वर्तमान समय में लोगों की पुस्तकों से दूरी बढ़ती जा रही है, जबकि किताबें व्यक्ति के ज्ञान, विचार और व्यक्तित्व को समृद्ध बनाती हैं। उन्होंने कहा कि यदि सामाजिक और प्रशासनिक कार्यक्रमों में पुस्तकों को सम्मान के प्रतीक के रूप में शामिल किया जाए तो पढ़ने की आदत को नई दिशा मिल सकती है।इस पहल के तहत प्रशासनिक बैठकों, सम्मान समारोहों और अन्य आयोजनों में भी पुस्तक भेंट करने को प्रोत्साहित किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने कहा कि एक पुस्तक केवल उपहार नहीं बल्कि ज्ञान और सकारात्मक सोच का संदेश होती है। इससे नई पीढ़ी को भी पढ़ाई और साहित्य की ओर प्रेरणा मिलेगी।डीएम की इस अनूठी मुहिम को जनपदभर में सराहना मिल रही है। शिक्षकों, सामाजिक संगठनों और साहित्य प्रेमियों ने इसे समाज के लिए सकारात्मक पहल बताया है। वहीं मंडल स्तर पर भी इस अभियान को बढ़ावा देने की चर्चा शुरू हो गई है। लोगों का कहना है कि यदि इस तरह की पहल लगातार जारी रही तो पुस्तक संस्कृति को नया जीवन मिल सकता है।"एक पुष्प-एक पुस्तक" अभियान अब मुरादाबाद में चर्चा का विषय बना हुआ है और लोग इसे ज्ञान व संस्कार से जोड़कर देख रहे हैं।





## आरटीई प्रवेश में लापरवाही पर बीएसए सख्त, कई स्कूलों को जारी हुए नोटिस

**मुरादाबाद।** जनपद में राइट टू एजुकेशन (आरटीई) के तहत बच्चों के प्रवेश को लेकर बेसिक शिक्षा विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विमलेश कुमार ने चयनित बच्चों को प्रवेश न देने वाले कई निजी विद्यालयों को नोटिस जारी करते हुए तत्काल प्रक्रिया पूरी करने के निर्देश दिए हैं।बीएसए ने स्पष्ट कहा कि आरटीई के तहत चयनित प्रत्येक पात्र बच्चे का स्कूलों में प्रवेश सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिकता है। यदि किसी विद्यालय द्वारा जानबूझकर प्रवेश प्रक्रिया में देरी की जाती है या नियमों की अनदेखी की जाती है तो संबंधित स्कूलों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने बताया कि जनपद में अब तक 6 हजार से अधिक बच्चों का आरटीई के तहत प्रवेश कराया जा चुका है। यह कुल लक्ष्य का करीब 84 प्रतिशत है। शेष बच्चों के प्रवेश की प्रक्रिया भी तेजी से पूरी कराई जा रही है। विभाग लगातार स्कूलों की निगरानी कर रहा है और अभिभावकों से मिल रही शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई की जा रही है।बीएसए ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर और वंचित वर्ग के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से निजी विद्यालयों में आरटीई के तहत निशुल्क प्रवेश की व्यवस्था लागू की गई है। उन्होंने अभिभावकों से अपील की कि यदि किसी विद्यालय द्वारा प्रवेश में अनावश्यक बाधा उत्पन्न की जाए तो इसकी शिकायत तुरंत शिक्षा विभाग से करें।विभागीय अधिकारियों के अनुसार कई विद्यालयों ने नोटिस मिलने के बाद प्रवेश प्रक्रिया शुरू कर दी है। शिक्षा विभाग का प्रयास है कि कोई भी पात्र बच्चा शिक्षा के अधिकार से वंचित न रहे। आरटीई प्रवेश को लेकर विभाग की सख्ती से अभिभावकों में भी राहत और संतोष का माहौल देखा जा रहा है।



## जनगणना प्रक्रिया में विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने निभाई सहभागिता

**बिलारी।** जनगणना 2027 की प्रक्रिया के अंतर्गत बिलारी के लो. कप्रिय विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने अपने आवास पर परिवार की स्व-गणना कर जनगणना अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाई। इस दौरान उन्होंने ऑनलाइन माध्यम से जनगणना प्रक्रिया पूरी कराई तथा लेखपाल बिलारी संजू सिंह, नगर पालिका परिषद बिलारी के कर्मी अरविंद सिंह, दीपक शर्मा,और सहयोगियों के साथ जानकारी साझा की। विधायक हाजी मोहम्मद फहीम इरफान ने कहा कि जनगणना देश की विकास योजनाओं का आधार होती है। सही और सटीक जानकारी से सरकार को जनहित की योजनाएं बनाने में सहायता मिलती है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि सभी लोग जनगणना में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और सही जानकारी उपलब्ध कराकर इस जनगणना अभियान को सफल बनाएं। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि देश के विकास और संसाधनों के बेहतर वितरण का महत्वपूर्ण माध्यम है। इस अवसर पर मौजूद लोगों ने भी जनगणना प्रक्रिया को सरल और उपयोगी बताते हुए इसमें सहयोग करने का संकल्प लिया।



## प्राइवेट और सरकारी स्कूलों के संचालन के लिए होगी प्रबंध समिति गठित

**कांठ ( शाह टाइम्स )**स्कूलों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सशक्त बनाने की जिम्मेदारी अब सिर्फ सरकार की नहीं होगी, बल्कि समाज भी इसमें हाथ बंटाएगा। इस दिशा में शिक्षा मंत्रालय ने एक बड़ी पहल की है। इसके तहत प्रत्येक सरकारी और प्राइवेट स्कूलों के संचालन का जिम्मा अब प्रबंधन समिति संभालेगी। जिसके अध्यक्ष से लेकर 75% सदस्य बच्चों के अभिभावक व संरक्षक होंगे। समिति के सचिव स्कूल के प्राचार्य होंगे। समिति का कार्यकाल दो वर्षों के लिए होगा। बच्चों को बेहतर शिक्षा न मिलने, शिक्षकों के समय से न आने जैसी शिकायतों को देखते हुए शिक्षा मंत्रालय ने स्कूलों को बेहतर बनाने के लिए समाज को जोड़ने की यह पहल की है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने बुधवार को स्कूल प्रबंधन समिति को लेकर एक विस्तृत दिशा- निर्देश जारी किए है।

## प्रीपेड मीटर को पोस्टपेड करने के फैसले का व्यापारियों ने किया स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल युवा इकाई चन्दौसी ने उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्मार्ट प्रीपेड बिजली मीटरों को पोस्टपेड व्यवस्था में बदलने के निर्णय का स्वागत किया है। नगर अध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू के नेतृत्व में व्यापारियों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की और इसे व्यापारी एवं आम उपभोक्ता वर्ग की बड़ी जीत बताया।

नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय ने कहा कि प्रीपेड मीटर व्यवस्था से व्यापारियों को हमेशा कारोबार प्रभावित होने का डर बना रहता था। बैलेंस समाप्त होते ही बिना पूर्व सूचना बिजली आपूर्ति बंद हो जाती थी, जिससे दुकानदारों और छोटे व्यापारियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। अब पोस्टपेड व्यवस्था लागू होने से व्यापारिक गति. विधियां सुचारू रूप से चल सकेंगी। उन्होंने कहा कि प्रीपेड मीटरों में उपभोक्ताओं को अधिक बिलिंग और तकनीकी खामियों की शिकायतें भी लगातार मिल रही थीं। सरकार के इस निर्णय से उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। साथ ही अब बिजली बिल जमा करने के लिए 15 दिन का समय मिलेगा तथा बकाया राशि को 10 किस्तों में जमा करने की सुविधा भी दी गई है। व्यापारियों ने सरकार के इस फैसले को जनहितकारी बताते हुए बिजली विभाग में लापरवाही बरतने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग भी उठाई। इस अवसर पर दीपक वार्ष्णेय, निशांत शर्मा, रितिक वार्ष्णेय, शुभम अग्रवाल, गुल हसन, अंशुल गौतम, धर्मेश राणा और तुषार सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

# मुरादाबाद रेलवे मंडल में मनाया गया 'विद्युत सुरक्षा सप्ताह', कर्मचारियों को दिए सुरक्षा के टिप्स

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** रेलवे मंडल मुरादाबाद में 1 मई से 7 मई तक "विद्युत सुरक्षा सप्ताह" का आयोजन किया गया। उत्तर रेलवे के मुरादाबाद मंडल में यह अभियान मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव के निर्देश तथा वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य जन्मेजय उपाध्याय के निर्देशन में चलाया गया। सप्ताह भर चले इस अभियान के दौरान मुरादाबाद रेलवे मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर विद्युत सुरक्षा को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। रेलवे विद्युत कर्मचारियों द्वारा स्टेशनों पर विद्युत सुरक्षा संबंधी पोस्टर लगाकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। साथ ही विद्युत सुपरवाइजरों ने कर्मचारियों को विद्युत कार्य करते समय बरती जाने वाली सावधानियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कर्मचारियों को बताया गया कि विद्युत कार्य के दौरान छोटी सी लापरवाही भी गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है।वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता जन्मेजय उपाध्याय ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्युत संबंधी कार्य करते समय जीवन सुरक्षा को सर्वोपरि रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी कर्मचारियों को सुरक्षा उपकरण जैसे सेफ्टी शूज, सेफ्टी बेल्ट, सेफ्टी हेलमेट आदि का अनिवार्य रूप से प्रयोग करना चाहिए। साथ ही विद्युत कार्यों के दौरान अर्थिंग रॉड का प्रयोग सुनिश्चित करने और मेंटेनेंस कार्य के समय किसी भी प्रक्रिया को बायपास न करने के निर्देश दिए गए।अभियान के दौरान मंडल के सभी विद्युत सुपरवाइजर और कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। रेलवे प्रशासन ने इसे कर्मचारियों की सुरक्षा और दुर्घटनाओं की रोकथाम की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।




## हस्तशिल्पियों के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कारों की घोषणा 16 जून तक करें आवेदन

**मुरादाबाद।** उपायुक्त उद्योग, जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र ने जनपद के आर्टिजन कार्ड धारक समस्त हस्तशिल्पियों को सूचित किया है कि वर्ष 2026-27 के लिए उ0प्र0 राज्य हस्तशिल्प पुरस्कार एवं दक्षता हस्तशिल्प पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।पात्रता शर्तें: हस्तशिल्पी की न्यूनतम आयु 25 वर्ष या उससे अधिक हो। हस्तशिल्प क्षेत्र में न्यूनतम 05 वर्ष का अनुभव हो। हस्तशिल्प विकास आयुक्त (हस्तशिल्प) द्वारा प्रदत्त हस्तशिल्पी पहचान पत्र होना अनिवार्य है। पुरस्कार हेतु कलाकृति फ्रेम में जड़ित होनी चाहिए। राज्य पुरस्कार एक हस्तशिल्पी को केवल एक बार ही दिया जाएगा। जिन हस्तशिल्पियों को पहले राज्य हस्तशिल्प पुरस्कार मिल चुका है, वे इस विशिष्ट हस्तशिल्प प्रादेशिक पुरस्कार के पात्र नहीं होंगे।उपायुक्त ने बताया कि इच्छुक हस्तशिल्पी कार्यालय से निर्धारित फॉर्मेट प्राप्त कर तीन प्रतियों में समस्त अनुलग्नकों तथा मूल कलाकृति सहित 16 जून 2026 तक कार्यालय में जमा करना सुनिश्चित करें।

# पॉक्सो एक्ट में दोषी को 10 वर्ष का कारावास अपराध किया है, तो सजा जरूर पाओगे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** अदालतों में अब त्वरित न्याय की नई तस्वीर दिखाई देने लगी है। वर्षों तक तारीख पर तारीख की पहचान रखने वाली न्यायिक प्रक्रिया में बदलाव नजर आ रहा है। मई 2025 के बाद से जनपद न्यायालय संभल में कई मामलों में तेजी से सुनवाई कर पीडिघ्तों को शीघ्र न्याय दिलाया जा रहा है। इससे जहां पीडिघ्त परिवारों का न्याय व्यवस्था पर भरोसा मजबूत हुआ है, वहीं अपराधियों में कानून का भय भी बढ़ा है। जनपद न्यायालय संभल स्थित चन्दौसी में विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट एवं अपर जनपद न्यायाधीश अवधेश कुमार सिंह द्वारा लगातार त्वरित फैसले सुनाए जा रहे हैं। हाल ही में अदालत ने एक महत्वपूर्ण पॉक्सो मामले में सुनवाई पूरी कर दोषी को सजा सुनाई। मामला थाना हयातनगर क्षेत्र के ग्राम नूरपुर निवासी राजू पुत्र सत्यप्रकाश निवासी ग्राम नूरपुर थाना हयातनगर जिला संभल से जुड़ा। अभियोजन के अनुसार वादी ने वर्ष 2020 में थाना हयातनगर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी नाबालिग बेटी 22 जून 2020 की शाम करीब छह बजे शौच के लिए जंगल गई थी। आरोप था कि राजू उसे बहला-फुसलाकर शादी के उद्देश्य से भगा ले गए। काफी तलाश के बाद भी किशोरी का पता नहीं चल सका था। गांव के ही एक व्यक्ति ने युवती को आरो. पियों के साथ जाते हुए देखने की बात कही थी। मामले की सुनवाई के बाद न्यायालय ने आरोपी राजू को दोषी करार दिया।



अदालत ने भारतीय दंड संहिता की धारा 363 के तहत तीन वर्ष के कारावास व तीन हजार रुपये अर्थदंड, धारा 366 के तहत पांच वर्ष के कारावास व पांच हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। वहीं पॉक्सो एक्ट की धारा 4 के तहत आरोपी को 10 वर्ष के कारावास एवं 10 हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया। न्यायालय के इस फैसले से पीडिघ्त पक्ष को राहत मिली है और समाज में यह संदेश गया है कि महिला एवं बाल अपराधों में अब तेजी से न्याय मिल रहा है।

## गुरुदेव रविन्द्रनाथ टैगोर व भारत रत्न पांडुरंग बामन काणे की जयंती मनाई

**चन्दौसी।** महापुरुष स्मारक समिति एवं सर्व समाज जागरूकता अभियान भारत के संयुक्त तत्वावधान में कृष्णानगर स्थित आदर्श बाल विद्या मंदिर में गुरुदेव रविन्द्रनाथ टैगोर एवं भारत रत्न पांडुरंग बामन काणे की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष कवि माधव मिश्र ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अध्यक्षता जीवन दास शर्मा ने तथा संचालन राजवीर सिंह ने किया। मुख्य वक्ता कवि माधव मिश्र ने गुरुदेव रविन्द्रनाथ टैगोर के जीवन पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वे महान कवि, दार्शनिक, शिक्षाविद और समाज सुधारक थे। उनकी कृति 'गीतांजलि' के लिए उन्हें वर्ष 1913 में साहित्य का नोबेल पुरस्कार मिला, जो एशिया का पहला नोबेल सम्मान था। उन्होंने बताया कि टैगोर द्वारा रचित 'जन गण मन' भारत का तथा 'आमार सोनार बांग्ला' बांग्लादेश का राष्ट्रगान बना। उन्होंने भारत रत्न पांडुरंग बामन काणे के योगदान को भी याद करते हुए कहा कि उन्होंने भारतीय संस्कृति एवं धर्मशास्त्रों के संरक्षण में महत्वपूर्ण कार्य किया। उनकी प्रसिद्ध पुस्तक 'धर्मशास्त्र का इतिहास' भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण दस्तावेज है। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीत एवं कविताएं प्रस्तुत कीं। अंत में राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।



# मौलागढ़ के प्रेमनगर में कीचड़ और गंदे पानी में गुजरने को मजबूर लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** विकासखंड बनियाखेड़ा की ग्राम पंचायत मौलागढ़ के प्रेमनगर मोहल्ले में मूलभूत सुविधाओं का अभाव साफ तौर पर देखा जा सकता है। शहर से सटा होने के बावजूद यहां के हालात बेहद खराब हैं। गलियों में कीचड़, जलभराव और गंदगी का आलम ऐसा है कि लोगों का घर से निकलना तक दूभर हो गया है। मोहल्ले की कई गलियों में पानी की निकासी की कोई व्यवस्था नहीं है, जिसके चलते गंदा पानी सड़कों पर जमा रहता है। जगह-जगह बने गड्ढों में भरा पानी और कीचड़ राहगीरों के लिए बड़ी समस्या बना हुआ है। बरसात के समय हालात और भी बदतर हो जाते हैं। लोगों को मजबूरी में इसी गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है, जिससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि ग्राम पंचायत का कार्यकाल पांच वर्ष पूरा होने को है, लेकिन इस दौरान ग्राम प्रधान ने एक बार भी मोहल्ले में आकर हालात का जायजा नहीं लिया। लोगों में इस बात को लेकर काफी रोष है कि शहर के नजदीक होने के बावजूद उन्हें बुनियादी सुविधाएं तक नसीब नहीं हो रही हैं। मोहल्ले की गलियों में न तो पक्की सड़क है और न ही समु. चित जल निकासी की व्यवस्था। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द मोहल्ले की सड़कों का निर्माण कराया जाए और जल निकासी की समुचित व्यवस्था की जाए, ताकि उन्हें इस समस्या से राहत मिल सके। साथ ही उन्होंने ग्राम पंचायत की कार्यप्रणाली की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की भी मांग उठाई है।



# शिवसेना ने मेधावी छात्र-छात्राओं को किया सम्मानित, बढ़ाया उत्साह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिलारी।** शिवसेना द्वारा मेधावी छात्र-छात्राओं के सम्मान में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विभिन्न स्कूलों के टॉपर्स विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं के साथ उनके अभिभावकों एवं विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की भी विशेष उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ शिवसेना के मुरादाबाद जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा ने मां भवानी एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस दौरान "जय भवानी, जय शिवाजी" और "भारत माता की जय" के नारों से वातावरण गूंज उठा। जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही उज्ज्वल भविष्य की सबसे बड़ी ताकत है और मेहनत करने वाले विद्यार्थियों को हमेशा आगे बढ़ने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों से आए करीब 25 मेधावी छात्र-छात्राओं को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सम्मान प्राप्त कर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे और उन्होंने शिवसेना टीम का आभार व्यक्त किया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को भी सम्मानित किया गया। शिवसेना के जिला उप प्रमुख राजीव सक्सेना ने कार्यक्रम में आए सभी विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं प्रधानाचार्यों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों का मनोबल बढ़ाने का कार्य करते हैं और शिवसेना मुरादाबाद जिले की प्रत्येक तहसील में इस प्रकार के आयोजन लगातार करती रहेगी। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक कार्यकर्ता संजय सक्सेना ने किया। कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों एवं विद्यार्थियों के लिए जलपान की व्यवस्था भी की गई। इस अवसर पर शिवसेना के जिला प्रमुख वीरेंद्र अरोड़ा, जिला उप प्रमुख राजीव सक्सेना, भाटिया जी, श्रीकांत गुप्ता, अरुण ठाकुर, अखिल भारतीय चित्रांश महासभा के प्रदेश अध्यक्ष कुलदीप सक्सेना, हरी बाबू, सुशील शर्मा, महेश सिंह, संतोष कुमार, विनोद यादव, दिनेश आजाद, भूरा भाई, कुश सक्सेना, रवि शंकर रस्तोगी, अमन गुरुजी, अभिषेक शर्मा, अमित सक्सेना, परमानंद सक्सेना, दिनेश प्रजापति, अमित गुप्ता, मयूर गुप्ता, सौरव सक्सेना, विशाल गुप्ता, गौतम विजय माथुर सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।





# अराजक स्थिति

4 मई को हुई मतगणना के बाद से ही शुरू हुई हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। पांच लोगों की अब तक जान जा चुकी है। जिसमें भाजपा नेता सुवेन्दु अधिकारी के पर्सनल असिस्टेंट चंद्रनाथ रथ की बुधवार देर रात 10:30 बजे हत्या भी शामिल है। सुवेन्दु अधिकारी ने भवानीपुर में ममता बनर्जी को हराया था। अब यह राजनीतिक हत्या है या कोई अन्य कारण यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा, लेकिन गुरुवार को सुवेन्दु अधिकारी ने कहा है कि उनके पीए की हत्या इसलिए हुई क्योंकि उन्होंने ममता बनर्जी को हराया। चंद्रनाथ रथ की मां ने भी इसी तरह का बयान दिया है और कहा है कि हार का बदला मेरी बेटे की हत्या कर लिया गया है। उनके अनुसार कुछ नेताओं ने पहले धमकी दी थी कि 4 तारीख के बाद कोई बच नहीं पाएगा। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया है कि चंद्रनाथ रथ को चार गोलियां लगी हैं। अब तक इस मामले में पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लिया है। इस बीच एक नोटिफिकेशन जारी कर राज्यपाल आरएन रवी ने पश्चिम बंगाल की विधानसभा को भंग कर दिया। लोकभवन से जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार यह आदेश भारत के संविधान के अनुच्छेद 174 के तहत प्रदत्त शक्तियों के अनुसार जारी किया गया है। अधिसूचना में यह भी कहा गया है कि राज्यपाल को प्राप्त अधिकारों के आधार पर ही यह फैसला लिया गया है। इस बीच कोलकाता में आज भाजपा विधायक दल की बैठक होने जा रही है। बताया जा रहा है कि इसमें मौजूदा राजनीतिक स्थिति और आगे की रणनीति पर चर्चा होगी। पीए पर जिस तरह हमलावरों ने गोली चलाई, जिसमें बताया जा रहा है कि उन्होंने दस राउंड गोलियां चलाई। इसमें चार गोलियां चंद्रनाथ को लगी, उनके ड्राइवर बुद्धदेव को भी गोली लगने की बात सामने आई है। कहा तो यह भी जा रहा है कि हमलावर 7 किमी से उनकी कार का पीछा कर रहे थे। जिस तरह हमलावर घटनास्थल से आराम से फरार हुए और अभी तक पकड़े नहीं गए हैं, जिससे साफ है कि बंगाल की हिंसा एक नए दौर की तरफ जा रही है, क्योंकि एक दो नहीं दर्जनों स्थानों से हिंसा की खबरें आ रही हैं। बसीरहाट, बरानगर और हावड़ा जैसे क्षेत्रों से भी हिंसा के समाचार सामने आ रहे हैं। 24 परगना के पानीहाट में तो भाजपाइयों पर बम फेंकने की बात सामने आई है। यह स्थिति हमारे लोकतंत्र के लिए जरा भी ठीक नहीं है।

# सियासत की अपनी अलग इक ज़ुबां है



निर्मल रानी

जनता को सब्ज बाग दिखाने में पूरी महारत रखने वाले सत्ताधारी नेताओं से यदि देश के हालात के बारे में बात कीजिए तो अपनी लच्छेदार बातों से यह साबित कर देंगे कि देश में चारों तरफ बागों में बहार है, जनता खुशहाल है, कानून व्यवस्था पूरी तरह चाक चौबंद है,देश भ्रष्टाचार मुक्त हो चुका है,देश में विकास की गंगोत्री बह रही है। और यदि किसी ने सरकार की आलोचना करने की कोशिश की तो चुनाव में बार बार मिलने वाली विजय का हवाला देते हुए उल्टे उसी से यह पूछ लिया जाता है कि यदि जनता संतुष्ट नहीं तो बार बार विभिन्न राज्यों में जनादेश व जनसमर्थन सत्ता के पक्ष में क्यों?

आप चीखते चिल्लाते रहिए कि चुनाव परिणाम को सत्ता के पक्ष में प्रभावित करने में मुख्य चुनाव आयुक्त,चुनाव आयोग,एस आई आर,इनकम टैक्स, सी बी आई,ई डी,बी एस एफ,सी आर पी, गोदी मीडिया आदि संस्थाओं की भूमिका रही है। परन्तु आपकी शिकायत सुन कौन रहा है ? याद कीजिए 2013 में, जब डॉलर के मुकाबले रूपया 60 के स्तर पर पहुंचा था उस समय नरेंद्र मोदी ने केंद्र सरकार की कड़ी आला. ेचना करते हुए कहा था कि रूपए की गिरती कीमत से सरकार की प्रतिष्ठा गिर रही है। तब मोदी ने रूपए की कमजोरी को यूपीए सरकार की दिशाहीन नीतियों और आर्थिक संकट का संकेत बताया था। कमजोर रुपया=कमजोर सरकार का कथन प्रचारित किया गया था । मोदी ने उस समय यह भी कहा था कि गिरते रूपए के कारण देश के व्यापारी बोझ नहीं सह पाएंगे और विश्व व्यापार में भारत पीछे रह जाएगा। परन्तु आज तो मोदी शासन काल में डॉलर के मुकाबले वही रूपया 95.18 तक पहुंच चुका है। परन्तु शायद आज न तो यह स्थिति सरकार की



दिशाहीन नीतियों की वजह से है न ही यह आर्थिक संकट का संकेत है। न ही यह कमजोर सरकार का लक्षण है न ही रूपए की गिरती कीमत से सरकार की प्रतिष्ठा गिर रही है। बजाए इसके अक्टूबर 2022 में जब रूपया 1 डॉलर के मुकाबले 82 पर पहुंचा था उस समय अमेरिका की अपनी यात्रा के दौरान वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने यह तर्क जरूर दिया था कि श्भारतीय रूपया गिर नहीं रहा है, बल्कि अमे. रिकी डॉलर तेजी से मजबूत हो रहा हैश। क्या यह तर्क 2014 से पहले यू पी ए सरकार के समय लागू नहीं हो सकता था? परन्तु शायद उस समय के सत्ताधारियों और आज के विपक्ष में न तो इस तरह के श्कुतर्क रूपी तर्कश देने की सलाहियत थी न ही मीडिया मैनेज कर इस विषय को हंगामा बनाने से रोकने की कला। इसलिए 1 डॉलर के 100 रुपये के आंकड़े को छूने के करीब होने बावजूद आज यह चर्चा का विषय ही नहीं है?

इसी तरह 2004-2014 के बीच जब देश में कांग्रेस के नेतृत्व वाली UPA सरकार थी। उस दौरान पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम बढ़ने पर भाजपा ने देश भर में जोरदार विरोध प्रदर्शन किए थे। यहां तक कि कुछ जगहों पर इनके अर्धनग्न होकर प्रदर्शन करने की तस्वीरें भी सामने आई थीं। 2010 से 2014 के बीच भाजपाई यह प्रदर्शन उस दौर में कर रहे थे जबकि पेट्रोल की कीमतें 61रूपये से लेकर 70 रूपये प्रति लीटर के करीब थीं। और घरेलू रसोई गैस की कीमत 414 के करीब थीं। उस समय कई भाजपा नेता सिलेंडर की कीमतों में वृद्धि के विरोध में सड़कों पर चूल्हे जलाकर प्रदर्शन किया करते थे। परन्तु आज पेट्रोल व डीजल कहीं 100 रुपये के करीब तो कहीं 100 रुपये पार कर चुका है। गैस का मूल्य भी 1000 प्रति सिलिंडर के करीब हो गया है। परन्तु न तो विपक्ष का हंगामा न हंगामे में शोर या उसका असर न ही ऐसी खबरों को मीडिया में कोई स्थान। आजकल तो वैसे भी ईरान इस्राईल युद्ध के चलते देश में अनेक जगहों पर गैस सिलिंडर लेने के लिए लोग लंबी लंबी कतारों में खड़े हुए हैं। गैस की धड़ल्ले से ब्लैक मेलिंग हो रही है। परन्तु जनता के हितों से मुख्य रूप से जुड़े ऐसे सवालों पर तो कोई चर्चा नहीं हां इस विषय पर सरकार का यह स्टैंड मीडिया जरूर प्रचारित कर देता है कि सब कुछ ठीक ठाक है ।

इसी तरह भाजपा की केंद्र सरकार ने देश में एक नया वोट बैंक तैयार किया है लाभार्थी वोट बैंक। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत देशभर में लगभग 80 करोड़ से अधिक लाभार्थियों अर्थात देश की लगभग 57 प्रतिशत आबादी को मुफ्त राशन दिया जा रहा है । इस योजना के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों को हर महीने प्रति सदस्य 5 किलोग्राम मुफ्त गेहूं या चावल उपलब्ध कराया जा रहा है। आलोचक इस योजना को सरकार की नाकामी बता रहे हैं। इनका कहना है कि इस योजना का मतलब है कि देश की 57 प्रतिशत आबादी इतने पैसे भी नहीं कमा पा रही कि वह अपने व परिवार के लिए 5 किलो राशन तक खरीद सके। जबकि कुछ आलोचक कहते हैं कि ऐसी योजनाएं लोगों को निठल्ला बनाती हैं। कोई कुछ भी कहता रहे परन्तु सरकार ऐसी योजनाओं को चलाकर अपनी पीठ थपथपाती है और इसके बदले इन्हीं लाभार्थियों से वोट की उम्मीद लगाए रहती है। और धन्य है देश की वह जनता भी जो आत्मनिर्भर होने या सरकार से रोजगार के अवसर मांगने के बजाए इसी 5 किलो मुफ्त राशन को ही अपना भाग्य समझकर फूले नहीं समाती। यह सफल अन्दाज-ए-सियासत की ही एक बानगी कही जाएगी कि आज जी एस टी व नोटबंदी से परेशान लोग व व्यवसाई इस विषय पर चर्चा बंद कर चुके हैं। लॉक डाउन के दौर में हजारों किलोमीटर पैदल चलने वाले लोग अपना दु:ख भूलने को मजबूर हो चुके हैं। मंहगाई, बेरा. ेजगारी, स्वास्थ्य, शिक्षा व नारी स्मिता तो जैसे कोई मुद्दा ही नहीं। वास्तव में देश की राजनीति अब उस दौर में प्रवेश कर चुकी है जहां जनता के मुद्दे क्या हैं और क्या होंगे यह भी अब जनता नहीं बल्कि राजनैतिक दलों के नेता तय करते हैं। इसलिए जनता की आधारभूत जरूरतें और लो. कहितकारी बातें छोड़िए और पाकिस्तान,हिन्दू मुस्लिम,मंदिर मस्जिद, घुसपैठिया, लव जिहाद,जाति धर्म,धर्म विशेष की कथित रूप से बढ़ती जनसंख्या जैसे सत्ता द्वारा निर्धारित विषयों को ही वर्तमान राजनीति की सबसे बड़ी जरुरत स्वीकार कीजिए।

## श्रीमुख से...

### तथ्यों को भुलाया नहीं जा सकता



ऑपरेशन सिंदूर के लॉन्च की पहली वर्षगांठ है और यह अवसर सशस्त्र बलों के साहस, पराक्रम और पेशेवर क्षमता को सम्मान देने का है, लेकिन इसके साथ ही कुछ महत्वपूर्ण तथ्यों को भुलाया नहीं जा सकता और उनको याद रखना भी जरूरी है, पिछले वर्ष 10 मई को युद्धविराम की पहली घोषणा अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने की थी और इसका श्रेय राष्ट्रपति ट्रम्प के हस्तक्षेप को दिया गया था, उनका कहना था कि उसके बाद श्री ट्रम्प ने विभिन्न मंचों पर सैन्य अभियान रुकवाने का दावा दोहराया, लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने सार्वजनिक रूप से कभी इस दावे के खंडन नहीं किया, में बाद चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान ने स्वीकार किया था कि शुरुआती चरण में टैक्टिकल गलतियों के कारण भारत को नुकसान उठाना पड़ा, हालांकि बाद में रणनीतिक सुधार कर पाकिस्तान के भीतर सटीक कार्रवाई की गई।

-जयराम रमेश, प्रभारी, कांग्रेस संचार विभाग

## अपने विचार रखें...

**हम पाठकों के साथ ही वरिष्ठ स्तंभकारों, लेखकों को सम्पादकीय पेज हेतु आलेख अथवा जनमानस से जुड़े मुद्दों पर अपनी राय भेजने के लिए आमंत्रित करते हैं, सम्पादकीय पेज पर प्रकाशित किसी भी लेख से सम्पादक अथवा संस्थान का सहमत होना आवश्यक नहीं है, यह लेखक के अपने निजी विचार होते हैं।**

**सम्पादकीय डेस्क, शाह टाइम्स**
**पत्राचार: शाह टाइम्स, सुजडू चुंगी, मेरठ रोड मुजफ्फरनगर, पिन कोड-251003**
**Dainikshahtimes@gmail.com**

# वीडियो बनाने की बजाए जान बचाना जरूरी



कहकशां

आज 8 मई है यानी कि विश्व रेडक्रॉस दिवस। नाम सुनते ही दिमाग में क्या आता है? खून की बोतलें, पट्टियां और सफेद झंडे वाली गाड़ी। है न? लेकिन रेड क्रॉस इससे कहीं ज्यादा चटपटा है। यह वो तड़का है जो इंसानियत की दाल में स्वाद भर देता है। आज 8 मई हेनरी डडूनांट का जन्मदिन है। स्विट्जरलैंड का यह बंदा बीते सन 1859 में इटली देश में सोलफेरिनो की लड़ाई देखने पहुंच गया था। चारों तरफ लाशें, घायल कराह रहे थे। न डॉक्टर, न दवा। डडूनांट ने गांववालों को इकठा किया और बोला भाई ए अपना है या पराया इस बात को तुरंत छोड़ो। पहले पट्टी बांधो। बस वहीं से रेड क्रॉस का बीज पड़ गया। सोचो एक टूरिस्ट ने कैसे दुनिया बदल दी और हम हैं कि देहरादून या दिल्ली जाकर सेल्फी लेकर लौट आते हैं। रेड क्रॉस का सबसे चटपटा उसूल है निष्पक्षता। युद्ध में ए दुश्मन के घायल सिपाही को भी पानी पिलाते हैं। बाढ़ आए तो ए नहीं पूछते कि आधार कार्ड दिखाओ। कश्मीर से कन्याकुमारी तक, यूक्रेन से गाजा तक, जहां गोली चलती है, ए पट्टी लेकर खड़ा मिलता है। बिना वर्दी और भी बिना हथियार के। बस एक लाल क्रॉस का निशान और कलेजा 56 इंच का। आपने ब्लड बैंक में रक्तदान महादान है का बोर्ड तो देखा होगा। इसके पीछे 80 प्रतिशत मेहनत रेड क्रॉस की ही है। गर्मी में जब एसी की हवा खा रहे होते हो तब कहीं कोई वॉलंटियर 45 डिग्री में कैंप लगाकर आपसे कह रहा होता है भैया 1 यूनिट दे दो



किसी की जान बच जाएगी और हम बहाना मार देते हैं कि आज तो वीकनेस है फिर कभी। अरे बई सुई का डर है तो जरा उन माताओं से पूछो जिनके बच्चे थैलेसीमिया से हर 15 दिन में खून चढ़वाते हैं। छह वर्ष पहले भी अपने यहां रेडक्रॉस सोसायटी के वॉलंटियर कोरोना में राशन बांटते दिखे थे। पिछले वर्ष जब ओले पड़े थे तो सबसे पहले इन्हीं लड़कों ने कंबल बांटे थे। न फोटो की भूख थी और ना ही किसी नेता के साथ सेल्फी का चक्कर था। काम खत्म तो घर की राह। खून दो साल में 2 बार। शरीर फिट पुण्य हिट। वॉलंटियर बनो फर्स्ट एड सीख लो। अगला एक्सीडेंट देखकर वीडियो बनाने से बेहतर है आप किसी की जान बचाओ। अफवाह नहीं मदद फैलाओ रेड क्रॉस का निशान देखो तो तुरंत रास्ता दे दो, एम्बुलेंस को साइड दे दो। रेड क्रॉस वालों का कोई धर्म नहीं होता। इनका धर्म है दर्द। जहां दर्द दिखा ए मरहम बन गए। हेनरी डडूनांट को इसके लिए पहला नोबेल शांति पुरस्कार मिला था। पर असली पुरस्कार तो वो दुआएं हैं जो किसी मां ने अपने बच्चे की जान बचने पर दी होंगी। तो अब आप इस 08 मई को एक वादा करो। खून देने से डर लगे तो कम से कम किसी का दिल तो नही दुखाओगे क्योंकि रेड क्रॉस कहता है कि इंसानियत जिंदाबाद बाकी सब बाद। हैप्पी वर्ल्ड रेड क्रॉस डे।

> **कश्मीर से कन्याकुमारी तक, यूक्रेन से गाजा तक, जहां गोली चलती है, यह पट्टी लेकर खड़ा मिलता है। बिना वर्दी और भी बिना हथियार के। बस एक लाल क्रॉस का निशान और कलेजा 56 इंच का। आपने ब्लड बैंक में रक्तदान महादान है का बोर्ड तो देखा होगा। इसके पीछे 80 प्रतिशत मेहनत रेड क्रॉस की ही है। गर्मी में जब एसी की हवा खा रहे होते हो तब कहीं कोई वॉलंटियर 45 डिग्री में कैंप लगाकर आपसे कह रहा होता है भैया 1 यूनिट दे दो किसी की जान बच जाएगी और हम बहाना मार देते हैं कि आज तो वीकनेस है फिर कभी।**

# बंगाल की जीत के शिल्पकार : सुनील बंसल का रणनीति मॉडल



मितेंद्र कुमार गुप्ता



भारतीय राजनीति में चुनावी जीत केवल जनसभाओं, नारों और चेहरे के आकर्षण से नहीं मिलती, बल्कि इसके पीछे एक मजबूत संगठन, सूक्ष्म रणनीति और जमीनी स्तर पर निरंतर काम करने वाले कुशल प्रबंधकों की बड़ी भूमिका होती है। पश्चिम बंगाल जैसे जटिल और राजनीतिक रूप से संवेदनशील राज्य में भारतीय जनता पार्टी की बढ़ती ताकत के पीछे जिस नाम की चर्चा लगातार होती रही है, वह है सुनील बंसल। भले ही चुनावी मैदान में चेहरा नरेंद्र मोदी का रहा हो, लेकिन संगठन की जड़ों को मजबूत करने और जीत की नींव तैयार करने का श्रेय काफी हद तक बंसल के रणनीतिक कौशल को दिया जाता है।

**संगठन का सूक्ष्म विज्ञान:** सुनील बंसल की कार्यशैली पारंपरिक राजनीति से अलग और आधुनिक प्रबंधन सिद्धांतों से प्रभावित मानी जाती है। उनका मानना है कि चुनाव केवल भावनाओं से नहीं, बल्कि डेटा, नेटवर्क और निरंतर फीडबैक सिस्टम से जीते जाते हैं। वे संगठन को तीन स्तरों पर मजबूत करते हैं-

बूथ स्तर पर पकड़
कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण
डेटा आधारित निर्णय

पश्चिम बंगाल में उन्होंने सबसे पहले बूथ स्तर पर संगठन को पुनर्गठित किया। हर बूथ को एक मिनी चुनाव इकाई के रूप में विकसित किया गया, जिसमें स्थानीय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई।

**उत्तर प्रदेश मॉडल:** सुनील बंसल का सबसे बड़ा राजनीतिक प्रयोग उत्तर प्रदेश में देखा गया था। 2014 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने संगठनात्मक ढांचे को इस तरह से खड़ा किया कि भारतीय जनता पार्टी को 73 सीटों की ऐतिहासिक जीत मिली। यहां उन्होंने जो मॉडल अपनाया, वही बाद में अन्य राज्यों में लागू किया गया।

हर बूथ पर सक्रिय कार्यकर्ता
माइक्रो मैनेजमेंट
जातीय और सामाजिक समीकरणों का संतुलन

**चुनावी डेटा का विश्लेषण:** यही मॉडल पश्चिम बंगाल में भी लागू किया गया, हालांकि वहां की परिस्थितियां बिल्कुल अलग थीं।

**पश्चिम बंगाल:** पश्चिम बंगाल में राजनीति लंबे समय तक क्षेत्रीय दलों और वामपंथी विचारधारा के प्रभाव में रही है। यहां संगठन खड़ा करना आसान नहीं था।

**बंसल ने इस चुनौती को अवसर में बदला-**

1. स्थानीय नेतृत्व का निर्माण

उन्होंने बाहर से नेतृत्व थोपने के बजाय स्थानीय चेहरों को आगे बढ़ाया।

2. सांस्कृतिक और सामाजिक समझ

बंगाल की संस्कृति, भाषा और स्थानीय मुद्दों को समझते हुए रणनीति बनाई गई।

3. विस्तृत संपर्क अभियान

घर-घर संपर्क, छोटे समूहों की बैठकें और निरंतर संवाद उनकी रणनीति का हिस्सा रहे।

**संगठन महामंत्री से राष्ट्रीय महामंत्री तक:** 2022 में जब सुनील बंसल को राष्ट्रीय महामंत्री बनाया गया, तो यह उनकी संगठनात्मक क्षमता की मान्यता थी। इसके साथ ही उन्हें तेलंगाना और ओडिशा जैसे राज्यों का प्रभार भी दिया गया। इससे साफ है कि पार्टी नेतृत्व उन्हें एक टास्क स्पेशलिस्ट के रूप में देखता है, जो कठिन राज्यों में संगठन खड़ा करने में माहिर हैं।

**विद्यार्थी परिषद से राजनीति तक का सफर:** सुनील बंसल की राजनीतिक यात्रा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से शुरू हुई। यहां उन्होंने संगठन की बारीकियां सीखी। ABVP में रहते हुए उन्होंने छात्र राजनीति में नेटवर्किंग सीखी कार्यकर्ताओं को प्रेरित करना सीखा। संघर्ष और अनुशासन का अभ्यास किया यही अनुभव बाद में उनकी रणनीतियों की नींव बना। सुनील बंसल की रणनीति को कुछ प्रमुख सिद्धांतों में समझा जा सकता है-

1. डेटा इज पावर
2. कार्यकर्ता ही असली ताकत
3. निरंतर फीडबैक
4. स्थानीय मुद्दों पर फोकस

**पश्चिम बंगाल में रणनीति के प्रमुख आयाम**

1. बूथ मैनेजमेंट
2. पन्ना प्रमुख मॉडल
3. डिजिटल और सोशल मीडिया
4. सामाजिक समीकरण

**नेतृत्व के साथ तालमेल:** सुनील बंसल की सबसे बड़ी ताकत यह है कि वे शीर्ष नेतृत्व के विजन को जमीनी स्तर पर लागू करना जानते हैं। नरेंद्र मोदी और अन्य नेताओं के संदेश को उन्होंने कार्यकर्ताओं तक प्रभावी तरीके से पहुंचाया।

**सरल व्यक्तित्व, मजबूत रणनीतिकार:** व्यक्तिगत जीवन में सुनील बंसल बेहद सरल और सहज माने जाते हैं। वे प्रचार से दूर रहकर काम करने में विश्वास रखते हैं।

कम बोलना, ज्यादा काम करना
टीम पर भरोसा
अनुशासन और समय प्रबंधन
निरंतर सीखने की प्रवृत्ति
आलोचना और चुनौतियां

जहां एक ओर उनकी रणनीतियों की सराहना होती है, वहीं कुछ आलोचनाएं भी सामने आती हैं।

# अमेरिकी प्रस्ताव की समीक्षा कर रहा है ईरान

## अपने रुख को अंतिम रूप देने के बाद पाकिस्तानी मध्यस्थों को जवाब देगा तेहरान

**वॉशिंगटन/तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्रालय ने पुष्टि की है कि युद्ध समाप्त करने संबंधी अमेरिकी प्रस्ताव अभी 'समीक्षाधीन' है और ईरान अपने रुख को अंतिम रूप देने के बाद पाकिस्तानी मध्यस्थों को जवाब देगा। ईरान की यह प्रतिक्रिया ऐसे समय आई है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने युद्ध जल्द समाप्त होने की संभावना जताई है। ट्रम्प ने जॉर्जिया में रिपब्लिकन समर्थकों को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 24 घंटों में ईरान के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई है और समझौते की संभावना है।

मुझे लगता है कि हम जीत गए। उन्होंने कहा कि ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने के उनके प्रयासों के कारण यदि अमेरिकियों को ईंधन कीमतों जैसी अल्पकालिक आर्थिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, तो वह अस्थाई होगा। अमेरिकी मीडिया संस्थान एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार व्हाइट हाउस ईरान के साथ 14 बिंदुओं वाले एक समझौता ज्ञापन के करीब पहुंच सकता है, जो आगे परमाणु वार्ता के लिए रूपरेखा का काम करेगा। रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका और ईरान एक ऐसे समझौते पर काम कर रहे हैं, जिससे युद्धविराम लागू हो सके और 30 दिनों के भीतर परमाणु मुद्दे, ईरानी संपत्तियों को मुक्त करने तथा होर्मुज जलडमरूमध्य में नौवहन की स्वतंत्रता जैसे विवादित मुद्दों पर समाधान निकाला जा सके। ट्रम्प ने पीबीएस न्यूज से कहा कि किसी भी समझौते के तहत ईरान को अपने उच्च संवर्धित यूरेनियम को अमेरिका भेजना होगा और भूमिगत परमाणु सुविधाएं बंद करनी होंगी। दूसरी ओर, ईरान में इस प्रस्ताव को लेकर मतभेद दिखाई दे रहे हैं। ईरानी संसद के एक वरिष्ठ सदस्य ने प्रस्ताव को 'अमेरिका की इच्छाओं की सूची' बताया, जबकि एक अन्य अधिकारी ने चेतावनी दी कि यदि अमेरिका आवश्यक रियायतें नहीं देता है तो ईरान 'कठोर जवाब' देगा जिससे अमेरिका को पछतावा होगा। ईरान की संसद की राष्ट्रीय सुरक्षा समिति के प्रवक्ता इब्राहिम रेजाई ने कहा कि अमेरिका युद्ध में वह हासिल नहीं कर पाएगा जो वह प्रत्यक्ष वार्ता में नहीं पा सका। उन्होंने कहा कि ईरान पूरी तरह तैयार है। दूसरी ओर ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर चेतावनी दी कि यदि ईरान समझौता अस्वीकार करता है तो बमबारी फिर शुरू होगी और पहले से कहीं अधिक तीव्र होगी। इस बीच, इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने ट्रम्प प्रशासन के अधिकारियों के साथ वार्ता कर बातचीत की प्रगति की जानकारी ली। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय ने कहा है कि वह ईरान और अमेरिका के बीच संभावित समझौते के संकेतों का स्वागत करता है, लेकिन मध्यस्थ होने के नाते वह बातचीत का विवरण सार्वजनिक नहीं करेगा। मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान युद्धविराम को स्थाई शांति में बदलने के प्रयास कर रहा है और यदि अगले दौर की वार्ता इस्लामाबाद में होती है तो यह उसके लिए सम्मान की बात होगी।

> ■ पिछले 24 घंटों में ईरान के साथ अच्छी बातचीत हुई है और समझौते की संभावना: ट्रम्प

> ■ ट्रम्प ने युद्ध 'जल्द' खत्म होने का जताया अनुमान

## नॉर्वे 'पैक्स सिलिका पहल' में हुआ शामिल

**वाशिंगटन।** महत्वपूर्ण खिनजों की आपूर्ति श्रृंखला को सुरक्षित करने और वैश्विक कृत्रिम बुद्धमत्ता पारिस्थितिकी तंत्र के निर्माण के उद्देश्य से विकसित अंतर्राष्ट्रीय गठबंधन 'पैक्स सिलिका' में नॉर्वे आधिकारिक तौर पर शामिल हो गया है। पैक्स सिलिका के सदस्य के रूप में नॉर्वे विविध महत्वपूर्ण खिनज आपूर्ति श्रृंखलाओं को विकसित करने में अग्रणी भूमिका निभाएगा। अमेरिका में नॉर्वे की राजदूत अन्निकेन हुइटफेल्ट ने वाशिंगटन डीसी में 'पैक्स सिलिका घोषणापत्र' पर हस्ताक्षर किए। इसके साथ ही नॉर्वे इस पहल में शामिल होने वाला 15वां देश बन गया है। इस गठबंधन में ऑस्ट्रेलिया, फिनलैंड, भारत, इजराइल, जापान, फिलीपींस, कतर, दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, स्वीडन, संयुक्त अरब अमीरात, ब्रिटेन और अमेरिका जैसे देश पहले से शामिल हैं।



कोलकाता। बारिश के दौरान छाता लेकर चलते लोग।

## ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ पर सशस्त्र बलों की वीरता की सराहना

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा ने 'ऑपरेशन सिंदूर' की वर्षगांठ पर गुरुवार को भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और बलिदान की सराहना की। उप राज्यपाल ने एक बयान में कहा कि आज जब हम ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ मना रहे हैं, हम वर्दीधारी उन पुरुषों और महिलाओं के प्रति श्रद्धापूर्वक नमन करते हैं, जिनके अटूट संकल्प और असाधारण साहस ने पहलगाम में निर्दोष नागरिकों को निशाना बनाने वाले दुश्मन को करारा जवाब दिया था। सिन्हा ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर संकल्प के साथ उकेरी गई एक ऐसी घोषणा है, जो यह बताती है कि हमारे बहादुर सशस्त्र बल किसी भी कीमत पर देश की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। उप राज्यपाल सिन्हा ने कहा कि यह भारत के दृढ़ संकल्प का प्रमाण है और हम आतंकवादी नेटवर्क को ध्वस्त करने तथा आतंकवाद मुक्त जम्मू-कश्मीर सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

## पाकिस्तान में पोलियो वायरस के पांच नए मामले आए सामने

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पोलियो वायरस एक बार फिर गंभीर सार्वजनिक स्वास्थ्य चुनौती बनता जा रहा है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, कराची के सीवेज और अन्य स्थानों से लिए गए पांच नमूनों में पोलियो वायरस की पुष्टि हुई है। इस घटनाक्रम ने स्वास्थ्य अधिकारियों की चिंता बढ़ा दी है। सिंध में आयोजित एक परामर्श बैठक के दौरान शहरयार मेमन ने बताया कि कराची में वायरस की मौजूदगी इस बात का संकेत है कि संक्रमण अब भी फैल रहा है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर कम संक्रमण वाले मौसम में भी वायरस का सक्रिय रहना बेहद चिंताजनक है और इसके लिए तत्काल सख्त कदम उठाने की जरूरत है। यह बैठक सिंध इंस्टीटट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ एंड नियोनेटोलाजी में आयोजित की गई थी, जिसमें यूनिसेफ, विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ), बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन, पाकिस्तान पीडियाट्रिक एसोसिएशन और पाकिस्तान मेडिकल एसोसिएशन सहित कई संस्थाओं के विशेषज्ञ शामिल हुए।

# 48 घंटे भी नहीं टिका ऑपरेशन प्रोजेक्ट फ्रीडम

## ट्रम्प को झटका, होर्मुज स्ट्रेट में फंसे 1600 जहाज, शिपिंग कंपनियों को हो रहा भारी नुकसान

**दुबई।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हाल ही में होर्मुज स्ट्रेट में फंसे जहाजों के ट्रांजिट के लिए प्रोजेक्ट फ्रीडम की शुरुआत की थी। हालांकि, अमेरिकी मीडिया ने बताया कि होर्मुज में 1600 के करीब जहाज फंसे हुए हैं और ट्रम्प का प्रोजेक्ट फ्रीडम 48 घंटे तक ही टिक पाया।

अमेरिकी मीडिया सीएनएन के अनुसार, लगभग 1600 जहाज अब भी होर्मुज स्ट्रेट के पास फंसे हुए हैं, शिपिंग कंपनियों को एक महंगी और जोखिम भरी स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। वे दो महीने से ज्यादा समय से पानी के रास्ते से निकलने का मौका ढूंढ रही हैं। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का जहाजों को स्ट्रेट से गाइड करने का ऑपरेशन सिर्फ 48 घंटे चला।

सिर्फ दो जहाजों को ही गाइड किया गया। अब, फिर से कंपनियां अकेले ट्रांजिट का रिस्क उठाने को तैयार नहीं हैं। जहाजों को जाने देने से कार्गो और स्टाफ दोनों को खतरा होगा। हाल ही में दक्षिण कोरिया के जहाज पर धमाके की जानकारी सामने आई थी, जिसे लेकर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया था कि ये हमला ईरान की तरफ से किया गया। हालांकि, ईरान की तरफ से अब इस मामले में आधिकारिक



> ■ राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का जहाजों को स्ट्रेट से गाइड करने का ऑपरेशन सिर्फ 48 घंटे चला

बयान सामने आया है। ईरान ने दक्षिण कोरिया के जहाज पर हमले से साफ इन्कार कर दिया है। दक्षिण कोरिया में ईरानी दूतावास की तरफ से जारी आधिकारिक बयान में कहा गया कि इस्लामिक रिपब्लिक आफ ईरान की दूतावास, होर्मुज स्ट्रेट में एक कोरियाई जहाज को नुकसान पहुंचाने वाली घटना में ईरान की सेना के शामिल होने के किसी भी आरोप को पूरी तरह से खारिज करती है और साफ तौर पर मना करती है। जब से अमेरिका और इजरायली सरकार ने ईरान के खिलाफ आक्रामक कार्रवाई की है, ईरान ने बार-बार इस बात पर जोर दिया है कि होर्मुज स्ट्रेट हमलावरों और उनके समर्थकों का मुकाबला करने में उसकी सुरक्षा का एक जरूरी हिस्सा है। ईरानी दूतावास ने आगे कहा कि इस मामले में इस अहम जलमार्ग से नेविगेशन पर असर सुरक्षा की बदलती स्थिति से पड़ा है और यह पहले के समय की स्थितियों से अलग है, क्योंकि यह इलाका दुश्मन ताकतों और उनके साथियों की कार्रवाइयों से पैदा होने वाले बढ़ते तनाव का सामना कर रहा है। इसलिए, होर्मुज स्ट्रेट से सुरक्षित गुजरने के लिए लागू नियमों का पूरा पालन करना, जारी की गई चेतावनियों पर ध्यान देना, तय रास्तों पर चलना और ईरान की सक्षम अधिकारियों के साथ तालमेल बिठाना जरूरी है। दक्षिण कोरिया में ईरानी दूतावास ने अपने बयान में आगे कहा, ष्यह साफ है कि ऐसे हालात में, सैन्य और सुरक्षा तनाव से प्रभावित माहौल में बताई गई जरूरतों और ऑपरेशनल हकीकतों को नजरअंदाज करने से अनचाही घटनाएं हो सकती हैं।

## ट्रम्प-रुबियो के विरोधाभासी बयानों से ईरान युद्ध पर बढ़ी अनिश्चितता

**वाशिंगटन।** ईरान को लेकर अमेरिका के भीतर अलग-अलग संकेत सामने आए हैं। विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने ऑपरेशन एपिक फ्यूरी को सफल बताते हुए वार्ता का संकेत दिया, जबकि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने समझौता न होने पर दोबारा सैन्य कार्रवाई की चेतावनी दी। ईरान के खिलाफ अमेरिका और इस्राइल के सैन्य अभियान ऑपरेशन एपिक फ्यूरी को लेकर अमेरिकी प्रशासन के भीतर ही अलग-अलग संकेत सामने आने लगे हैं। एक तरफ विदेश मंत्री मार्को रुबियो का कहना है कि अभियान अपने लक्ष्य हासिल करने के बाद समाप्त हो चुका है और अब वाशिंगटन वार्ता के जरिए समाधान चाहता है। दूसरी ओर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी है कि यदि ईरान प्रस्तावित समझौते पर सहमत नहीं हुआ तो सैन्य हमले फिर शुरू हो सकते हैं और उनकी तीव्रता पहले से अधिक होगी। इसी बीच होर्मुज जलमार्ग में जहाजों की सुरक्षा के लिए शुरू किया गया अमेरिकी मिशन प्रोजेक्ट फ्रीडम भी फिलहाल रोक दिया गया है।

## चीन के दो पूर्व रक्षा मंत्रियों को मौत की सजा

**बीजिंग।** चीन ने भ्रष्टाचार के मामलों में दो पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू और वेई फेंगहे को मौत की सजा सुनाई है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के मुताबिक, दोनों को पहले 2 साल जेल में रखा जाएगा। अगर वह दो साल तक कोई नया अपराध नहीं करता तो सजा को आजीवन कारावास में बदला जा सकता है।

ली शांगफू को पिछले साल अचानक पद से हटाया गया था, जबकि वेई फेंगहे भी सैन्य भ्रष्टाचार जांच के दायरे में आए थे। जिसके बाद दोनों को 2024 में चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी से निष्कासित किया गया था। यह कार्रवाई राष्ट्रपति शी जिनपिंग के भ्रष्टाचार विरोधी अभियान का हिस्सा है। पिछले कुछ वर्षों में चीन की सेना और रक्षा से जुड़े के कई वरिष्ठ अधिकारियों पर कार्रवाई की गई है। चीन के पूर्व रक्षा मंत्री ली शांगफू को पिछले साल अक्टूबर में अचानक पद से हटा दिया गया था। वे करीब दो महीने तक सार्वजनिक रूप से नजर नहीं आए थे, जिससे कई तरह की अटकलें शुरू हो गई थीं। अब पहली बार चीनी अधिकारियों ने आधिकारिक तौर पर स्वीकार किया है कि उनके खिलाफ भ्रष्टाचार से जुड़ी जांच चल रही थी। सैन्य अनुशासन जांच एजेंसी ने पाया कि ली ने गंभीर रूप से पार्टी अनुशासन और कानून का उल्लंघन' किया। उन पर बड़े पैमाने पर रिश्वत लेने, दूसरों को रिश्वत देने और पद का दुरुपयोग करने के आरोप लगाए गए हैं। रिपोर्ट में कहा गया कि ली की गतिविधियों से सेना के हथियार डेवलपमेंट और मिलिट्री इक्विपमेंट की इमेज को भारी नुकसान पहुंचा। चीन के पूर्व रक्षा मंत्री वेई फेंगहे पर रिश्वत लेने और अपने पद का गलत इस्तेमाल करने के आरोप लगाए गए हैं। चीन की सैन्य अदालत ने उन्हें भ्रष्टाचार का दोषी माना है।

> ■ भ्रष्टाचार मामले में वेई फेंगहे और ली शांगफू दोषी करार, पूरी प्रापर्टी भी जब्त

# बांग्लादेश की तीसता परियोजना में चीन की एंट्री

## ढाका-बीजिंग की बढ़ती साझेदारी पर भारत की नजर

**बीजिंग।** बांग्लादेश की नई सरकार ने तीस्ता नदी परियोजना को लेकर चीन का समर्थन औपचारिक रूप से मांग लिया है। यह कदम भारत और बांग्लादेश के रिश्तों पर असर डाल सकता है।

बुधवार को बीजिंग में बांग्लादेश के विदेश मंत्री खालिलुर रहमान और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच हुई बैठक में तीस्ता रिवर काम्प्रिहेंसिव मैनेजमेंट एंड रिस्टोरेशन प्रोजेक्ट पर चर्चा हुई। तीस्ता नदी पूर्वी हिमालय से निकलकर सिक्किम और पश्चिम बंगाल से गुजरते हुए बांग्लादेश में प्रवेश करती है। यह नदी बांग्लादेश में सिंचाई और लाखों लोगों की आजीविका का प्रमुख स्रोत मानी जाती है। बैठक में वांग यी ने नई बांग्लादेश सरकार के प्रति चीन का समर्थन जताते हुए कहा कि चीन, बेल्ट एंड रोड सहयोग को बांग्लादेश की विकास रणनीतियों के साथ जोड़ने और आर्थिक, बुनियादी ढांचे व लोगों के बीच संपर्क जैसे पारंपरिक क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि चीन बांग्लादेश में निवेश के लिए अपनी कंपनियों को भी प्रोत्साहित करेगा। चीनी विदेश मंत्रालय की ओर से जारी बयान में कहा गया कि चीन का बांग्लादेश और दक्षिण एशिया के अन्य देशों के साथ संबंध किसी तीसरे पक्ष को निशाना बनाकर नहीं बनाए जा रहे हैं और न ही किसी तीसरे पक्ष के कारण प्रभावित होने चाहिए। तारीक रहमान के नेतृत्व वाली नई सरकार के सत्ता में आने के बाद विदेश मंत्री खालिलुर रहमान की यह पहली चीन यात्रा है। वह 5 मई को चीन पहुंचे थे और गुरुवार को लौटने वाले हैं। इससे पहले पिछले महीने उन्होंने भारत का भी दौरा किया था। उनकी भारत यात्रा पर बीजिंग की करीबी नजर थी, क्योंकि शेख हसीना सरकार के पतन के बाद मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाले अंतरिम प्रशासन के दौरान बांग्लादेश के चीन और पाकिस्तान के करीब जाने से ढाका और नई दिल्ली के संबंधों में तनाव देखा गया था। चीन लंबे समय से तीस्ता परियोजना में रुचि दिखाता रहा है। यह परियोजना भारत के संवेदनशील सिलीगुड़ी कारिडोर के पास स्थित है, जो पूर्वोत्तर राज्यों को देश के मुख्य भूभाग से जोड़ता है। इसी पृष्ठभूमि में भारत ने 2024 में तीस्ता बेसिन के लिए तकनीकी और संरक्षण सहायता की पेशकश की थी, ताकि सीमा पार नदी प्रबंधन को लेकर ढाका के साथ सहयोग मजबूत किया जा सके।



> ■ रिश्तों पर असर डाल सकता है बांग्लादेश का कदम

## कनाडा को छोड़ अलग देश बन सकता है अल्बर्टा

**ओटावा।** कनाडा के पश्चिमी प्रांत अल्बर्टा को अलग देश बनने की मांग और ज्यादा तेज हो गई है। अलगाववादियों ने बुधवार को दावा किया है कि उन्होंने इतना समर्थन जुटा लिया है कि अब स्वतंत्रता पर जनमत संग्रह (रेफरेंडम) कराया जा सकता है। अलगाववादी नेताओं के मुताबिक, उन्होंने करीब 3 लाख हस्ताक्षर चुनाव अधिकारियों को सौंपे हैं, जबकि इसके लिए 1.78 लाख दस्तखत की जरूरत थी।

आंदोलन के नेता मिच सिलवेस्ट्रे ने इसे ऐतिहासिक दिन बताया और कहा कि अब यह लड़ाई अगले चरण में पहुंच गई है। हालांकि इतना समर्थन जुटा लेने का मतलब यह नहीं है कि रेफरेंडम पक्का हो गया है। चुनाव आयोग को पहले इन हस्ताक्षरों की जांच करनी होगी। इस प्रक्रिया पर फिलहाल अदालत के आदेश की वजह से रोक भी लगी हुई है। अगर वोटिंग अल्बर्टा के पक्ष में गई तो यह प्रांत कनाडा को छोड़ अलग देश बन सकता है। अल जजीरा के मुताबिक, अगर सभी कानूनी अड़चनें दूर हो जाती हैं, तो प्रांत में 19 अक्टूबर को प्रस्तावित बड़े जनमत संग्रह के साथ अलगाव पर भी वोटिंग कराई जा सकती है। उसी दिन संविधान और इमिग्रेशन जैसे दूसरे मुद्दों पर भी मतदान की योजना है। अगर यह प्रस्ताव वोटिंग तक पहुंचता है, तो लोगों से सीधा सवाल पूछा जाएगा कि क्या अल्बर्टा कनाडा से अलग होकर एक स्वतंत्र देश बनना चाहिए। लेकिन सर्वे बताते हैं कि अभी सिर्फ करीब 30 प्रतिशत लोग ही इसके समर्थन में हैं, यानी जनमत संग्रह पास होना भी आसान नहीं है।

> ■ मांग तेज हुई, अक्टूबर में वोटिंग संभव, अलगाववादियों ने तीन लाख हस्ताक्षर जुटाए

यौन समस्याएं
यौन समस्याओं के विशेषज्ञ
पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें
डा. सम्राट
नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।
नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)
M-9412211108

## अमेरिकी अदालत से भारतीय मूल के विशेषज्ञ एशले को बड़ी राहत

**वाशिंगटन।** भारतीय मूल के विशेषज्ञ एशले जे. टेलिस के खिलाफ चल रहे जासूसी कानून से जुड़े मामले में अमेरिकी अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। वर्जीनिया की एक संघीय अदालत ने तकनीकी कानूनी आधार पर यह मामला खारिज कर दिया। अदालती आदेश में कहा गया कि याचिका स्वीकार की गई और मामला बिना किसी पूर्वाग्रह के खारिज किया गया।

अमेरिका के वर्जीनिया स्थित यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट के जज माइकल एस. नाचमैनाफ ने 16 अप्रैल को टेलिस की याचिका स्वीकार करते हुए केस को खारिज करने का आदेश दिया। अदालत ने माना कि अभियोजन पक्ष ने गलत कानूनी प्रावधान के तहत आरोप लगाए थे। टेलिस अमेरिका की विदेश नीति, राष्ट्रीय सुरक्षा और इंडो-पैसिफिक मामलों के जाने-माने विशेषज्ञ माने जाते हैं। उन पर आरोप था कि उन्होंने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े गोपनीय दस्तावेज अपने निजी घर में रखे थे। अभियोजन पक्ष के मुताबिक टेलिस ने अमेरिकी विदेश विभाग और रक्षा तंत्र से जुड़े वरिष्ठ पदों पर काम करते हुए कई संवेदनशील दस्तावेज अपने पास रखे। सरकार की ओर से दायर आरोप पत्र में कहा गया था कि टेलिस ने राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी 11 गोपनीय फाइलें अपने निजी निवास पर हार्ड कापी और डिजिटल फार्म में रखीं। अभियोजन पक्ष ने आरोप लगाया कि उन्होंने अपनी उच्चस्तरीय पहुंच का फायदा उठाकर सुरक्षित सरकारी कार्यस्थलों से राष्ट्रीय रक्षा से जुड़ी जानकारी बाहर निकाली और उसे निजी तौर पर संग्रहीत किया। हालांकि टेलिस की कानूनी टीम ने अदालत में दलील दी कि सरकार ने जासूसी अधिनियम की गलत धारा के तहत मामला दर्ज किया।

> ■ जे. टेलिस के खिलाफ चल रहा जासूसी कानून का मामला खारिज किया

उ.प्र. शासन एवं उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
प्रदेश के निजी क्षेत्र में संचालित संस्थाओं में होम्योपैथिक भैषजिक (फार्मासिस्ट) के दो वर्षीय प्रशिक्षण पाठ्यक्रम हेतु डिप्लोमा इन होम्योपैथिक फार्मेसी
प्रवेश परीक्षा 2026-27
महर्षि चरक पैरा मेडिकल कॉलेज
देवबन्द जिला सहारनपुर (उ०प्र०) सीटें 100
मो. 9368119199, 7983332502
शैक्षिक योग्यता एवम शर्तें-इंटर मीडिएट विज्ञान वर्ग अथवा मान्यता प्राप्त समकक्ष योग्यता इण्टर मीडिएट परीक्षा में सम्मिलित छात्र भी पात्र होगे अभ्यर्थी को उत्तर प्रदेश का मूल निवासी होने का प्रमाण-पत्र सक्षम प्राधिकारी से जारी देना होगा। अभ्यर्थी की आयु 31 अगस्त 2026 को 17 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। अन्य विस्तृत जानकारी एवं आवेदन पत्र प्रशिक्षण केन्द्रो से या वेबसाईट www.mcgcdeoband.com के द्वारा दिनाँक 31 मई 2026 सायं 5.00 बजे तक 500.00 (परीक्षा शुल्क सहित) नकद अथवा डी.डी. के माध्यम से जमा कर प्राप्त कर सकते हैं।
प्रवेश परीक्षा 2026-27 डी.एच.पी. (संयोजक)
महर्षि चरक पैरा मेडिकल कॉलेज देवबन्द जिला सहारनपुर (उ०प्र०)

देश/विदेश से एम.बी.बी.एस, एवं स्टडी वीजा के लिए सम्पर्क करें
• रशिया • जॉर्जिया • कजाखस्तान • किर्गिज़स्तान • उज्बेकिस्तान • बांग्लादेश • नेपाल • चाईना • ईरान • इजिप्ट • यू.के. • कनाडा • यू.एस.ए.
और भी देशों से
Since 2010
अन्जुम कलीम (एम.डी.) 8384872313 9457439020
M.B.B.S./M.D.
BDS, BAMS, BUMS, BEMS
Abroad Admission & Counselling For India
•Top Govt. Universities.
•MCI, WHO Approved Universities.
•Indian Hostel & Mess Available.
•Lowest Price Packages.
•Boys/Girls Hostels Are Separates Available.
अपना एम.बी.बी.एस. 25 से 27 लाख में पूरा करें
जिसमें ट्यूशन फीस, हॉस्टल फीस, खाना 3 टाईम (वेज/नॉनवेज), वीजा एक्सटेंशन, इंश्योरेंस, मेडिकल, ट्रांसपोर्टेशन, लॉन्डरी, एफ.एम.जी. ई. कॉचिंग, 15 इंडियन बेस्ट फैकल्टी के द्वारा दी जा रही है
471 बच्चें जनवरी एफ.एम.जी.ई. एक्जाम में पास हुऐ (अन्य कोई खर्चा नहीं)
www.mbbsbijnor.com
ADD : MBBS ABROAD CONSULTANCY, MOIN KA CHAURAHA, CHAHSHIREEN JAMA MASJID, B-21, BIJNOR (U.P)